खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 10°C

लखनऊ, रविवार 16 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 11 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार चुनाव नतीजे स्ट्राइक रेट अविश्वसनीय: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों को अभूतपूर्व, अविश्वसनीय और संदिग्ध बताते हुए कहा है कि इस बारे में डाटा एकत्र कर सभी पहलुओं की गहनता और ठोस सबूतों के साथ व्यापक पड़ताल की जाएगी। बैठक में राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन भी मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर शनिवार को इस बारे में वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई, जिसमें कहा गया है कि बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम एकपक्षीय रहे हैं और इसे देखते हुए सवाल उठने लाजमी हैं। उनका कहना था कि चुनाव परिणामों को लेकर गहन पड़ताल की आवश्यकता है। इसलिए इस पूरे प्रकरण की जांच होगी और इससे जुड़े काम दो सप्ताह के भीतर शुरू कर दिए जाएंगे।

### सियासत से अलग हुई लालू की बेटी रोहिणी आचार्य


**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। यह वही बात है, जो संजय यादव और रमीज़ ने मुझसे कहने को कहा था।

# बिहार ने सांप्रदायिकता का जहर ठुकराया: मोदी

**सूरत, वार्ता**

**पीएम मोदी ने** सूरत में बिहार के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया।

पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए। इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं देश का पहला पीएम हूं, जो भगवान बिरसा मुंडा के घर गया था। उनके परिवार के लोगों के साथ मेरा मिलना जारी है। उन्होंने आगे कहा कि देश में 6 दशक तक राज करने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों को उनके हाल पर छोड़ा था। यहां कुपोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा का अभाव रहा। पीएम ने इससे पहले सूरत में बन रहे मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का जायजा लिया। इसके बाद नर्मदा जिले के डेडियापाडा पहुंचे और देवमोगरा मंदिर में पंडोरी माता की पूजा की। मोदी ने कहा कि एनडीए ने हमेशा आदिवासी समाज के लोगों ने शीर्ष पदों पर बिठाया है। छत्तीसगढ़ के सीएम राज्य का कायाकल्प कर रहे हैं। उड़ीसा सीएम जनजातीय समाज के हमारे माझी जी उड़ीसा का विकास कर रहे हैं। हमने कई राज्यों में आदिवासी सीएम दिए। भाजपा ने कई राज्यों में आदिवासी को जगह दी। मंगूभाई पटेल एमपी के राज्यपाल हैं। सोनोवाल जी शिपिंग मिनिस्ट्री संभाल रहे हैं। भीड़ में मौजूद बच्ची की लाई पेंटिंग एसपीजी जवानों से लेने को कहा कि साथ ही बच्चे से कहा- मैं आपको चिट्ठी लिखूंगा।



**जमानती नेताओं ने चुनाव में इसे खूब फैलाया लेकिन लोगों ने इसे नकार दिया**

**पीएम ने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया**

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में बंगाल से MBBS छात्र गिरफ्तार

**कोलकाता।** बीते दिनों दिल्ली में लालकिले के पास हुए धमाके के मामले में एनआईए ने जांच तेज कर दी है। इसके तहत जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से एक एमबीबीएस छात्र जानिसुर उर्फ निसार आलम को आतंक संगठनों से कथित संबंधों के शक के आधार पर गिरफ्तार किया है।

# फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक से श्रीनगर थाने में धमाका, नौ की मौत, 32 घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11.22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गई है, 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और एसकेआईएमएस सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉडयूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्राफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है। दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डा. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। 10 नवम्बर को दिल्ली में लालकिला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी। नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए ब्लास्ट में मारे गए दर्जी मोहम्मद शफी पैरी को शनिवार को दफनाया गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर ब्लास्ट में थाने की आसपास की जिन भी -**शेष पृष्ठ दो पर**



**मृतकों में एक इंस्पेक्टर, तीन फॉरेंसिक टीम मेंबर, दो क्राइम ब्रांच फोटोग्राफर, दो राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल**

**व्हाइट कॉलर आतंकी मॉडयूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में जोरदार ब्लास्ट हुआ**

### नौगाम थाने में विस्फोट दुर्घटनावश हुआ: गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात हुए विस्फोट को दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना बताते हुए कहा है कि यह जब्त किये गये विस्फोटक पदार्थों और रसायनों को परीक्षण के लिए भेजे जाने से पहले हुआ जिसके कारणों की जांच की जा रही है और इसे लेकर अनावश्यक अटकलें नहीं लगाई जानी चाहिए।

# 200 डाक्टर और मेडिकल छात्र रडार पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से जुड़े लगभग 200 डाक्टर और मेडिकल छात्र रडार पर हैं। जैश-ए-मोहम्मद की महिला रिक्रूटर डा. शाहीन के नेटवर्क से उनके संबंधों की जांच हो रही है।

दिल्ली बम ब्लास्ट की जांच आगे बढ़ रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने लिस्ट तैयार की है और एक एक कर सबसे पूछताछ की जा रही है। मामले के तार कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के साथ साथ विदेशों से भी जुड़े हैं। सूत्रों के अनुसार, इन डाक्टरों और छात्रों के डा. शाहीन, डा. उमर मोहम्मद से और अन्य आरोपियों से संपर्क रहे हैं और यह जांच की जा रही है कि जा रही है कि कहीं यह व्हाइट कालर मॉड्यूल का हिस्सा तो नहीं। उत्तर प्रदेश के

**लिस्ट तैयार, एक-एक कर सबसे होगी पूछताछ**

करीब 200 डाक्टर एजेंसियों के रडार पर हैं। गिरफ्तार होने वाली महिला डाक्टर शाहीन ने पाकिस्तान समेत कई देशों में नेटवर्क बनाया था। उसके संपर्क में पाकिस्तान सेना के डाक्टर समेत कश्मीरी मूल के कई और डाक्टर और छात्र थे। यूपी में काम करने वाले कश्मीरी मूल के करीब 200 डाक्टर और मेडिकल स्टूडेंट एजेंसियों के रडार पर हैं। सूत्रों से खुलासा हुआ है कि डाक्टर शाहीन लगातार यूपी में काम करने वाले 30 से 40 डाक्टर के संपर्क में थी। शाहीन वह महिला है, जिसे जैश-ए-मोहम्मद का हिंदुस्तान में महिला विंग का रिक्रूटर माना जा रहा है।






CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### मनोज कुमार सिंह बने राज्य ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को तीन साल के लिए राज्य ट्रांसफॉर्मेशन कमिशन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी का विशेष दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य योजना आयोग1 की अधिसूचना के अनुसार मनोज कुमार सिंह को आयोग में कार्यभार ग्रहण करने के लिए नामित किया गया है। आदेश के मुताबिक उन्हें पूर्व कार्यकारी अनुभव को आधार मानते हुए तीन साल तक मुख्य कार्यकारी स्तर पर सेवाएं देने के लिए अधिकृत किया गया है। इस अवधि में उन्हें वेतन तथा नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### मादक पदार्थों के तस्कर की इमारत को किया ध्वस्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को उधमपुर जिला में मादक पदार्थों के एक कुख्यात तस्कर की करोघें रुपये की इमारत को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि चेनानी तहसील के नरसू निवासी माखन दीन नामक मादक पदार्थ तस्कर की इमारत को ध्वस्त कर दिया गया है। माखन दीन एक आदतन अपराधी है और विभिन्न मामलों में संलिप्त पाया गया है। नशीले पदार्थों की तस्करी में लगातार संलिप्तता के कारण उसे पीआईटी एनडीपीएस के तहत भी हिरासत में लिया गया था और वर्तमान में वह जम्मू के कोट भलवाल केंद्रीय कारागार में बंद है। पुलिस ने बताया कि जांच अधिकारी ने पाया कि माखन दीन ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर नरसू चेनानी में राष्ट्रीय राजमार्ग द्धएनएचत्र्ञ 44 पर करोड़ों रुपये की पांच व्यावसायिक संपत्तियां और एक आवासीय संपत्ति का निर्माण किया था।

# फैसलों में मिश्रित हिन्दी-अंग्रेजी के प्रयोग पर आपत्ति

**प्रयागराज, वार्ता**

■ हाईकोर्ट ने कहा- ट्रायल कोर्ट हिंदी या अंग्रेजी में लिखें फैसले, न हों दोनों भाषाओं का मिश्रण

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने परीक्षण न्यायालयों (ट्रायल कोर्ट) के फैसलों में हिंदी-अंग्रेजी मिश्रित भाषा के प्रयोग पर आपत्ति जताई है। कोर्ट ने कहा है कि फैसले पूरी तरह से हिंदी या अंग्रेजी में हों।

मिश्रित भाषा में फैसले लिखना पूरी तरह से गलत और अस्वीकार्य है। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा और न्यायमूर्ति अजय कुमार द्वितीय की खंडपीठ ने आगरा की सत्र अदालत के 54 पन्नों के फैसले को अवांछनीय परंपरा का अभूतपूर्व उदाहरण बताया। साथ ही इस आदेश की प्रति मुख्य न्यायाधीश को भेजने और प्रदेश के सभी न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हिंदी भाषी राज्य में फैसलों को हिंदी में लिखने का उद्देश्य यह है कि सामान्य वादी-प्रतिवादी भी अदालत की बात और उसके तर्क को समझ सके। यदि निर्णय का आधा हिस्सा अंग्रेजी और आधा हिंदी में होगा, तो आम हिंदी भाषी व्यक्ति फैसले का अभिप्राय समझ नहीं पाएगा। अदालत ने पाया कि संबंधित फैसले में 199 पैरा में से 63 अंग्रेजी, 125 हिंदी और 11 में दोनों भाषाओं के मिले-जुले शब्द थे। कुछ पैरा तो ऐसे थे, जिनमें आधा वाक्य हिंदी और आधा अंग्रेजी में लिखा गया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि निर्णय हिंदी में लिखा जा रहा हो, तो उच्च न्यायालय या सुप्रीम कोर्ट के अंग्रेजी उद्धरण को कोट करना उचित है, लेकिन इसका हिंदी अनुवाद भी जरूर दिया जाए। वहीं अंग्रेजी भाषा में लिखे निर्णय में हिंदी में दर्ज मरने से पहले के बयान (डाइंग डिक्लेरेशन) को जस का तस लिखा जा सकता है। मामला आगरा के बरहन थाना क्षेत्र का है। ट्रायल कोर्ट ने 2021 में दहेज हत्या के मामले में पति रवि को बेगुनाह करार देते हुए बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ मृतका अंकिता के पिता वेद प्रकाश त्यागी ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर मुहर लगाते हुए अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि मृतका की मौत विवाह के सात वर्ष के भीतर जरूर हुई थी और विषाक्तता से हुई थी, लेकिन दहेज की मांग से जुड़ीं क्रूरताओं का कोई ठोस प्रमाण रिकॉर्ड पर नहीं आया। गवाहों के बयान भी परस्पर विरोधी पाए गए। साथ ही पति द्वारा पत्नी को अस्पताल ले जाना, खर्च वहन करना और अंतिम संस्कार करना उसके सद्भावपूर्ण आचरण को दर्शाता है। साक्ष्यों के अनुसार अभियोजन मृत्यु से ठीक पहले क्रूरता या उत्पीड़न साबित करने में विफल रहा।

### अपर्याप्त कोष के आधार पर जीपीएफ का भुगतान न करने पर कोर्ट हैरान

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक सेवानिवृत्त सहायक अध्यापिका की सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) का भुगतान श्कोष की अपर्याप्तताश् के आधार पर रोके जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वित्त एवं लेखा अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आगरा का वेतन तत्काल प्रभाव से तब तक के लिए रोक दिया जाए, जब तक कि याची के जीपीएफ राशि का ब्याज सहित भुगतान नहीं हो जाता। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की एकलपीठ ने मीना कुमारी शर्मा की याचिका पर दिया है। याची 31 मार्च 2023 को सहायक अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। उन्हें अभी तक जीपीएफ (37 लाख 27 हजार 9 सौ 66 रुपये) का भुगतान नहीं किया गया है। इसे लेकर उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

# आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर कांग्रेस को दिया जवाब

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची में तीन लाख नए नाम जोड़ने संबंधी कांग्रेस के सवाल पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि मतदान से दस दिन पहले तक सूची में नए नाम जोड़ने का नियम है और उसी के तहत 30 सितम्बर की सूची के मुकाबले छह अक्टूबर की मतदाता सूची में तीन लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं।

आयोग ने एक सप्ताह के भीतर मतदाता सूची में तीन लाख नए जाड़ने को लेकर कांग्रेस के सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि आयोग के नियमों में मतदान से दस दिन पहले तक यदि कोई मतदाता नाम जोड़ना चाहता है, तो उसे मतदाता सूची में जोड़ने का विधान है। आयोग ने कहा है कि बिहार में अतिरिक्त तीन लाख मतदाताओं के बढ़ने को लेकर कांग्रेस ने जो सवाल उठाया है उस पर स्पष्टीकरण देना जरूरी है। चुनाव आयोग के अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 6 अक्टूबर को प्रेस नोट में बिहार में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ और मतदान के बाद की विज्ञप्ति में 7.45 करोड़ बताई है। कांग्रेस ने अतिरिक्त तीन लाख वोटरों को बढ़ने को लेकर जो सवाल उठाए हैं उन पर स्पष्टीकरण जरूरी है। आयोग ने कहा कि छह अक्टूबर को बताई गई 7.42 करोड़ निर्वाचकों की संख्या, 30 सितम्बर को निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित थी।

# अतीक के गुर्गों से मुक्त कराई गई 48 बीघा सरकारी जमीन

**प्रयागराज, वार्ता**

■ जमीन की कीमत करीब 80 करोड़ रुपये बताई जा रही

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मृतक अतीक अहमद के गुर्गों के द्वारा कब्जे से 48 बीघा सरकारी जमीन मुक्त करा ली गई है। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के नसीरपुर सिलना गांव में अतीक के गुर्गों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया हुआ था, जिसको आज शनिवार को एसडीएम सदर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुक्त कराया गया।

इस जमीन को अब ग्रामसभा के नाम पर दर्ज कराया जाएगा। अतीक अहमद के गुर्गों से कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की कीमत करीब 80 करोड़ रुपये बताई जा रही है। नसीरपुर सिलना की खतौनी 1428-33 फसली वर्ष की आराजी संख्या 29 रकबा 1-7010 श्रेणी 3 के रूप में दर्ज मिलने की जांच कराई गई। उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था नियमावली 1952 के नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए एसडीएम सदर ने मौजा नसीरपुर सिलना परगना व तहसील सदर में दर्ज को 14 गाटे को चिन्हित किया, जिनका कुल रकबा 8-7550 हेक्टेयर यानि कुल 38 बीघा जमीन पर कब्जा पाया गया था।

इस पूरी जमीन से खातेदारों के नाम निरस्त ग्राम सभा के नाम पर दर्ज कराया गया, जमीन अवैध कब्जे से मुक्त करने के बाद तहसीलदार सदर के जरिए राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को भूमि की सुरक्षा का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है। सरकारी जमीन पर अतीक के करीबी अमानुल्ला, इश्तियाक अहमद, एकबाल अहमद, गुलाम गौस, एकलाख अहमद व मोहम्मद बिटनिया के नाम पर दर्ज है।

## बिहार में महागठबंधन के फ्लाप होने पर उठे गंभीर सवाल

# समाजवादी पार्टी को लेना होगा बड़ा सबक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ भाजपा की रणनीति पर गहराई से गौर करना होगा वहीं कांग्रेस से दोस्ती पर मंथन भी जरूरी हुआ

■ अखिलेश यादव ने बिहार में महागठबंधन की हार के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया

**लखनऊ।** बिहार में महागठबंधन के फ्लाप होने पर सपा को भी इससे सबक लेना होगा। भाजपा की रणनीति पर जहां गहराई से गौर करना होगा, वहीं कांग्रेस से दोस्ती पर मंथन भी जरूरी है। बिहार के नतीजों के बाद सपा के अंदर से ही ये बातें उठने लगी हैं। हालांकि सपा नेतृत्व ने बिहार के नतीजों के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया है।

उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनी. ति के जानकार कहते हैं कि भाजपा दोतरफा मार कर रही है। एक, मुफ्त में लाभ वाली योजनाओं पर उसका जोर है, तो दूसरा विपक्षी पार्टियों पर कानून-व्यवस्था को लेकर चोट कर रही है। सपा को इन दोनों बातों को ध्यान में रखना होगा। उसे खुलकर कहना होगा कि जो कानून के साथ, पार्टी उनके साथ। बिहार चुनाव में भाजपा नेतृत्व ने लालू राज की अराजकताओं को याद दिलाकर वोटरों को अपने पक्ष में करने में सफलता हासिल की। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ काफी असहज स्थिति रही। कई जगह पर दोनों दल आमने-सामने आ गए। अधिकांश राज्यों में कांग्रेस का न संगठन बचा है और न ही जनाधार, जबकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अधिकांश राज्यों में कांग्रेस का न संगठन बचा है और न ही जनाधार। बिहार चुनाव ने एक बार फिर इसे साबित कर दिया। अब यह दीगर है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को लेकर यही बात नहीं कही जा सकती है। इसलिए उत्तर प्रदेश के लिए अपनी रणनीति तय करते समय कांग्रेस को लेकर सपा नेतृत्व को इन बातों को ध्यान में रखना होगा। पूर्व में रहीं सपा सरकारों के काम जनता के मन में पार्टी के लिए सकारात्मक भाव पैदा कर सकते हैं, लेकिन कानून-व्यवस्था के सवाल पर चुनाव से पहले जनता का भरोसा जीतना सपा के लिए भी किसी चुनौती से कम नहीं होगा। जानकार कहते हैं कि विगत लोकसभा चुनाव में सपा बेहतर परिणाम देकर खुद की रणनीति की सफलता साबित कर चुकी है, लेकिन ध्यान रखना होगा कि कानून- व्यवस्था लोकसभा चुनाव का नहीं, बल्कि राज्यों के चुनाव का विषय ज्यादा होता है। बिहार में राजद ने जितनी सीटें जीतीं, उसमें सपा का 16 प्रतिशत योगदान रहा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 25 विधानसभा क्षेत्रों में आठ दिन लगातार जनसभाएं कीं। इसमें से महज चार सीटों पर ही राजद जीती। शेष 21 सीटों पर एनडीए की आंधी चली।

### बिहार विधानसभा चुनाव ने मायावती को फिर दिया झटका

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है। बिहार में बसपा को केवल एक सीट पर विजय मिली है, जिसने पार्टी को सो. चने पर मजबूर कर दिया है। बिहार में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बसपा के सतीश कुमार सिंह यादव और भाजपा के अशोक कुमार सिंह के बीच कांटे की टक्कर में, बसपा उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी से मात्र 30 वोटों से जीत हासिल की। इस बार बिहार में बसपा ने जिन 192 सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से रामगढ़ एकमात्र सीट है, जिस पर उसने जीत हासिल की। सतीश यादव को 72,689 वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार को 72,659 वोट मिले। हालांकि मतगणना के दिन यादव शुरू से ही बढ़त बनाए हुए थे, लेकिन अंतर कम होता गया। मतगणना के दूसरे-आखिरी दौर तक, यादव केवल 175 वोटों से आगे थे। इस सीट का अंतिम परिणाम शुक्रवार देर रात घोषित किया गया, क्योंकि मतगणना का आखिरी दौर असामान्य रूप से लंबा चला।



सेंसेक्स 84466.51
निफ्टी 25875.80



सोना रु. 125980
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 160100
प्रति किलो



# जेम्स और आभूषणों का निर्यात अक्टूबर में 31 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली, वार्ता**



अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के बाद अक्टूबर में भारत से जेम्स और आभूषणों के निर्यात में करीब 31 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई।

जेम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) के अनुसार अक्टूबर 2025 में देश का जेम्स और आभूषण निर्यात 216.81 करोड़ डॉलर (19,172.89 करोड़ रुपये) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 312.25 करोड़ डॉलर (26,237.1 करोड़ रुपये) के मुक. ाबले 30.57 प्रतिशत कम है। इसी तरह, आयात 19.2 फीसदी घटकर 127.68 करोड़ (11,299.6 करोड़ रुपये) रहा। जीजेईपीसी ने बताया कि अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे प्रमुख बाजारों में सुस्त आर्थिक वृद्धि, उच्च ब्याज दर, सतर्क उपभोक्ता खर्च और वैश्विक अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। इसके अलावा सोने और हीरे की कीमतों में उतार-चढ़ाव, सीमित वित्तपोषण और प्रयोगशालाओं में बने हीरों के कारोबार में समायोजन भी निर्यात-आयात को प्रभावित कर रहे हैं।

काउंसिल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कट और पॉलिश हीरे का निर्यात अक्टूबर में 27 प्रतिशत घटकर 102.60 करोड़ डॉलर रह गया। आयात में भी सालाना आधार पर 35.76 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 13.30 करोड़ डॉलर रहा। रफ डायमंड्स का आयात अप्रैल-अक्टूबर 2025 में 6.57 प्रतिशत घटकर 645.16 करोड़ डॉलर हो गया। प्रयोगशाला में तैयार पॉलिश हीरे का निर्यात अक्टूबर में 34.9 फीसदी घटकर 9.44 करोड़ डॉलर रह गया। अप्रैल-अक्टूबर में कुल निर्यात 12.95 प्रतिशत घटा और 68.12 करोड़ डॉलर रहा। सोने के आभूषणों की बात करें, तो अक्टूबर में सामान्य सोने के आभूषणों का निर्यात 38.95 फीसदी घटकर 28.91 करोड़ रुपये रहा। इसमें अप्रैल-अक्टूबर में 29.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। सोने के जड़ित आभूषणों के निर्यात में अमे. रिकी टैरिफ के कारण अक्टूबर में 21.4 प्रतिशत की कमी देखी गई। चांदी के आभूषणों का निर्यात अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 71.78 करोड़ डॉलर रहा। यह पिछले वर्ष के 65.30 करोड़ डॉलर से 9.93 प्रतिशत अधिक है।

### यूपी में अब तक 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शनिवार तक धान क्रय केंद्रों से 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की सरकारी खरीद की जा चुकी थी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि धान खरीद की नियमित समीक्षा हो रही है। आंकड़ों के मुताबिक शनिवार दोपहर तक धान खरीद सत्र में पंजीकृत होने वाले किसानों की संख्या 3.93 लाख पार कर गई। वहीं अब तक 3.12 लाख मीट्रिक टन की भी खरीद हो चुकी है। सरकार ने 4000 धान क्रय केंद्र का लक्ष्य रखा था, जिससे आगे बढ़ते हुए किसानों की सुविधा के लिए 4143 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं धान लेकर पहुंच रहे किसानों के लिए क्रय केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। खाद व रसद विभाग के मुताबिक शनिवार दोपहर तक 53,330 किसानों से 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं धान खरीद विपणन सत्र 2025-26 के लिए 3,93,389 किसानों ने शनिवार तक पंजीकरण भी करा लिया है। सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि 4143 धान क्रय केंद्र भी स्थापित हो चुके हैं।

# चावल, गेहूं, चीनी, दालें सस्ती, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालें भी सस्ती हुईं। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

चावल की औसत कीमत 37 रुपये घटकर 3,818.29 रुपये प्रति क्विंटल पर रह गई। गेहूं भी 14 रुपये गिरकर 2,857.13 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में दो रुपये की नरमी रही और यह 3,312.86 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में आज घट-बढ़ देखी गई। मूंगफली तेल की औसत कीमत 212 रुपये और वनस्पति की 74 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं सरसों तेल 34 रुपये और सोया तेल 38 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त में रहा। पाम ऑयल की कीमत 21 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 27 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 93 रुपये और चना दाल की 60 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल 26 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। तुअर दाल के दाम भी 123 रुपये प्रति क्विंटल घटे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7857.75 रुपये, मसूर काली 8098.83 रुपये, मूंग दाल 10089.10 रुपये, उड़द दाल 10372.10 रुपये, तुअर दाल 10506.18 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.13 रुपये और चावल 3818.29 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़: चीनी एस 4325.08 रुपये और गुड़ 5009.40 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17764.83 रुपये, मूंगफली तेल 17490.10 रुपये, सूरजमुखी तेल 15678 रुपये, सोया तेल 13767.49 रुपये, पाम ऑयल 12487.72 रुपये और वनस्पति 14430.48 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# आगरा में सुरक्षा एजेंसियों ने मॉकड्रिल से परखे सुरक्षा इंतजाम

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कैप्टन शुभम गुप्ता मेट्रो स्टेशन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। शुक्रवार की रात में मॉकड्रिल में दिखाया गया कि एक संदिग्ध व्यक्ति मेट्रो स्टेशन के अंदर विस्फोट के इरादे से विस्फोटक सामान लेकर घुसा है। मौके पर मौजूद एसएसएफ के जवान ने स्टेशन सुरक्षा प्रभारी को सूचना दी उसके बाद मेट्रो स्टेशन पर हाई अलर्ट कर दिया गया।

एसएसएफ की क्यूआरटी टीम एक्शन में आई और छह टीमें बना कर मेट्रो स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान एक व्यक्ति को सांकेतिक रूप से गिरफ्तार करके पुलिस को सौंपा जिसके पास प्रतीकात्मक विस्फोटक सामान था। करीब एक घंटे तक इस तरह से मॉकड्रिल की गई। दरअसल दिल्ली में लाल किला के नजदीक हुए ब्लास्ट के मद्देनजर पूरे देश में हाई अलर्ट है लिहाजा मुख्य और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा में लापरवाही न हो उसके लिए मॉकड्रिल की जा रही है। आगरा में मेट्रो ट्रेन संचालित है और बड़ी तादात में देशी और विदेशी पर्यटक ताजमहल देखने आते हैं। ऐसे में कोई लापरवाही न हो और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा बल सतर्क हैं लिहाजा एसएसएफ के जवानों ने मेट्रो स्टेशन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**फरीदाबाद से जब्त...** इमारतों को नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई राज्य सरकार करेगी। नौगाम पुलिस स्टेशन ब्लास्ट मामले पर, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह हमारी गलती है, जिन्हें इस विस्फोटक की बेहतर समझ है, हमें उनके साथ पहले बात करनी चाहिए थी कि इसे कैसे संभालना है, खुद ही हाथ-पांव मारने के बजाय आप नतीजा देख ही चुके हैं, 9 लोगों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि वहां कई घरों को नुकसान हुआ। हम अभी दिल्ली में चल रही उस आलोचना से बाहर नहीं आए हैं, जहां हर कश्मीरी पर उंगली उठाई जा रही है। वह दिन कब आएगा जब वे स्वीकार करेंगे कि हम भी भारतीय हैं और हम इसके जिम्मेदार नहीं हैं। उन लोगों से पूछिए जो जिम्मेदार हैं कि इन डाक्टरों को यह रास्ता क्यों अपनाना पड़ा? कारण क्या था? इसकी पूरी तरह जांच और अध्ययन की आवश्यकता है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को नौगाम पुलिस स्टेशन विस्फोट में घायल लोगों से मिले। उन्होंने उजाला सिग्नस अस्पताल का दौरा किया। एलजी मनोज सिन्हा ने घायलों की सेहत के बारे में जानकारी ली और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है।

# आतंकी धमकी देने वालों का पता लगाएगा ट्रिपल आईटी का एआई बेस्ड सॉफ्टवेयर



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का ट्रिपल आईटी संस्थान एक ऐसा सिस्टम तैयार करने जा रहा है, जो आतंकी धमकी देने वालों की तह तक जाएगा। इसके लिए यहां के एक्सपर्ट एआई बेस्ड साफ्टवेयर बनाने जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से करीब 4.73 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। इस तरह का यह देश का पहला सिस्टम होगा।

इससे पलक झपकते ही साइबर टेररिज्म को आसानी से नाकाम किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि दुनिया के किसी भी कोने से बैठ कर कोई भी यदि भारत पर बुरी नजर रखता है, तो वह बच नहीं पाएगा। धमकी देने वाला व्यक्ति कहां पर छिपा बैठा हुआ है। उसकी जानकारी तत्काल यह सिस्टम आसानी से पता लगा सकेगा, कि यह धमकी कहां से आई है। ट्रिपल आईटी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. बृजेंद्र सिंह की देखरेख में इस पर काम शुरू कर दिया गया है। प्रो. वृजेंद्र सिंह ने बताया कि मिनिस्ट्री आफ इलेक्ट्रानिक एंड टेक्नोलॉजी एंड इंफार्मेशन की तरफ से यह प्रोजेक्ट संस्थान को दिया गया है। देखा जा रहा है कि आजकल साइबर सिस्टम का दुरुपयोग बहुत किया जाता है। बहुत सारी असामाजिक गति. विधियां होती रहती हैं। कहीं बम से उड़ाने की धमकी दी जाती है, तो कहीं अन्य तरह की धमकियां मिलती रहती है। इसका पता लगाने के लिए सरकार को तमाम एजेंसियों को लगाना पड़ता है। समय के साथ काफी पैसे भी खर्च होते हैं। बाद में यह पता चलता है कि फेक काल्स थी या फर्जी सूचनाएं हैं। इससे लोगों में डर का माहौल भी पैदा हो जाता है। प्रो. सिंह ने बताया कि जो एजेंटिक एआई बेस्ड सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें तत्काल आसानी से धमकी देने वालों को लोकेट किया जा सकता है। इतना ही नहीं लोकेट करने के बाद सुरक्षा एजेंसियों को रियल टाइम में अलर्ट भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें हम वीपीएन-एलएलएम (लार्ज लैंग्वेज मॉडल) टाइप का सिस्टम डेवलप कर रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उनका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

# लखनऊ में बिजली सेवा का वर्टिकल मॉडल लागू

## 28 वैन और नई हेल्पडेस्क से उपभोक्ताओं को त्वरित राहत की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी की बिजली व्यवस्था आज एक नए ढांचे में प्रवेश कर गई, जब मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने शहर में वर्टिकल हेल्प डेस्क प्रणाली को लागू कर दिया।

उद्घाटन कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋचा केजरीवाल ने नारियल फोड़कर किया। लंबे समय से इस व्यवस्था का कर्मचारियों द्वारा विरोध किया जा रहा था, लेकिन उपभोक्ता सुविधाओं के व्यापक दायरे को देखते हुए आज से यह प्रणाली पूरी तरह शुरू कर दी गई। नई व्यवस्था के तहत शहर को चार क्षेत्रों में विभाजित किया गया है ताकि अलग-अलग अधिकारी अलग-अलग कार्यों पर विशेष रूप से ध्यान दे सकें। पहले एक ही अधिकारी सभी प्रकार की समस्याओं को संभालता था, जिसके कारण शिकायतों के निस्तारण में देरी तथा समन्वय की कमी बनी रहती थी। कंपनी का दावा है कि इस बार सेवा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर कार्य को विशेषज्ञता और समयबद्धता के आधार पर संचालित किया जाएगा। उपभोक्ताओं की शिकायत दर्ज करने और ट्रैक करने के लिए टोलफ्री नंबर उन्नीस सौ बारह निर्धारित किया गया है। शिकायत दर्ज होते ही उपभोक्ता को एक ट्रैकिंग नंबर दिया जाएगा, जिसके आधार पर वह निस्तारण की स्थिति रमकमग्नमपज देख सकेगा। निगरानी के लिए अलग व्यवस्था बनाई गई है ताकि किसी भी शिकायत में अनावश्यक विलंब न हो। मौके पर त्वरित समाधान के लिए 28 वैन तैनात की गई हैं, जो शहर के किसी भी हिस्से में पहुंचकर लाइन फाल्ट, कनेक्शन, मीटर और अन्य तकनीकी समस्याओं का तुरंत निस्तारण कर सकेंगी। इसके अलावा छह शिकायत केंद्र शुरू किए गए हैं और दस अतिरिक्त हेल्पडेस्क तैयार की जा रही हैं, जिन पर उपभोक्ता सीधे पहुंचकर भी अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। कंपनी ने कहा है कि इन सभी केंद्रों को अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष से जोड़ा गया है ताकि हर स्तर पर सेवा की गति बढ़ सके। मध्यांचल का दावा है कि लखनऊ में पंद्रह लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी विद्युत सेवा प्रदान की जाएगी। मीटर परिवर्तन तीन से सात दिन में, नया कनेक्शन पंद्रह दिन में और गलत बिल का संशोधन पंद्रह दिन के भीतर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उपभोक्ता बिल जेनरेशन और तकनीकी शिकायतों पर भी समयबद्ध सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। नई व्यवस्था के साथ कंपनी के अधिकारी कहते हैं कि अब शहर में बिजली सेवा अधिक सुचारु, तेज और पारदर्शी होगी। कर्मचारियों के विरोध के बावजूद उपभोक्ताओं तक सुविधाओं को बिना बाधा पहुंचाने के उद्देश्य से आज से इस वर्टिकल मॉडल को पूरी तरह संचालित कर दिया गया है।

### मूर्ति तोड़े जाने पर भड़के लोग किया प्रदर्शन

सीतापुर। मछरेहटा थाना क्षेत्र में मां भारासैनी मंदिर मौजूद है। शुक्रवार की रात अराजक तत्वों ने मंदिर में घुसकर मंदिर में मौजूद देवी देवताओं की प्रतिमाओं के साथ तोड़फोड़ की। शनिवार की सुबह जब श्रद्धालु दर्शन पूजन को मंदिर में पहुंचे तब उन्हें मंदिर की मूर्तियां खंडित मिली। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु सड़क पर उतर आए। नैमिषारण्य क्षेत्र के साधु संत भी मौके पर पहुंचे और सड़क जाम पर प्रदर्शन करने लगे। भीड़ को देखते ही पुलिस और प्रशासन के पसीने छूटने लगे। सूचना मिलते ही मिश्रित एसडीएम मौके पर पहुंचे और साधु संतों से बात कर प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। एसडीएम ने बताया कि मंदिर में पुनः विधि विधान से प्रतिमाओं को स्थापित किया जाएगा। सनातन संस्कृति के अनुरूप गुरुवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिमाएं पुनर्स्थापित की जाएगी। इधर पुलिस भी घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वाले व्यक्तियों की बड़ी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# यूपी में पीएम सूर्यघर योजना का तेज विस्तार

## रूफटॉप सोलर संयंत्रों की संख्या दो लाख बहत्तर हजार से अधिक

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सौर संयंत्रों की स्थापना में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की जा रही है। प्रदेश में अब तक दो लाख बहत्तर हजार से अधिक संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग चालीस लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

छतों पर लगाई गई सौर क्षमता नौ सौ पचास मेगावाट से ऊपर पहुंच गई है और स्थापना के मामलों में प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों का दावा है कि स्थापना की रफ्तार देखकर उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है तथा कुल आवेदनों में प्रदेश को दूसरा स्थान प्राप्त है। विभागीय सूत्रों के अनुसार योजना की शुरुआत में वेंडरों की संख्या लगभग चार सौ थी, जो अब बढ़कर करीब चार हजार हो चुकी है। इसी आधार पर विभाग ने अनुमान व्यक्त किया है कि इससे आठतालीस हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और विनिर्माण व सप्लाई चेन में बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। विभागीय अधिका. रियों ने बताया कि रूफटाप सोलर मॉडल से तीन हजार आठ सौ एकड़ से अधिक कृषि भूमि की बचत संभव हुई है। योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार द्वारा एक हजार आठ सौ आठ करोड़ और राज्य सरकार द्वारा पांच सौ चौरासी करोड़ रुपए की सब्सिडी सीधे प्रदान किए जाने की बात भी विभाग द्वारा कही गई है। विभागीय मूल्यांकन के अनुसार सौर संयंत्रों से बिजली लागत में होने वाली वार्षिक बचत प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में शून्य दशमलव दो प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रही है। ऊर्जा विभाग का कहना है कि रूफटाप सौर संयंत्रों से प्रतिवर्ष लगभग ग्यारह लाख तीस हजार टन कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जन में कमी आ रही है, जिसे लगभग दो करोड़ तीस लाख पेड़ों के वार्षिक अवशोषण के बराबर माना गया है। इसे पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। योजना को युवाओं से जोड़ने के लिए इसे सीएम युवा कार्यक्रम से भी समेकित किया गया है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि यूपीनेडा के माध्यम से ईपैनलमेंट के बाद युवाओं को सौर वेंडर फर्म स्थापित करने हेतु पांच लाख रुपए तक की सहायता दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

# चोरी के छह आरोपियों को सुनाया कारावास

शाह टाइम्स ब्यूरो

चित्रकूट। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत लंबित वादों में प्रभावी पैरवी करते हुए चित्रकूट पुलिस को आज बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्याम प्रताप पटेल और पैरोकार अशोक बाबू द्वारा की गई गहन पैरवी तथा सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार यादव की प्रभावी प्रस्तुति के आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विदिशा भूषण ने चोरी एवं संबंधित धाराओं में नामजद छह आरोपियों को जेल में बिताई गई अवधि व प्रत्येक को नौ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह मामला कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मुकदमा संख्या एक हजार आठ सौ पैंतीस/शून्य आठ धारा तीन सौ उनहत्तर, चार सौ ग्यारह एवं चार सौ एक भारतीय दंड संहिता से सम्बद्ध है। वादी उप निरीक्षक हरिशरण सिंह ने सूचना दी थी कि आरोपियों ने उनकी साइकिल और चार हजार रुपये चोरी कर लिए। इस आधार पर मामला दर्ज हुआ और तत्कालीन उप निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने विवेचना की। ग्यारह मई दो हजार आठ को आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा दो जून दो हजार आठ को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। दोषी पाए गए अभियुक्त अम्पू बखार, बृजेश कुमार, सत्येन्द्र कुमार, विक्रम, दन्नु बखार तथा आलोक कुमार सभी निवासी सुरजीपुर थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई हैं। अदालत के निर्णय के साथ पुलिस द्वारा वांछित मामलों में ठोस पैरवी कर अपरा. धियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया को और मजबूती मिली है।

# अवैध हॉस्पिटल को किया सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

### पांच लोगों के खिलाफ केस

सीतापुर। गोंदलामऊ स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डाक्टर धीरज मिश्रा ने एक सूचना के आधार पर गोंदलामऊ कस्बे में अवैध रूप से चल रहे स्टार हास्पिटल एवं जच्चा बच्चा केंद्र पर छापेमारी की।

अधीक्षक ने जब अस्पताल का निरीक्षण किया और उसकी पड़ताल की तब पाया कि अस्पताल अवैध रूप से संचालित हो रहा है। अस्पताल के अंदर 3 कर्मचारी उपस्थित मिले। जिनके पास न तो कोई डिग्री थी, न ही कोई डिप्लोमा। अस्पताल के अंदर संचालित पैथोलाजी भी अवैध पाई गई। जिसको बिना किसी लैब टेक्नीशियन के चलाया जा रहा था। जिसमें अवैध मशीन रखी थी। अस्पताल 8 दुकानों में संचालित था । अस्पताल में 5 बेड और आक्सीजन सिलेंडर भी मिला। कई औषधीय और इंजेक्शन मिले, जो डिलीवरी में काम आते हैं। कई जीवन रक्षक दवाई जो एक्सपायरी हो चुकी थी और भी कई उपकरण अस्पताल में पाए गए। जो डिलीवरी के समय इस्तेमाल होते हैं। यह सब देखकर स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक धीरज मिश्रा ने अस्पताल को सील कर दिया। अस्पताल के अंदर चल रही पैथोलाजी को भी सील कर दिया। वहीं अवैध रूप से अस्पताल का संचालन कर रहे राम सहारे पुत्र कन्हैयालाल निवासी तेरवा थाना संदना,अजय कुमार पुत्र जगजीवन लाल निवासी तेरवा थाना संदना, रिंकी वर्मा पुत्र हेमनाथ निवासी गो. विंद खेड़ा थाना अतरौली जिला हरदोई मौके पर मौजूद मिले। संगीता पटेल मैनेजिंग डायरेक्टर निवासी माधवगंज हरदोई, डा अनुपम सिंह निवासी जनशक्ति हास्पिटल लखनऊ इन 5 लोगों संदना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है । जब इस मामले में डाक्टर धीरज मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कई बार इसकी शिकायत हो चुकी थी जब निरीक्षण किया गया तो अवैध रूप से अस्पताल और पैथोलाजी मिली कई उपकरण मिले जो अवैध रूप से थे 5 लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र पुलिस को दिया है । चौकी इंचार्ज अबू मो,कवासिम ने बताया कि 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### एक दोषी को एक वर्ष एक माह की सजा

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली में महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेलुहामऊ निवासी अनिल कुमार पुत्र हरिनाम के खिलाफ वर्ष 2023 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 3 एनडीपीएस ने सबूत को देखने, गवाह और अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद अनिल कुमार को दोषी करार दिया।

### अपर जिलाधिकारी ने दिए ठंड से सावधानी बरतने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश/जनपद में अत्यधिक ठंड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनपद में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है , ऐसी स्थिति में सर्द हवाओं के चलने के कारण ठंड का प्रकोप और भी बढ़ने की सम्भावना बनी रहती है। अतः उपरोक्त स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सीतापुर द्वारा बचाव की तैयारी करने हेतु निम्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित करना चाहता है। उन्होंने बताया कि क्या करें और क्या न करें। उन्होंने बताया कि शीत लहर के सम्बन्ध में अद्यतन सूचना प्राप्त करने हेतु रेडियो, टीवी, स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए समाचार पत्र पढ़ें तथा मौसम एप का प्रयोग करें।

### मानिकपुर तहसील दिवस में आयुक्त ने सुनीं जनसमस्याएं

मानिकपुर। राज्य सरकार की मंशा है कि हर नागरिक को उसकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और जरूरी सुविधाएं बिना विलंब के प्राप्त हों। इसी क्रम में शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही को आगे बढ़ाते हुए आज चित्रकूटधाम मंडल बांदा के आयुक्त अजीत कुमार तथा पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस ने मानिकपुर तहसील दिवस में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं को सुना। दोनों अधिकारियों ने पूर्ण संवेदनशीलता के साथ शिकायतकर्ताओं की बातें समझी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। तहसील दिवस में आयुक्त ने उप जिलाधिकारी और तहसीलदार को आदेशित किया कि तहसील स्तर पर लंबित सभी मामला. कृषिशिकर पैमाइश और अविवादित वरासत संबंधी वादोंकृको शीघ्र निस्तारित किया जाए, ताकि किसी नागरिक को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन को बिजली, पेयजल, साफ-सफाई, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न हो। विकास विभाग को भी आगामी ठंड के मद्देनजर आवश्यक तैयारियों के लिए निर्देशित किया गया। तहसील दिवस के बाद आयुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर का निरीक्षण किया, जहां चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, पेयजल व साफ-सफाई तथा सीसीटीवी की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी व्यवस्थाएं नियमित रूप से दुरुस्त रहनी चाहिए। इसके उपरांत मानिकपुर और सरैया के खाद केंद्रों के निरीक्षण में दोनों केंद्र बंद पाए गए। इस लापरवाही पर आयुक्त ने सहायक आयुक्त, सहकारिता से तत्काल स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। अंत में आयुक्त ने इंग्लिश मीडियम प्राइमरी विद्यालय सरैया का निरीक्षण किया, जहां सभी अध्यापक उपस्थित मिले। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ शिक्षा दें, डिजिटल बोर्ड तथा नवीन शिक्षण विधियों का उपयोग सुनिश्चित करें, बच्चों को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दें तथा टीएलएम पद्धति से सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षकों की ऊर्जा और समर्पण से ही सुरक्षित और उज्ज्वल बनता है।

# वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

सीतापुर। महोली के मुसब्बरपुर में एक माह से घूम रहा तेंदुआ शुक्रवार देर रात 2 बजे से 3 बजे के बीच वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। एक माह से बांसी, ढिगरा, नौगवां, रामनगर, चकरेरा, चड़रा व अन्य गांव में तेंदुए की दहशत कायम थी। इस तेंदुए का मुसब्बरपुर में एक युवक ने वीडियो भी बनाया था।



महोली रेंजर केएन भार्गव ने बताया कि तेंदुआ पिंजरे में शिकार के लालच में आया और देर रात फंस गया। उसे इसलिया स्थित वन चेतना पार्क भेजा जा रहा है। यहां बता दें कि करीब छह दिन पूर्व किसान धर्मेंद्र अपने भाई नरेंद्र के साथ गन्ने की पत्ती लेने खेत गए थे। अंधेरा होने पर जब वे ट्रैक्टर से लौट रहे थे, तो जंगल से गुजरते समय तेंदुआ उनके सामने आ गया। खतरा भांपकर धर्मेंद्र ने हार्न बजाया और ट्रैक्टर तेजी से भगाया, जिसके बाद तेंदुआ जंगल की ओर चला गया। धर्मेंद्र ने ग्रामीणों को पूरी बात बताई, जिसके बाद ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर सतर्क हो गए। वहीं, 11 अक्टूबर को भी कुछ लोगों ने गांव के बाहर सड़क किनारे तेंदुए का वीडियो बनाया था। इसके बाद वन विभाग ने गांव के बाहर पिंजरा लगाया था। गुरुवार देर शाम चड़रा गांव निवासी संदीप यादव गांव के निकट खेत पर गया था। जहां गांव के ही राम. विलास त्रिवेदी के खेत में एक हिरण का शव पर पड़ा देखा। संदीप के मुताबिक उसका आधा शरीर किसी जंगली जानवर ने खाया था। पास में ही पग चिह्न भी दिखाई पड़े। उसने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। सूचना पर शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंची थी। वन विभाग की टीम ने मिले पग चिह्न तेंदुआ के होने की पुष्टि की थी। हालांकि महोली क्षेत्र में तेंदुआ पकड़े जाने के बाद भी लोग दहशत में हैं। महोली क्षेत्र की ग्रामीणों का कहना है कि अभी इस क्षेत्र में एक बाघ मौजूद है।

# यूपी में धान खरीद को मिल रहा किसानों का समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में धान की सरकारी खरीद निरंतर गति पकड़ रही है और किसानों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है।खाद्य एवं रसद विभाग ने स्पष्ट किया है कि धान खरीद के लिए पंजीकरण को अनिवार्य किया गया है, ताकि बिचौलियों की किसी भी प्रकार की भूमिका समाप्त हो और खरीद सीधे वास्तविक किसानों से ही हो सके। इसी व्यवस्था के तहत इस वर्ष केवल पंजीकृत किसानों से ही धान की खरीद की जा रही है , जिसके सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

पंजीकरण कराने वाले किसानों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है और इसके साथ ही धान क्रय का आंकड़ा भी निरंतर ऊपर जा रहा है। दोपहर तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार धान विपणन सत्र दो हजार पच्चीस-छब्बीस में पंजीकृत किसानों की संख्या तीन लाख तिरानबे हजार से आगे निकल चुकी है, जबकि अब तक तीन लाख बारह हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की जा चुकी है। विभाग का कहना है कि यह तेजी इस बात का प्रमाण है कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिल रहा है और वे बिना किसी परेशानी के सीधे सरकारी तंत्र को अपना धान बेच पा रहे हैं। सरकार ने चार हजार क्रय केंद्रों का लक्ष्य तय किया था, लेकिन किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए चार हजार एक सौ तैंतालीस से अधिक केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं। इन केंद्रों पर किसानों के लिए मंडी आने-जाने, तौल, भुगतान और विश्राम जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। खाद्य एवं रसद विभाग का कहना है कि सरकार की पारदर्शी व्यवस्था और समयबद्ध खरीद नीति के कारण धान खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो रही है। केंद्रों पर धान ढकामनढ़ दो हजार तीन सौ उनहत्तर रुपये प्रति कुंतल और ग्रेड (ग्रेड-ए) दो हजार तीन सौ नवासी रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीदा जा रहा है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल सत्रह प्रतिशत नमी वाले धान को ही केंद्र पर लेकर आएं और धान को अच्छी तरह सुखाकर एवं साफ करके बेचने की प्रक्रिया पूरी करें। विभाग ने यह भी दो. हराया है कि बिना पंजीकरण किसी किसान से धान खरीद सम्भव नहीं है और सभी किसान पोर्टल अथवा 'उप किसान मित्र' एप के माध्यम से पंजीकरण कराना न भूलें। विभाग ने बताया कि धान खरीद के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं और किसानों को लाभकारी दरों पर धान बेचने का पूरा अवसर मिल रहा है। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए किसान टोल-फ्री नम्बर एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य शून्य एक पांच शून्य तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी और विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान खरीद इकतीस जनवरी तक तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 फरवरी दो हजार छब्बीस तक जारी रहेगी।

### राष्ट्रीय लोकदल का राष्ट्रीय अधिवेशन आज

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन आज रविवार को जनपद मथुरा के कोसीकला में आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक घोषणा की जाएगी।

### जिलाधिकारी ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने शनिवार को साम. दायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसवां का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल की व्यवस्थाएं देखी। वहीं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, एनआरसी पैथालोजी, आयुष्मान वार्ड, औषधि कक्ष, एनबीएसयू, ओटी कक्ष आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बिना मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अनुमति प्राप्त किये कोई भी चिकित्सक मुख्यालय न छोड़े। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर पर पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवार. जन को दे दिया जाये। भर्ती मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का विवरण पर्चे में अवश्य दर्ज किया जाये। उन्होंने मरीजों से वार्ता कर चिकित्सालय में मिल रही सेवाओं के विषय में फीडबैक भी लिया। उन्होंने रिफर रजिस्टर भी देखा तथा रिफर किये मरीजों से फोन से वार्ता भी की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जन्म प्रमाण-पत्र की आईडी डिलीवरी रजिस्टर अवश्य दर्ज की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते का वितरण सुनिश्चित किया जाये। भोजन एवं नाश्ते की मात्रा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाये। फैमिली प्लानिंग के संबंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डिलीवरी के उपरान्त समुचित काउंसलिंग की जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों, फार्मासिस्टों, सफाई कर्मचारियों, सिक्योरिटी गार्ड एवं अन्य कार्मिकों का विवरण भी प्राप्त किया। उन्होंने फार्मेसी में जाकर दवाओं के रख-रखाव का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिया कि मानकों के अनुरूप दवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये तथा दवाओं से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखा जाये। समय पर मांग पत्र भी प्रेषित कराया जाये, जिससे किसी प्रकार की दवाओं की कमी न हो।

### अधिकारियों ने सुनी शिकायतें

सीतापुर । शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिला अधिकारी डा. राजा गणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल बाबा विश्वनाथ की नगरी बिसवां तहसील में मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द वत्रा 'सुमन'
0522-4041004
मुख्यालय:
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सपा ने बिरसा मुंडा की डेढ़ सौवीं जयंती पर श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आज धरती आबा बिरसा मुंडा की डेढ़ सौवीं जयंती सादगी और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

अखिलेश यादव ने अपने संद. `श में कहा है कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा आदिवासी समाज की अस्मिता के लिए संघर्ष करने वाले बिरसा मुंडा ने विदेशी शासन के साथ-साथ शोषण और अन्याय के विरुद्ध भी अदम्य आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शासन भूमि अधिग्रहण के नाम पर जनजातियों को उनकी पैतृक जमीन से बेदखल करने की साजिश रच रहा था, जिसके विरोध में बिरसा मुंडा के नेतृत्व में 'उलग. ुलान' यानी महान क्रांति की अग्नि जंगलों और पहाड़ियों में फैल गई थी। कार्यक्रम में सांसद नरेश उत्तम पटेल, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह ने भी बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यासजी गोंड, प्रदेश अध्यक्ष डा. रवि गोंड सहित संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धरती आबा के प्रति अपने श्रद्धाभाव व्यक्त किया। इस अवसर पर सोनू कनौजिया, आदर्श सिंह, एडवोकेट अमरजीत यादव, हरीश राणा गोंड, धीरजमणि थारू, भोला चौधरी, गोविन्द गोंड, समवीर कठेरिया, प्रियेश गोंड, राणा प्रताप गोंड, मिथिलेश गोंड, अविनाश गोंड, शिवशंकर गोंड, हरेन्द्र गोंड, बन्शू गोंड, विजय गोंड, घनश्याम गोंड, सुनील सिंह गोंड, अरविन्द गोंड, इन्द्रलोक गोंड, अजीत गोंड, धीरज गोंड, बृजेश कुमार गोंड, जयप्रकाश कुमार गोंड, संजीत कुमार गोंड, शत्रुघन गोंड, आदित्य गोंड, सुरेन्द्र प्रताप गोंड, मनोज गोंड, रोहित गोंड, लक्ष्मण गोंड, अखिलेश गोंड, राहुल गोंड, लल्लन गोंड, राजेन्द्र गोंड, सन्नी गोंड, राजकुमार गोंड, रामनाथ गोंड, जितेन्द्र गोंड, झब्बर गोंड, दिलीप गोंड, विनय गोंड, दल सिंगार गोंड, पंकज गोंड, प्रमोद गोंड, कन्हैया लाल गोंड, शिवनाथ दास गोंड, बाबूराम गोंड, कुंवर सरोज कोल, राजाराम कोल, रमेश यादव, प्रदीप गोंड, अखिलेश यादव, ज्योतेश्वर प्रसाद सोनू, भूपेन्द्र राय, संतोष यादव, राहुल गोंड, प्रभुनाथ गोंड सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

### सैदपुर विधानसभा के चार सौ चौदह बूथों की दो हजार तीन की मतदाता सूची वेबसाइट से गायब

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देकर शिकायत की है कि जनपद गाजीपुर के तीन सौ चौहत्तर-सैदपुर विधानसभा क्षेत्र के चार सौ चौदह पोलिंग स्टेशनों की वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है। इस कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं को एस.आई.आर. प्रक्रिया के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी का कहना है कि बी.एल.ओ. भी सभी मतदाताओं तक पहुंच कर गणना प्रपत्र उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं, जिससे मतदाताओं को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।

# कबड्डी, वॉलीबॉल और खो-खो में खिलाड़ियों का जलवा

## हीरा इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं ने दिखाई खेल भावना व अनुशासन की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** हीरा इंटरनेशनल स्कूल में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का तीसरा दिन भी पूरी भव्यता और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित कबड्डी, वॉलीबॉल और खो-खो में इंटर हाउस मुकाबले देखने लायक रहे। रेड, ओरेंज, ग्रीन और ब्लू हाउस के खिलाड़ियों ने पिछले दो दिनों में छाए रोमांच को और तीव्र करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान के लिए जोरदार भिड़ंत की।

तीन दिनों की प्रतियोगिता के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क की शानदार मिसाल प्रस्तुत की। मैदान में हर टीम जीत के जज्बे के साथ उतरी और दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का जोश बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। परिणामों में कबड्डी में रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय और ओरेंज हाउस तृतीय रहा। वॉलीबॉल में ग्रीन हाउस ने बाजी मारी, वहीं ओरेंज हाउस द्वितीय और रेड हाउस तृतीय स्थान पर रहा। खो-खो में छात्रों की टीमों में रेड हाउस ने प्रथम स्थान, ब्लू हाउस द्वितीय और ओरेंज हाउस ने तृतीय स्थान



हासिल किया। छात्राओं की खो-खो प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस प्रथम, ओरेंज हाउस द्वितीय और ब्लू हाउस तृतीय रही। रिले रेस में भी छात्राओं के बीच शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें ग्रीन हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय और ओरेंज हाउस तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय के चेयरमैन कृष्ण कुमार अग्रवाल और निदेशक कपिल कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य भगवान सिंह ने खेल को शारीरिक विकास, अनुशासन और टीम भावना को बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को हर प्रतियोगिता में खेल भावना को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि एक पखवाड़े तक चलने वाली इस वार्षिक प्रतियोगिता के दूसरे चरण में अगले तीन दिन कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए खो-खो और विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हेमलता अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, आदित्य कुमार साहू, सुल्तान अली, कपिल देव शर्मा, शाने आलम, अर्पित कौशिक, लोकेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, पंकज कुमार, सुभा साहू, मनोरमा, शिवानी, सिद्धू, शिवांगी, पंडित, सोनित कुमार, अचल सिंघल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। हीरा इंटरनेशनल स्कूल का खेल महोत्सव हर दिन नए रोमांच और नई ऊर्जा के साथ बच्चों की प्रतिभा को निखारने का मंच बन रहा है।

# रामलीला समिति के चुनाव दो साल से ठप

## समिति ने चुनाव अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** श्री रामलीला प्रबंध समिति (मंदिर महादेव) धनौरा के चुनाव दो वर्ष से न हो पाने पर समिति में गहरा आक्रोश उभर आया है। अध्यक्ष जागेश कुमार, सचिव पवन गुप्ता और कोषाध्यक्ष अवनीश कुमार ने शनिवार को चुनाव अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर त्रिवार्षिक चुनाव अविलंब कराने की मांग उठाई है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2025 में भी रामलीला आयोजन न्यायालय की शरण में जाकर सम्पन्न कराना पड़ा, जिससे समाज में गहरी निराशा फैली। पदाधिकारियों ने बताया कि विगत वर्षों की भांति वर्ष 2026 से जून 2029 तक की कार्यकारिणी का कार्यकाल सुनिश्चित करने के लिए परंपरागत तरीके से त्रिवार्षिक चुनाव कराना अति आवश्यक है, ताकि रामलीला और धार्मिक गति. विधियाँ सुचारु रूप से चल सकें। पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि समिति हिन्दू समाज की सांस्कृतिक धरोहर का संवाहक है, ऐसे में चुनावों का लटकना समिति की गरिमा और पारदर्शिता दोनों को आघात पहुंचा रहा है। उन्होंने चुनाव अधिकारी से आग्रह किया कि समाज की भावना और परंपरा का सम्मान करते हुए चुनाव जल्द से जल्द घोषित किए जाएँ।

# प्रधान व सचिव के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

## शौचालय निर्माण में अवैध वसूली का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गंगेश्वरी ब्लॉक के उकाबली मुस्तकम गांव में सरक. ारी योजनाओं आवास और शौचालय निर्माण के नाम पर अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है।

ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर अवैध वसूली करने और शिकायत करने पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए एकजुट होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को भारतीय किसान यूनियन खालसा के तहसील अध्यक्ष मलखान सिंह सहित अन्य नेताओं का समर्थन मिला। भाकियू नेताओं ने जिला प्रशासन से इन गंभीर आरोपों पर ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों पर एक्शन नहीं लिया गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। प्रदर्शन में हरकेश, रोहताश, रामकली और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# सीएनजी पम्प से जनता को मिलेगा लाभ

## विधायक व एसपी ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सीएनजी पंप का विधायक एवं पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर उद्घाटन कर दिया। दो पहिया वाहन सवारों को हेलमेटो का वितरण भी किया गया।

शनिवार को नगर के गजरौला मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप पर सीएनजी पंप का विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने फीता काटकर उद्घाटन कर दिया। हसनपुर क्षेत्र में यह पहला सीएनजी पंप है। इसके स्थापित होने से हसनपुर क्षेत्र की जनता को बड़ा लाभ मिलेगा। हसनपुर क्षेत्र के सीएनजी वाहन गैस भरवाने के लिए



गजरौला गढ़मुक्तेश्वर आदि क्षेत्रों को जाना पड़ता था। लेकिन अब इसके यहां होने से सीएनजी वाहन स्वामियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने दो पहिया वाहन सवारों को रोक कर उन्हें हेलमेटों का वितरण किया। उन्होंने दो पहिया वाहन चलाने वालों को यातायात नियमों से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहनों पर यात्रा करें। हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन पर सवार सुरक्षित हो जाते हैं। पुलिस अधीक्षक ने दो पहिया वाहन सवारों से यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही उन्हें जागरूक भी किया। इस अवसर पर सीओ दीप कुमार पंत, कोतवाल प्रेमपाल सिंह, पवन रस्तोगी, रानू रस्तोगी, पंकज भटनागर, अजमल खान, संजय शर्मा, अनिल भारती आदि मौजूद थे।

# चैकिंग के दौरान शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

## विभिन्न थानो में दर्ज हैं सात मुकदमे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने शातिर बदमाश को दबोच लिया। उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद हुई। अदालत में पेश कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। बीती 14 नवंबर की दोपहर डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव शहबाजपुर निवासी नूरैन किसी काम से कस्बा जोया के मोहल्ला इकबाल नगर आए थे। उन्होंने अपनी बाइक को चौधरी पेट्रोल पंप के पास खड़ा किया था। काम निपटाकर वापस लौटे तो बाइक वहां से गायब मिली। आसपास काफी तलाश किया लेकिन बाइक का कुछ पता नहीं चला। बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तभी से सुरागकशी में जुटी थी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि शनिवार को चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव चक्कालीलेट के रहने वाले नितिन को गिरफ्तार किया था। जिसके कब्जे से बरामद हुई बाइक चोरी की निकली जिसका मुकदमा नूरैन ने दर्ज कराया था। सीओ ने बताया कि आरोपी नितिन को अदालत में पेश किया गया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी नितिन शातिर बदमाश है। अमरोहा व मुरादाबाद के थानों में उसके खिलाफ सात मुकदमे दर्ज हैं।

# खेलों में पिपलौती के बच्चों ने दिखाया दम

## न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** न्याय पंचायत स्तरीय रूखालू की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गंगा एक्सप्रेस वे पिपलौती खुर्द के नजदीक विशाल खेल मैदान पर आयोजित किया गया। खेलों का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ,प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह एवं जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया।

शनिवार को प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में अर्श प्राथमिक पिपलोती प्रथम, 100 मीटर दौड़ में शान मौहम्मद प्राथमिक विद्यालय पिपलौती कलां प्रथम, 200 मीटर दौड़ में शान मौहम्मद प्राथमिक विद्यालय पिपलौती खुर्द प्रथम स्थान पर रहा। कबड्डी बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय रूखालू की टीम प्रथम स्थान पर रही। खो-खो में बालिका वर्ग प्राथमिक विद्यालय रूखालू की टीम प्रथम स्थान पर रही। बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में सिदरा प्राथमिक विद्यालय शकरगढी प्रथम, 100 मीटर दौड़ में सिदरा प्राथमिक विद्यालय शकरगढी प्रथम 200 मीटर दौड़ में सिदरा प्राथमिक विद्यालय शकरगढी प्रथम स्थान पर रही। खो--खो बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय पिपलौती खुर्द की टीम प्रथम स्थान पर रही। खेलों के इस अवसर पर खेल प्रभारी संजय सिंह, देशराज सिंह, नितिन कुमार, राजेन्द्र सिंह,अमित कुमार,डा.रमेश सिंह,यूसुफ अली,नरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, दिग्विजय सिंह, संदीप कुमार,बिजेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, यूसुफ खान, महताबुद्दीन मौजूद रहे।

## एक नजर

### पोस्टर प्रतियोगिता में दिया स्वच्छता का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मिशन शक्ति के अंतर्गत शुक्रवार को ब्राइटवे पब्लिक स्कूल में स्वच्छता में योगदान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता पर आकर्षक पोस्टर बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया मिशन शक्ति 5.0 महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण को मजबूत बनाने वाला अभियान है। इसके तहत योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुँचाई जा रही है और विभागों के बीच बेहतर समन्वय से महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, कृष्ण कुमार, निशांत कुमार और नगर पालिका का स्टाफ उपस्थित रहा।

### सीजनल फल व सब्जियों का करें प्रयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** शासन के आदेश अनुसार झम्मनलाल पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति -05 अभियान के तहत ष्बालिकाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्यष विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक स्वास्थ्य के विषय में चर्चा करते हुए डॉ गीतांजलि कहा कि अपने मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रातः काल उठकर व्यायाम करें। और यदि आपके मस्तिष्क में कोई भी समस्या चल रही है तो उसे अपने घर में अवश्य बताये। स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए अपनी खुराक में पौष्टिक भोजन लें। प्राचार्या डॉक्टर शमा परवीन ने कहा कि सीजनल सब्जी और फलों का सेवन अवश्य करें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीति शर्मा और भूगोल विभाग की प्रवक्ता कुमारी अंशु ने अपने-अपने विचारों से छात्रों को अवगत कराया बच्चों ने भी अपनी समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस मौके पर एनएसएस व अन्य छात्राएं मौजूद रहीं।

### समाधान दिवस पर 23 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व गरिमा सिंहके समक्ष 23 शिकायत दर्ज की गई। दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे राजस्व विभाग की 9, पुलिस 7, विकास चकबंदी एवं वन्य विभाग से एक एक शुकायत दर्ज की गई। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों को गुणवत्ता पूर्वक तरीके से समाधान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनकर उनका त्वरित समाधान किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार संपूर्ण समाधान दिवस में जनता द्वारा की गई शिकायतो पर विशेष ध्यान दे रही है। इस अवसर पर एडिशनल एसपी अखिलेश भदोरिया, एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# लाखों के ट्रांजक्शन की कड़ियां तलाशती रही बंगाल की टीम

## दूसरे दिन भी बंगाल पुलिस की जांच रही जारी, कार्रवाई बनी चर्चा का विषय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** कस्बे में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल पुलिस की अचानक दबिश से मचा हड़कंप अभी थमा भी नहीं था कि शनिवार को भी बंगाल पुलिस की टीम क्षेत्र में डटी रही। संदिग्ध बैंकिंग ट्रांजैक्शन के इस हाई-प्रोफाइल मामले में दूसरे दिन भी जांच जारी रहने से कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं गर्म रहीं। स्थानीय लोग पुलिस टीम की गति. विधियों पर नजरें टिकाए रहे।

जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के एक व्यक्ति के बैंक खाते से लाखों रुपये की संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुई थी, जिसकी कड़ी मंडी धनौरा के एक युवक के बैंक खाते से जुड़ने का शक है। इसी सुराग के आधार पर पश्चिम बंगाल पुलिस सीधे धनौरा पहुंची और शुक्रवार को अचानक दबिश देकर जांच शुरू कर दी। तेज हलचल के कारण बाजार में एक बार को अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस की आमद थाने में दर्ज कर ली गई है। उनकी ओर से मांगी गई हर संभव सहयोग स्थानीय पुलिस दे रही है। मामले को संदेहास्पद बैंकिंग ट्रांजैक्शन से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी आधिकारिक रूप से कोई खुलासा नहीं किया है। शनिवार को भी पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम क्षेत्र में ही मौजूद रही और कई लोगों से पूछताछ की। टीम की लगातार मौजूदगी से कस्बे में सनसनी जैसा माहौल बना रहा। लोग इस बात को लेकर तरह-तरह के अनुमान लगाते रहे कि आखिर यह मामला कितना बड़ा है और किस स्तर तक इसकी परतें खुल सकती हैं। स्थानीय पुलिस और अंतरराज्यीय टीम की संयुक्त जांच जारी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और तकनीकी इनपुट की पड़ताल की जा रही है। पूरा मामला क्या है, यह जांच पूरी होने के बाद ही साफ होगा। फिलहाल दोनों पुलिस टीमें सुरागों को जोड़ने में जुटी हुई हैं और कस्बे में इस कार्रवाई की चर्चा लगातार बनी हुई है।

# पटेल जयंती पर निकाला जाएगा पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने रविवार राष्ट्रीय एकता और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त करने के लिए एक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया है। यह पद यात्रा देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री, भारत रत्न 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में निक. ाली जायेगी। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने अपने कैंप कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आगामी दिशा-निर्देश दिये। यह पद यात्रा सुबह 10 बजे ब्लाक परिसर से शुरू होकर ग्राम हथियाखेडा तक जायेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा, रुखालू मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खडगवंशी, आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल, उझारी मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी, भाजपा व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल, एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संविलियन विद्यालय में बाल मेला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के बस्ती स्थित संवि. लियन विद्यालय में आयोजित बालमेले का शुभारंभ वार्ड सभासद मनु शर्मा ने रिबन काटकर किया गया। इस दौरान छात्रा अफसरा, अलीशा, वर्षा ने रंगोली बनाई तो वहीं कुछ छात्राओं ने समूह गान भी प्रस्तुत किया। सभासद मनु शर्मा ने प्रधानाध्यिपका रेखा रानी और स्टॉफ के साथ सभी स्टॉलों का अवलोकन किया। मेले में छात्र-छात्राओं ने सिक्का उछालो भाग्य आजमाओ, आलू व फलों की चांट, चाय समोसे इसके साथ सुन्दर एवं मनोरंजक खेल चम्मच दौड़,कुर्सी दौड़, रिंग दौड़ आदि का आनंद लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर फुर्सत जहां, रेखा रिजवाना आदि मौजूद रहे।

# तंबू निर्माण में बुलबुल टोली को मिला प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के शिव इण्टर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट शिविर के अंतिम दिन स्काउट प्रशिक्षक ने छात्र-छात्राओं को तंबू निर्माण करना सिखाया। कार्यवाहक

### तीन दिवसीय स्काउट शिविर का समापन

प्रधानाचार्य ने तंबुओं का अवलोकन करके बच्चों के प्रयास की सराहनाकी।

शनिवार को स्काउट प्रशिक्षक अमन कुमार ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार हम विपदा के समय तंबु आदि का निर्माण कर सकते हैं। स्काउट शिक्षक नरेन्द्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को स्काउट का वास्तविक महत्व बताते हुए उन्हें निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने के बारे में बताया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ.शरद कुमार शर्मा ने बच्चों को समानता, एकता, लगनशील एवं प्रयत्नशील रहने का संदेश देते हुए स्काउट के नियमों का पालन करने के प्रति



जागरूक किया। तंबु निर्माण करने में छात्राओं की बुलबुल टोली प्रथम, रानी लक्ष्मीबाई टोली द्वितीय व चमेली टोली तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि छात्रों की ईगल टोली को प्रथम स्थान मिला। इस मौके पर जसपाल सिंह, हरिओम शर्मा, विजेंद्र सिंह, गगन अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंह, बृजेश कन्नौजिया, चंचल चौधरी, मो. निका सिंह, विशाल अग्रवाल, ज्ञानेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, नवनीत कुमार, मुकेश कुमार, अनिल यादव मौजूद रहे।

## लूट के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**हसनपुर।** लूट के मुकदमे में वांछित चल रहे अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में अपराधी को जेल भेज दिया। शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने खुलासा कर बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशों पर चलाये जा रहे अपराधियों की धर पकड़ अभियान के तहत पुलिस द्वारा पंद्रह सितंबर को दर्ज किये गये लूट के मुकदमे में वांछित चल रहा अपराधी रोबिन पुत्र संजय निवासी गांव बलवापुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को एक लूटा गया मोबाइल फोन समेत गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया जहां से अपराधी को जेल भेज दिया।

**संबंध विच्छेद**

मैने परिवार समेत अपने बेटे राज सागर के गलत व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

झूण्डे सिंह पुत्र इन्दर सिंह निवासी ग्राम रहदरा थाना गजरौला जिला अमरोहा।
मो. नं. 7500493665

# समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं शिकायतें

**■ गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों का वेतन काटने के लिए निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मीरगंज तहसील सभागार में शनिवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने बिना सूचना के अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने का भी आदेश दिया।

डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आम जनता के साथ संवेदनशील और अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने लोगों को अपनी समस्याएं सीधे लाने के लिए जागरूक करने को कहा, ताकि किसी बिचौलिए का सहारा न लेना पड़े।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, पूर्ति, विकास, चकबन्दी, विद्युत, नगर विकास और लोक निर्माण जैसे विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुईं।

इनमें ग्राम तरसा पट्टी के एक निवासी ने सहखातेदार से विवाद पर खेत की पैमाइश कराकर हद निर्धारित करने का अनुरोध किया, जिस पर धारा-24 का वाद दर्ज करने के निर्देश दिए गए। ग्राम संजरपुर के एक अन्य शिकायतकर्ता ने अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर डीएम ने नायब तहसीलदार/राजस्व निरीक्षक को पैमाइश कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, डीएम ने रबी-2025 में फसलों का क्षेत्रफल बढ़ाने और गन्ने के साथ सहफसली खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को सरसों और मसूर के निशुल्क मिनी किट वितरित किए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, पुलिस अधीक्षक साउथ अंशिका वर्मा, परियोजना निदेशक डूडा चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी मीरगंज आलोक कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर भूपेन्द्र एस. चौधरी ने शनिवार को तहसील सदर स्थित सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग किया और समाधान दिवस की व्यवस्थाओं को परखा।



सर्वप्रथम कमिश्नर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों की उपस्थिति पंजिका तथा रजिस्टर आदि को देखा और पाया कि रजिस्टर में शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को अंकित किया जा रहा है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरुप शिकायतों का प्राथमिकता स्तर पर संज्ञान लेते हुए ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाये उससे दूरभाष पर वार्ता कर शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं की जानकारी के उपरांत ही रिपोर्ट लगाई जाये। तहसील दिवस में आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग से सम्बंधित सहित जमीन विवाद आदि से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सदर सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सेंथल में भाजपाईयों ने मनाया जश्न किया मिष्ठान वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** बिहार प्रदेश में विधानसभा चुनाव में मिली भाजपा को जीत का जश्न स्थानीय भाजपाईयों ने जमकर मनाया। आतिशबाजी की मिष्ठान वितरण किया और एक दूसरे को बधाई दी।

जश्न का यह सिलसिला कल से चल रहा है। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े मिष्ठान वितरण किया, और भाजपा का झंडा हवा में लहराकर नारेबाजी की। इस अवसर पर विनय चौधरी ने कहा कि हमारा लक्ष्य केंद्र और हर प्रदेश में सत्ता पाना है, हम यह मोदी जी के नेतृत्व में करेंगे, जमाना देखेगा। जश्न मनाने वालों में मुकेश शर्मा, नीतीश उपाध्याय, गुड्डू कश्यप, सेवाराम मौर्य, अजय, असगर अली, सलीम हैदर गुड्डू, हसन मियां, असलम अली आदि मुख्य थे।

### लोट्स एकेडमी में हुआ बाल मेले का आयोजन,छात्रों व अभिभावकों ने उठाया लुत्फ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शनिवार को लोट्स एकेडमी सीनियर सैकेंडरी स्कूल शीशगढ़ में बाल दिवस के अवसर पर स्कूल परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसका इंस्पेक्टर क्राइम रविन्द्र कुमार नैन ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर कक्षा एन सी से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने तरह तरह की खाने पीने की चीजों के स्टॉल लगाकर स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अभिभावकों व छात्र छात्राओं को इसका स्वाद चखाया। साथ ही स्टॉल लगाने बाले छात्राओं ने अच्छे व्यंजन बनाकर अपनी अपनी प्रतिभा दिखाई। इस मेले में काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी की। स्कूल प्रवन्धक चौ विपिन सिंह मलिक ने बताया कि इस बाल मेला के आयोजन की भागीदारी में जिन छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद लेने पर अच्छी स्वादिश्टता पाई जाने बाले छात्र छात्राओं को पुरष्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर डाइरेक्टर अमर पाल सिंह तोमर,प्रधानाचार्य विवेक गंगवार सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।



### बंटवारे को लेकर मारपीट, गर्भवती पत्नी पर हमला

**पति को पीटकर दी जान से मारने की धमकी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** संपत्ति के बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब रिछौला किफायतुल्ला निवासी नदीम को उसके ही सौतेले भाईयों और उसके साथियों ने बुरी तरह पीटकर जान से मारने की धमकी दी। सबसे गंभीर बात यह रही कि शोर सुनकर बाहर आई उसकी 9 माह की गर्भवती पत्नी को भी आरोपियों ने बुरी तरह से पीटा, घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

नदीम ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर बताया कि उसके सौतेले भाई, हारून इलियास, इमरान पुत्र गहीद अहमद, सिराज अहमद, जुनैद पुत्र हारून, अकरम व मुशाहिद पुत्र इलियास समेत कई लोग संपत्ति के बंटवारे को लेकर आए दिन उससे झगड़ा करते हैं, और धमकियां देते रहते हैं।

नदीम अपनी दुकान का निर्माण करा रहा था, तभी सभी आरोपी एकजुट होकर लाठी-डंडे व नुकीले औजार लेकर पहुँचे और गंदी-गंदी गालियाँ देते हुए उस पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने नदीम को पटककर बेरहमी से पीटा, और जान से मारने की नीयत से उसके गले पर औजार रख दिया। मारपीट के दौरान नदीम का कंधा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसी बीच, शोर सुनकर बाहर आई उसकी गर्भवती पत्नी को आरोपियों ने धक्का देकर गिरा दिया, और पेट पर वार कर दिया, जिससे वह दर्द से तड़प उठी। उसके चीखने-चिल्लाने पर आस-पास के लोग मौके पर पहुँचे, तब जाकर किसी तरह उसे और उसके परिवार को बचाया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यदि लोग न आते तो आरोपी पूरे परिवार की जान ले लेते। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने कानूनी कार्रवाई करने पर भी जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित नदीम की तहरीर पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कई नामजद व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामला बेहद संवेदनशील है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, गहनता से जांच की जा रही है, आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गाँव में गमगीन माहौल बना हुआ है, खासकर गर्भवती महिला के साथ हुई मारपीट ने लोगों में गहरा आक्रोश है।

### उर्स-ए बशीरी मंजूरी के मौके पर दरगाह पर हुई गुस्ल की रस्म अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** खानकाह ए आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम मोहल्ला शेखूपुर में 16 नवंबर से शुरू हो रहे 79वें सालाना दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी के मौके पर दरगाह शरीफ पर गुस्ल की रस्म अदा की गई। दरगाह पर गुस्ल की रस्म अदा होने के बाद सज्जादानशीन सय्यद फैजी अली मियां ने फातिहा ख्वानी कर मुल्क में अमन चौन कायम रहने की दुआ की। शनिवार को हजरत शाह सय्यद मंजूर अली मियां रहमतुल्लाह अलैह व हजरत मौलाना शाह सय्यद शाहिद अली मियां रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर गुस्ल की रस्म अदा की गई। सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां, मौलाना सय्यद हसनैन मियां, सय्यद सिब्तैन मियां, मौलाना सय्यद नूरी मियां, दरगाह प्रवक्ता मौलाना नाजिमुल कादरी, कारी ताहिर, मौलाना खलीक शाहिदी, मौलाना मुफ्ती हसन रजा मरकजी ने बड़े ही अदबो एतिराम के साथ मजार शरीफ पर संदल इत्र गुलाबजल से गुस्ल की रस्म अदा कराई, बाद में दरगाह पर गुलपोशी चाद. रपोशी की गई। सलातो सलाम के बाद सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां ने देश में अमनो अमान के लिए दुआ की। इस मौके पर हजरत मौलाना सय्यद नूरी मियां, मौलाना सय्यद हसनैन मियां, सय्यद सिब्तैन मियां आदि मौजूद रहे। आज 16 नवंबर, इतवार को बाद नमाज असर मंजूरी चौक से एक शानदार जुलूस परचम कुशाई निकलेगा। बाद में दरगाह पर परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। इशा के बाद बाद तरही नातिया मुशायरा आयोजित किया जाएगा। 17 नवम्बर दिन पीर को बाद नमाज इशा एक अजीमुश्शान जलसा ए दस्तार बन्दी होगा, जिसमें मदरसे से फारिग होने वाले 7 बच्चों की दस्तार बन्दी की जाएगी। बाद में रात 2 बजे उर्स ए बशीरी व मंजूरी के आखिरी कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।

### विजेता बच्चों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के रेड रोजेज पब्लिक स्कूल में चिल्ड्रन्स डे के अवसर पर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय में बैडमिंटन, वॉलीबॉल व क्रिकेट जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बैडमिंटन में नैतिक, करण, मेघना, रचना, शौर्य और शाकिब विजयी रहे। वॉलीबॉल में बादल, प्रिंस, आयुष, रिवांश, जयंत, शिव प्रताप, हिमांशु और जुनेद की टीम ने जीत दर्ज की। क्रिकेट प्रतियोगिता में अदनान की टीम विजेता रही। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा एवं मेजर सुशील कुमार सक्सेना ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजपाल, रेखा, प्रेरणा, निखत सहित सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के प्रबंधक अजय सक्सेना और प्रधानाचार्य प्रियंका सक्सेना ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## लेखपाल का निधन, जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** श्यामपुर धौरेरा के रहने वाले क्षेत्र के सम्मानित लेखपाल मुकेश बाबू का शनिवार शाम करीब 5 बजे निधन हो गया। वे पिछले कई माह से बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे, जहां उपचार के दौरान उनका देहांत हो गया।

लेखपाल के छोटे भाई ने बताया कि लंबे समय से उनकी तबीयत नाजुक चल रही थी। परिवार और गांव में उनके निधन से गहरा शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जैसे ही अपने साथी लेखपाल मुकेश बाबू के निधन की खबर तहसील परिसर में प्रदेशीय आवाहन पर धरने पर बैठे तहसील के लेखपालों ने अपना धरना खत्म कर दिया और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके ग्रह ग्राम जाकर निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें लेखपाल संघ के अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, प्रेमपाल गंगवार, गौरव कुमार, योगेश कुमार आदि थे।

# टैम्पो की रफ्तार से शीशगढ़ बरेली मार्ग पर थम गए बसों के पहिए

## पहले डेढ़ दर्जन बसों का संचालन बंद हुआ अब सोमवार से इलेक्ट्रिक बसें भी होंगी बंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शीशगढ़ से शाही बरेली मार्ग पर तेजी से बढ़ती टैम्पो की तादाद से इस मार्ग पर संचालित निजी बसों के पहिए थम गए। दो माह पूर्व डेढ़ दर्जन निजी बसों का संचालन बंद हुआ। अब सोमवार से आधा दर्जन इलेक्ट्रिक बसों को भी इस मार्ग से हटाने का आदेश जारी होने से इलाके के लोगों में खलबली मच गई है।

बताते चलें कि शीशगढ़ से बरेली तक शाही होते हुए करीब दो दर्जन निजी बसों का संचालन होता था, जिसमें आधा दर्जन इलेक्ट्रिक बसें भी संचालित थी। निजी बसों का संचालन तो इस सड़क पर पिछले आठ दशक से हो रहा था, जबकि इलेक्ट्रिक बसों का संचालन पिछले करीब चार वर्षों से शुरू हुआ था। इस मार्ग पर संचा. लित निजी बसों से इलाके के लोग सीधे बरेली जिला मुख्यालय तक आसानी से पहुंच जाते थे, जिसमें व्यापारियों को भी अपना सामान लाने में बड़ी आसानी होती थी, लेकिन अब टैम्पो व टूक टूक की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने पर निजी बसों में यात्रियों की संख्या घटने से घाटा होने लगा लगातार घाटे को सहन न करने के कारण निजी बस संचालकों ने बसों का संचालन बंद कर दिया है।

> बैटरी से संचालित टैम्पों व टुक टुक का कोई रूट निर्धारित नहीं होता है, इसी की आड़ लेकर कुछ अवैध टैम्पों भी चलाए जा रहे हैं। इनको नियंत्रण करने के लिए पुलिस द्वारा जोन सिस्टम बनाया गया है, जल्द ही अभियान चलाकर ऐसे अवैध टैम्पो वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।
>
> **संदीप कुमार**
> **आर टी ओ प्रवर्तन**

### मिर्जापुर शाही बरेली मार्ग बनने से बढ़ गई टैम्पो, टुक टुक की संख्या

शीशगढ़ से मिर्जापुर शाही बरेली सड़क का निर्माण होने से इस सड़क पर वाहन फर्राटे से दौड़ने लगे जिस कारण टैम्पो व टुक टुक की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई। टैम्पों वाले कम सवारियों को बैठकर सीधे शाही, बरेली दौड़ लगाने लगे क्योंकि टैम्पो बैटरी से चलने के कारण खर्च भी नहीं आता चार्जिंग भी मुफ्त में कर लेते हैं, जबकि निजी बसें डीजल से संचालित होती है तो खर्च भी अधिक आता है और वह अपनी बसों को आधा घंटे के अंतराल से चलाते है।

### अवैध रूप से संचालित टैम्पों पर नहीं होती कार्यवाई

परिवहन विभाग की मिलीभगत से ही टैम्पों व टुक टुक का अवैध रूप से संचालन बदस्तूर जारी है। यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर इन अवैध टैम्पों में यात्रा करते हैं। फर्राटे से दौड़ लगाते यह टैम्पो दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं, लेकिन आज तक इन अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। यही कारण है कि इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इन टैम्पो में बैठकर शीशगढ़ से बरेली तक 55 किलोमीटर का सफर तय करना यात्रियों के लिए आसान काम नहीं। फिर भी यात्री मजबूर हैं, क्योंकि इस मार्ग पर निजी बसों का संचालन बंद हो चुका है।

### बसों का संचालन बंद होने से सरकार को हो रहा राजस्व का घाटा

शीशगढ़ बरेली मार्ग पर संचालित निजी बसों से शासन को प्रत्येक माह कई लाख रुपये राजस्व की प्राप्ति होती थी और यात्रियों को खासतौर से व्यापारियों को बड़ी सुविधा होती है, लेकिन अब इस मार्ग पर निजी बसों का संचालन बंद हो जाने से यात्रियों की कठिनाई तो बढ़ गई। साथ ही साथ व्यापार भी प्रभावित होने लगा है बसों पर काम करने वाले चालक, परिचालक ,हेल्पर सभी बेरोजगार हो गए।

### अवैध टैम्पो वालों ने बना लिया सड़कों पर अवैध स्टैंड

शीशगढ़ से मिर्जापुर, शाही, अग्रास, फतेहगंज पश्चिमी , बरेली तक सैकड़ों की संख्या में अवैध टैम्पो चलाए जाते है टैम्पों संचालकों ने शीशगढ़ के बरेली बस स्टैंड पर सड़क पर ही अवैध टैम्पो स्टैंड बना रखा है, जिस कारण सड़क पर जाम लगने से यात्री भी परेशान रहते है। अभी तक अवैध स्टैंड बनाने वालों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई, जबकि इन अवैध टैम्पो की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है हालात यह है सड़के भी छोटी पढ़ने लगी है।

# तहसील दिवस से गैर हाजिर रहने वाले कोतवाल पर एडीएम का चढ़ा पारा, तलब कर लगाई कड़ी फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह जन समस्याएं सुन रही थीं, इसी दौरान कोतवाल की अनुपस्थिति पर एडीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने तत्काल कोतवाल को तलब कर कड़ी फटकार लगाई। बुलावे पर पहुंचे कोतवाल सफाई देने में असमर्थ दिखाई दिए। मौके पर एसडीएम उदित पवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

तहसील दिवस के दौरान रेनू देवी ने शिकायती पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए। रेनू देवी ने बताया कि उसका विवाह वर्ष 2019 में सुरेंद्र पाल निवासी मियाँपुर, थाना नवाबगंज से हुआ था, जिनकी मृत्यु 23 अप्रैल 2025 को हो चुकी है। उसका छह माह का बेटा है और वह स्वयं आठ माह की गर्भवती है। रेनू देवी ने आरोप लगाया कि देवर और सास ने जमीन हड़पने की नीयत से 9 अगस्त 2025 को मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह मायके में रह रही है। उसके पति की लगभग 35 बीघा भूमि है, जिसमें से करीब 20 बीघा में खड़ी गन्ने की फसल को देवर और सास बेच रहे हैं। विरोध करने पर उसे धमकियां दी जा रही हैं और मारपीट की कोशिश की जाती है।



रेनू देवी ने यह भी कहा कि मृतक पति की लाइसेंसी बंदूक को भी देवर ने कब्जे में ले लिया है, और उसी से उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उसने संपत्ति पर कब्जा दिलाने, सुरक्षा देने और न्याय की मांग की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीएम पूर्णिमा सिंह ने तत्काल जांच के आदेश जारी किए। इसके साथ ही कस्बे की कहारान बस्ती की विनीता देवी पत्नी मुन्ना लाल ने नवाबगंज पुलिस द्वारा मेडिकल कराए जाने के एक सप्ताह बाद भी रिपोर्ट दर्ज न किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की, जिस पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने थाना नवाबगंज को कार्यवाही के आदेश दिए। आयोजन में ग्राम चंदपुर माफी के तहसील खां द्वारा वृक्षारोपण के दिए गए पट्टे कि भूमि पर खड़े पेड़ों को कटवाए जाने के बाद ग्राम प्रधान द्वारा न उठने देने की शिकायत की। तहसील दिवस में 104 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करने का दावा किया गया है।

# शिक्षक नेता को दूसरे समुदाय की दो लड़कियां ले जाते ग्रामीणों ने पकड़ा

**■ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, बीईओ बोले मामला संज्ञान में नहीं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ब्लॉक रिछा (दमखोदा) के एक उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक का शुक्रवार को दूसरे समुदाय की दो लड़कियों को कार में ले जाते हुए ग्रामीणों ने पकड़ा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में ग्रामीण एक शिक्षक को घेरे हुए दिखाई दे रहे हैं, उसके साथ बुर्का पहने दो लड़कियां हैं, यह लड़कियां उसी विघालय के गांव की बताई जा रही हैं, जो पूर्व में शिक्षक के तैनाती वाले विद्यालय में पढती हैं। हालांकि दैनिक शाह टाइम्स इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। ग्रामीणों के अनुसार शिक्षक अपनी कार से उक्त लड़कियों को कहींघ्ले जा रहा था। ग्रामीणों से बहस के बाद शिक्षक अपनी कार से चला गया, लड़कियों को ग्रामीणों ने उनके घर भेज दिया है। वायरल वीडीओ बहेड़ी के एक कॉलेज के पास का बताया जा रहा है। वायरल वीडीओ में दिख रहा शिक्षक प्राथमिक शिक्षक संघ का पदाधिकारी हैं। वायरल वीडियो का मामला उस गांव के ग्राम प्रधान पति के पास भी पहुंचा है। ग्राम प्रधान पति ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में आया है, अभी काम मे व्यस्त हूं, काम निपटाने के बाद देखता हूं। इधर इस संबंध में ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जगदीश कुमार का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, जानकारी कर उच्च अधिकारियों को सूचित कर कार्रवाई कराई जाएगी।



> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, मैं जानकारी करता हूं, और उच्च अधिकारियों को सूचित कर कार्रवाई कराता हूं।
>
> **जगदीश कुमार**
> **बीईओ रिछा ब्लॉक**

# योगी सरकार में धान खरीद ने पकड़ी रफ्तार 48 घंटे में किसानों के खाते में हो रहा भुगतान

**■ बरेली मंडल ने अब तक 1.06 लाख एमटी धान की खरीद, 24,536 लाख का हो चुका भुगतान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** किसानों को उनकी फसल का 48 घंटे के अंदर भुगतान करवाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद खाद्य एवं विपणन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। किसानों के पास जाकर धान की खरीद की जा रही है। 1 नवंबर 2025 से शुरू होकर 28 फरवरी 2026 तक धान खरीद चलेगी। बरेली समेत समूचे पश्चिमी यूपी में 1 अक्टूबर 2025 से धान की खरीद की जा रही है। योगी सरकार धान किसानों को उनकी उपज के बदले न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत भुगतान कर रही है। योगी सरकार ने सामान्य धान के लिये 2369 रुपये क्विटल और ग्रेड ए धान के लिये 2389 रुपये क्विटल समर्थन मूल्य तय किया है।

बरेली मंडल में धान खरीद और उतार को लेकर तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। क्रय केंद्रों से राइस मिलों को संबद्ध कर दिया गया है। रीजनल फूड मार्केटिंग ऑफिसर सचिन चौरसिया ने बताया कि बरेली, पीलीभीत, शाहज. हांपुर और बदायूं जिलों के लिए 7 लाख 19 हजार मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक मंडल में 1,06,853 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। मंडल के 17,077 किसानों के खातों में 24,536 लाख रुपये का भुगतान भेजा जा चुका है। उन्होंने सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि किसानों से लगातार संपर्क बनाए रखें। धान खरीद की गति बढ़ाएं। भुगतान में एक भी दिन की देरी न हो, ताकि किसान समय से गेहूं की बुवाई कर सकें।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में 2.86 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद नोडल एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष से 65,820 टन अधिक है। पूरे प्रदेश में 43,105 से अधिक किसानों के खातों में अब तक 545 करोड़ रुपये सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजे जा चुके हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि किसी भी किसान का भुगतान लंबित नहीं रहेगा और आधार-लिंक्ड खाते में धनराशि सीधे स्थानांतरित होगी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा जायेगा। एक-एक किसान को समय से उसका हक मिलेगा। जब तक किसानों के पास धान रहेगा। सरकारी क्रय केंद्र बंद नहीं होंगे। धान खरीद के मौजूदा आंकड़ों और फरवरी तक बढ़ाई गई अवधि के बाद उम्मीद है कि प्रदेश में 60 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के करीब पहुंच जाएगा।

# मोटर की खराबी से चीनी मिल हुई ठप, मिल यार्ड में गन्ना किसानों की भीड़

**■ शुभारंभ से ही जिले की एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल पर संकट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** बरेली जिले की एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा के पेराई सत्र का शुभारंभ हुए अभी एक सप्ताह भी नहीं बीता है, कि मशीनरी में खामी सामने आने लगी है। इसी खामी की वजह से शनिवार को मिल पूरे दिन ठप रही, जो देरशाम तक ठप थी। जबकि मिल यार्ड में किसानों के गन्ना लदे वाहनों की भीड़ जमा थी।

बरेली जिले में एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे नगर पंचायत देवरनियां के कस्बा सेमीखेड़ा में स्थित है। इसके 42वें वर्ष 2025-26 के गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ दस नवम्बर सोमवार को मिल के अध्यक्ष डीएम अविनाश सिंह ने बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार, एमएलसी बहोरनलाल मौर्य आदि के साथ किया था। इस बार 35 लाख क्विंटल से गन्ने की पेराई का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले वर्ष से तीन लाख कम है। पिछले सीजन में 38 लाख क्विंटल गन्ने का लक्ष्य था, मगर 23 लाख 20 हजार क्विंटल ही पेराई की थी। सूत्र बताते हैं कि मिल की मशीनरी में जो सामान लगाया गया है, वह सीए द्वारा मानक के अनुरुप नघ होकर कमीशन पर लिया गया है, जिस वजह से मिल की मशीनरी में खामी आ रही है। तमाम प्रयासों के बाद आखिर बुधवार की रात मिल चालू तो करा दी गई थी, मगर काफी धीमी गति से चल रही थी। चीनी मिलघ सूत्रों से मिली जानक. ारी के अनुसार पांच घंटे धीमी गति से चलने के बाद मिलघ वृहस्पतिवार रात को बंद हो गई, पटले पर गन्ने डम्प लगी हुई थी। हालांकि शुक्रवार को सुबह काफी धीमी गति से मिल चालू हो गई थी।



इधर शनिवार को सुबह दस बजे बॉयलर चार की मोटर में खामी आ गई, जिस वजह से मिल पूरे दिन बंद रही, जोकि देर तक चालू नहीं हो सकी थी। इस संबंध में मिल प्रबंधक किशनलाल से बात करना चाही, मगर उनका फोनघ रिसीव नहीं हुआ। हालांकि खामी दूर किए जाने के प्रयास हो रहे थे। मिल यार्ड में काफी तदात मेंघ किसान गन्ना लिए वाहन लेकर जमा थे। उल्लेखनीय रहे कि मिल के अध्यक्ष डीएम अविनाश सिंह ने मिल प्रबंधन को पेराई सत्र की शुरुआत से ही मिलघ पूरी क्षमता से चलाने के निर्देश दिए थे, मगर मिल प्रबंधन उस निर्देश पर खरा नहीं उतर रहा है, जिस वजह से किसानों में मिल प्रबंधन को लेकर आक्रोश पनप रहा है। मिल के उप सभापति सत्यपाल गंगवार भी मिल के अफसरों के काम-काज और रवैए से संतुष्ट नहीं हैं।

# ज्वेलर्स के घर शामली पुलिस की दबिश

## सूचना लीक हो जाने से आरोपी चर्चित ज्वेलर्स घर से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सराफा बाजार में शुक्रवार देर रात एक बार फिर पुलिस की सक्रियता देखने को मिली, जब शामली कोतवाली पुलिस ने अचानक दबिश दी। यह दबिश उसी चर्चित और विवादों में घिरे ज्वेलर्स के घर पर दी गई, जिसके खिलाफ लगातार शिकायतें मिलती रही हैं। हालांकि पुलिस का पहुंचना भी बेअसर साबित हुआ, क्योंकि कार्रवाई से पहले ही जानकारी लीक हो जाने के चलते आरोपित मौके से फरार हो चुका था।

गौरतलब है कि देर रात करीब 11 बजे के आसपास शामली पुलिस टीम धामपुर कोतवाली पहुंची, जहां जनपद के अधिकारियों को एक अहम मामला दर्ज कराने की जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस सीधा फल चौराहा स्थित उस ज्वेलर्स के घर पहुंची, जिसकी दुकान पिछले कुछ समय से कई मामलों में सुर्खियों में रही है।

पुलिस के पहुंचने तक घर का मुख्य गेट खुला मिला, लेकिन अंदर ज्वेलर्स मौजूद नहीं था। टीम ने घर के कई कमरों की तलाशी ली तथा परिजनों से पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की दबिश की सूचना किसी तरह पहले ही ज्वेलर्स तक पहुंच गई थी, जिसके चलते वह घर से निकल भागने में कामयाब हो गया।

यह पहला मौका नहीं है जब यह ज्वेलर्स पुलिस कार्रवाई हुई हो। करीब एक माह पूर्व आंध्र प्रदेश की विशाखापट्टनम पुलिस भी इसी ज्वेलर्स की दुकान पर छापामारी के लिए पहुंची थी। उस समय भी कार्रवाई शुरू होने से पहले मामला 'मैनेज' होने की चर्चाएं जोर पकड़ गई थीं और पुलिस बैरंग लौट गई थी।

शहर के लोगों का कहना है कि कई बार अलग-अलग जनपदों की पुलिस यहां आती है, लेकिन हर बार जांच अधूरी रह जाती है और टीमों को निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। इससे नगर में यह सवाल उठ रहे हैं कि आखिर सूचना बार-बार कैसे लीक हो जाती है और आरोपित कार्रवाई से बच कैसे जाता है। कुछ लोग इसे पुलिस की 'ईमानदार छवि' पर सवाल चिन्ह के रूप में देख रहे हैं।

शनिवार को पूरे दिन ज्वेलर्स की दुकान बंद रही, जिससे बाजार में अटकलों और चर्चाओं का दौर तेज बना रहा। लोग यह जानने को उत्सुक थे कि आखिरकार इस बार किस मामले में बाहर से पुलिस आई और आगे क्या कार्रवाई होगी।

देर रात की इस पूरी घटना के बाद से सराफा बाजार में दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। स्थानीय व्यापारी भी अपनी-अपनी दुकानों पर खड़े होकर देर रात तक इस घटना को लेकर बातें करते रहे।

# 'एक शाम: बागी सुल्ताना के नाम' कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** एक शाम बागी सुल्ताना के नाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

तिरुपति बालाजी कॉलोनी में अतिथियों द्वारा गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ आरंभ कार्यक्रम में सबसे पहले वरिष्ठ पत्रकार अमन कुमार त्यागी ने सुलताना के जीवन पर प्रकाश डाला और उसे अंग्रेजी शासकों के विरुद्ध बागी बताते हुए आमजन का हमदर्द बताया।

अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार डा. पंकज भारद्वाज ने कहा कि सुल्ताना के जीवन पर शोधकार्य होना चाहिए। वह केवल उन्हीं लोगों को लूटता था जो अंग्रेजी सरकार के पिट्ठू थे। देश-विदेश में सुलताना का नाम पहचाना जाता है और बिजनौर /नजीबाबाद की पहचान उसी के नाम से होती है।

मुख्य अतिथि डॉ.अनिल शर्मा 'अनिल' ने कहा कि सुल्ताना ने तत्कालीन शासन का विरोध धर्मान्तरण कराने और ईसाईयत को बढ़ावा देने की वजह से किया। सौ बरसों के बाद आज भी जिसकी चर्चा होता है। विशिष्ट अतिथि डॉ.भूपेन्द्र कुमार ने कहा कि सुल्ताना महिलाओं की इज्जत करता था, उसने जीवन में महिलाओं की इज्जत की रक्षा की, बहुतों की शादी में धन दिया।

मुख्य अतिथि डा. इलियास ने सुल्ताना पर गजल प्रस्तुत की, जबकि नागेन्द्र मधुकर ने एक कविता और गजल प्रस्तुत की। संयोजक संचालक कुमार मोनू रुबा, कारी शाकिर रिजवी, डा. आफताब नोमानी ने भी सुल्ताना पर केंद्रित काव्य पाठ किया जबकि स शिक्षक सुधीर राणा, दारा सिंह तोमर, आलोक त्यागी, गोविंद सिंह बौद्ध, राकेश मोहन भारती, बब्बन जैदी आदि वक्ताओं ने सुल्ताना के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के पश्चात गोविंद सिंह बौद्ध ने सभी को अल्पाहार कराकर अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के पश्चात बाहर से आए अतिथियों को वह किला भी दिखाया गया, जिसमें सुल्ताना अपने साथियों के साथ रहा था।

# फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में स्पोर्ट्स मीट का समापन



विजेताओं को मेडल देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवाला कलां।** फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में आयोजित दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट 2025 का समापन आज उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि लखपत सिंह (SHO, शिवाला कलां) रहे, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता बच्चों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

इस स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ 14 नवंबर को विद्यालय के मैनेजर संघर्ष चौहान, विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती कल्याणी चौहान तथा प्रिंसिपल अश्वनी कुमार शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल अनुराग यादव और स्कूल कोऑर्डिनेटर सुलभ चौहान भी उपस्थित रहे।

दो दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। योग, कबड्डी, वॉलीबॉल, रेस, लंबी कूद, गेंद फेंक, रस्साकशी ,बोरी दौड़, खो-खो सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों में खेल भावना और टीम वर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा।

विद्यालय के पीटीआई होमपाल सिंह एवं अमर सिंह ने बच्चों को खेल के नियमों की विस्तृत जानकारी दी और पूरे कार्यक्रम में मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित इस खेल महोत्सव की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

# बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत के निर्देशन में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई, जिसको देश भर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि प्रस्तुत की गई तथा अल्पायु में उनके द्वारा किए गए महान कार्यों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. अशोक कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के एक साधारण आदिवासी बिरसा मुंडा से भगवान बनने की कथा का वर्णन किया और साथ ही सभी को प्रेरित किया कि किस तरह से साधन विहीन स्थिति में होते हुए भी हम बेहतर कार्य कर सकते हैं।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि किस तरह से भगवान बिरसा मुंडा ने अन्य आदिवासियों को जल, जमीन तथा जंगल के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने अपने उद्बोधन में सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमें सभी महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए और अपने कर्तव्य पथ पर बढ़ते रहना चाहिए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक गण शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# गन्ना भुगतान में बिन्दल शुगर मिल चांगीपुर ने मारी बाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बिंदल शुगर मिल गन्ना पेराई सत्र 2025-26 की पहले शुरूआती पखवाड़े में किसानों के खरीदे गए गन्ने का भुगतान कर अब तक जनपद में ही नहीं अपितु पूरे उत्तर प्रदेश में गन्ना भुगतान के मामले में प्रथम स्थान पर है।

मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की बिंदल शुगर मिल चांगीपुर ने प्रदेश में सबसे पहले गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान किया। बिंदल शुगर मिल चांगीपुर नें अपने किसानों का 5 नवंबर से 12 नवंबर तक खरीदे गन्ने का समस्त गन्ना मूल्य भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा घोषित रू. 400/- प्रति कु. के हिसाब से कृषकों के खाते में भेजने की प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि इस पेराई सत्र से पूरे प्रदेश की सभी चीनी मिलों के गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान चीनी मिल द्वारा सीधे कृषकों के खाते में किया जाएगा।

इस अवसर पर बिंदल शुगर मिल के अधिशासी जितेंद्र कुमार मलिक ने कृषकों से अपील की कि वह पूर्व के वर्षों की तरह इस वर्ष भी चीनी मिल का सहयोग करते हुए साफ सुथरा ताजा, जड़-पत्ती एवं अगोला रहित गन्ना ही चीनी मिल में आपूर्ति करें।

इस दौरान गन्ना समिति नूरपुर के सचिव प्रदीप कुमार शर्मा, मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह, आईटी हेड शशि शर्मा, समिति के लेखाकार मोहित कुमार एवं उप प्रबंधक आईटी मनजीत त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# ऑल सेंट के विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति की मुलाकात


विचार व अनुभव किए साझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** बाल दिवस पर आल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर शिष्टाचार और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार एवं अनुभव साझा किये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के आल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य पी.एस. चौहान और शिक्षिका जैनब बानो के नेतृत्व में छात्रों का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति भवन पहुंचा, जहां बच्चों का उत्साह देखने योग्य था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बच्चों का आत्मीयता और सौहार्द के साथ स्वागत किया तथा उनसे बातचीत कर उनके भविष्य, पढ़ाई और रुचियों के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने भी पूरे शिष्टाचार और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की छात्रा लीबा नूर (कक्षा 7) ने राष्ट्रपति से अपनी पढ़ाई और करियर से जुड़ी आकांक्षाओं पर चर्चा की। वहीं ऐहतेशाम चांदी (कक्षा 12) ने विज्ञान क्षेत्र में अपनी रूचि के बारे में जानकारी दी और कहा कि राष्ट्रपति से मुलाकात ने उन्हें और अधिक प्रेरित किया है। छात्रा वरदा आयशा (कक्षा 12) ने बताया कि यह अवसर उनके व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। राष्ट्रपति के सरल और प्रेरणादायी व्यवहार ने उन्हें समाज के लिए बेहतर कार्य करने की प्रेरणा दी। इसी प्रकार स्पर्श सैनी (कक्षा 12, निवासी मोहल्ला खुराड़ा, शेरकोट) ने इस मुलाकात को अपने जीवन का सबसे यादगार क्षण बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रथम नागरिक से मिलना एक ऐसा अनुभव है, जो जीवनभर प्रेरणा देता रहेगा। प्रधानाचार्य पी.एस. चौहान ने कहा कि राष्ट्रपति से बच्चों की मुलाकात विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि छात्रों का चयन उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा, अनुशासन और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। प्रधानाचार्य ने यह भी कहा कि ऐसे अनुभव बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका समझने में मदद करते हैं। शिक्षिका जैनब बानो ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से छात्रों की यह मुलाकात उनके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरेगी और उन्हें उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधक शादाब खान ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुलाकात ने विद्यालय का मान बढ़ाया है। बच्चों के अभिभावकों ने भी गर्व प्रकट करते हुए कहा कि उनके बच्चों को यह सम्मान मिलना अत्यंत सौभाग्य की बात है।

मुलाकात के बाद बच्चे राष्ट्रपति भवन के विभिन्न प्रांगणों का अवलो. कन कर भारत की कला, संस्कृति और विरासत से रूबरू हुए। वही विद्यालय प्रबंधक शादाब खान ने बताया गया कि आने वाले समय में भी बच्चों को ऐसे ही अवसर प्रदान करने के लिए विद्यालय लगातार प्रयासरत रहेगा।

## एक नजर

### खाटू श्याम की पैदल यात्रा पर निकले अमित



**नगीना।** खाटू श्याम प्रेमी अमित विश्नोई 1900 किलोमीटर की पैदल यात्रा के लिए वैष्णो देवी धाम के लिए रवाना हुये। मौहल्ला विश्नोई सराय निवासी स्व. मास्टर तेज सिंह विश्नोई के 42 वर्षीय पुत्र अमित विश्नोई बाबा खाटू श्याम के पक्के भक्त हैं। वो नगीना सहित बिभिन्न तीर्थ स्थलों से बाबा खाटू श्याम धाम तक की पैदल यात्रा करते रहते हैं। अमित विश्नोई अपनी प्रथम 1600 किलोमीटर की पैदल यात्रा नगीना से खाटूश्याम तक, दूसरी 1700 किलोमीटर की पैदल यात्रा जागेश्वर धाम से खाटू श्याम तक तथा तीसरी 1600 किलोमीटर की पैदल यात्रा बद्रीनाथ से खाटू श्याम तक कर चुके हैं। अमित विश्नोई अब अपनी चौथी पैदल यात्रा के लिए शुक्रवार को अपने विश्नोई सराय स्थित निवास स्थान के निकट विश्नोई मंदिर से वैष्णो देवी धाम के लिए रवाना हुये। उनको परिजनों, शुभचिंतकों व खाटूश्याम प्रेमियों ने ढोल बाजे के साथ यात्रा की शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

### विवेकानंद में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**झालू।** विवेकानंद पब्लिक स्कूल स्थित मोहल्ला कानूनगोयान जो विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय में बाल दिवस के मौके पर सांस्कृतिक प्रोग्राम एवं विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी और गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेष कर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी एक्टिविटी से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विजेता छात्र एवं छात्राओं को प्रबंधक इरफान अहमद, अध्यक्ष आसिफ इकबाल और प्रधानाचार्य ने सम्मानित करते हुए उनको उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नसरीन अंसारी, तबस्सुम राना, शैला अंसारी, जाकिया, शीबा, रिजवाना, सुजाता, आसिफा, सिमरन, फिजा, सानिया, फरहीन, निशा, शाजिया अनम, जीनत, अर्जुमा, तबस्सुम, तरन्नुम आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

### शुगर मिल में वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर में गन्ना ढोने वाले वाहन बुग्गी, ट्रालियों और ट्रकों पर सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए रिफ्लेक्टर लगाए। इस दौरान सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह मौजूद कृषकों और ड्राइवरों से कहा कि हम सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु को एक खबर समझकर नजरअंदाज कर देते है, जबकि यह रंजिशन हुई हत्याओं से बहुत ज्यादा सड़क दुर्घटना में मरने वालों की है। हमें अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा हेतु सड़क पर ध्यानपूर्वक वाहन चलाना चाहिए। इस दौरान मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह, थाना निरीक्षक नजीबाबाद राहुल सिंह, नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, ट्रैफिक निरीक्षक रविनैन, बृजकुमार, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश कुमार, मौहम्मद युनुस, विकास पुंडीर आदि मौजूद रहे।

### पालिका टीम ने किया डोर टू डोर सर्वे



**किरतपुर।** मुरादाबाद मंडल आयुक्त के निर्देश पर नगरीय निकायों का परिसीमन तैयार किए जाने को लेकर नगर पालिका परिषद किरतपुर ने वार्ड-वार सर्वे शुरू कर दिया है। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के निर्देशानुसार पालिका टीम ने 14 नवम्बर को वार्ड अंबेडकरनगर में डोर-टू-डोर सर्वे कर आवश्यक विवरण एकत्र किए। परिसीमन हेतु निकाय की भौगोलिक स्थिति, इतिहास, स्थानीय कला, सांस्कृतिक कार्यक्रम/मेले तथा सांख्यिकीय जानकारी जुटाई जा रही है। इसी क्रम में पालिका ने नगर में सर्वे अभियान प्रारम्भ किया है। सर्वे के दौरान नोडल अधिकारी हसन मुस्तफा (प्रधान लिपिक) टीम के साथ मौजूद रहे। टीम में लेखा लिपिक सुरेंद्र सिंह, कर निरीक्षक ज्ञानेश्वरा नन्द, टीसी बाबूराम, गोपाल दत्त शर्मा, सफाई नायक सुंदर, प्रशांत, विजयपाल, मुस्तकीम सहित पालिका कर्मचारी शामिल रहे।

### वांछित अकील गिरफ्तार



**किरतपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना किरतपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पुलिस के अनुसार वाद संख्या 4308/24 धारा 406, 504, 506 में वांछित चल रहे अकील पुत्र हमीद निवासी मौहल्ला कुरैशियान, कस्बा व थाना किरतपुर को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि आरोपी नगर का एक प्रॉपर्टी डीलर है और लंबे समय से वारंटी चल रहा था। गिरफ्तारी की कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद के पर्यवेक्षण में की गई।

### क्रेडिट गारंटी योजना की घोषणा से जोश

**नगीना।** अमेरिका द्वारा भारत से निर्यात होने वाली अधिकतर वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया, जिससे भारत से अमेरिका होने वाला निर्यात प्रभावित हुआ। निर्यात को दोबारा इसी रफ्तार से शुरू करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने कारोबारियों की मदद के लिए 20 हजार करोड़ की क्रेडिट गारंटी योजना लागू करने की घोषणा की। केंद्र सरकार की इस घोषणा से नगीना के काष्ठकला उद्योग के भी दोबारा उसी रफ्तार से दौड़ने की उम्मीद जगी है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड की ओर से सदस्य ऋणदाता संस्थानों को 100 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी कवरेज दिया जाएगा। ताकि पात्र निर्यातकों को 20 हजार करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सुविधाएं दी जा सकें।

### चोरी की बाइक रखने पर दो साल की सजा

**नगीना।** अपर जिला जज अनुपम सिंह ने चोरी की बाइक रखने के मामले में बढ़ापुर के कुलबीर उर्फ कुलदीप उर्फ पंकज उर्फ नंदू को दोषी पाकर दो साल की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 2500 रुपए का जुर्माना लगाया है। एडीजीसी क्षितिज अग्रवाल ने बताया कि 22 जून 2020 को नगीना देहात थाने में तैनात तत्कालीन दरोगा सत्येंद्र सिंह ने गश्त के दौरान बढ़ापुर थाना क्षेत्र के जमालपुर ढिकली गांव के कुलवीर उर्फ कुलदीप उर्फ पंकज उर्फ नंदू को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## एक नजर

### विश्व उर्दू दिवस पर कार्यक्रम

**नगीना।** विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर सामरी साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में ए.के. मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कवि और साहित्यिक हस्तियों ने भाग लिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता शिक्षाविद् डॉ. आलमगीर काजमी ने की। जबकि संचालन प्रसिद्ध उर्दू लेखक और कॉलम लेखक डॉ. शेख नगीनवीं ने बखूबी निभाया। इस अवसर पर तनवीर आलम अंसारी को 'सामरी साहित्य पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, विश्व प्रसिद्ध कवि अथर शकील ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू सिर्फ भारतीय उपमहाद्वीप की नहीं, बल्कि एक वैश्विक भाषा है, जो पूरी दुनिया में बोली जाती है। उन्होंने कहा कि उर्दू भारत की साझा संस्कृति, प्रेम, सहिष्णुता और भाईचारे की प्रतीक है। उर्दू हमारी पहचान है। डॉ. आलमगीर काजमी ने कहा कि उर्दू दिवस हमारी भाषा, संस्कृति और पहचान के उत्सव का दिन है। उन्होंने कहा कि उर्दू सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि प्रेम, संस्कृति और मानवता की आवाज है। यह हमारी साझा गंगा-जमुनी तहजीब का सुंदर उदाहरण है। प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार डॉ. शेख नगीनवीं ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू के विकास के लिए आवश्यक है कि भाषा को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियां जारी रहें। नए लेखकों की रचनाओं को प्रकाशित कर उन्हें प्रेरित किया जाए और आधुनिक तकनीक अपनाकर इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ावा दिया जाए। समाजवादी पार्टी के नेता शमशाद रशीद ने भी उर्दू की अस्तित्व और संरक्षण पर प्रकाश डाला।

### बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में वनवासी हुतात्मा बिरसा मुंडा जयंती पर विविध सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा की फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद आदिवासी संस्कृति को दर्शाने वाली मनमोहक आदिवासी नृत्य प्रस्तुति हुई, जिसमें आयशा, गौरी और वंशिका ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। छात्राओं सिमरन, भूमि, मीनाक्षी, राशि और जोया ने प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बिरसा मुंडा के संघर्ष, जनहित के संदेश और समाज सुधार के विचारों को सजीव किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी कला प्रतिभा का परिचय दिया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य रेखा देवी के निर्देशन में किए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं मार्गदर्शन में शिक्षिका जॉली, सुषमा कुमारी, उषा रानी, सारिका, रीना यादव, अर्चना गुलाटी, विनोद शर्मा और धर्मवती का विशेष सहयोग रहा।

### बाल दिवस पर बच्चों को किया सम्मानित



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति के संरक्षक डा. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा सार्थक रस्तौगी, रुद्रांश सैनी, वेद सैनी, राज सैनी, लक्ष्य सैनी आदि बच्चों को बाल दिवस पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया व बिस्कुट टॉफी भेंट किये गए। डा. जितेन्द्र कौशिक ने बताया हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति द्वारा बाल दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा बाल दिवस के गीतों पर सुंदर सुंदर प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के अंत मे सभी बच्चों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। निर्मला कौशिक ने बताया की समिति का उद्देश्य बच्चो कों सम्मानित करके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनके जन्मदिन के अवसर पर नमन किया गया। साथ ही उनके जीवन के कुछ मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया।

### भाकियू भानू का परिचय सम्मेलन



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानू का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में संगठन के विस्तार, नई कार्यकारिणी के गठन तथा सभी ब्लॉक व तहसील स्तर पर दायित्व निर्धारण पर चर्चा की गई। जो साथी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके, उनसे शीघ्र संपर्क कर संगठन को और मजबूत बनाने पर बल दिया गया। युवा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा ने जिलाध्यक्ष इकबाल राइन का स्वागत किया। उसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों से किसी भी प्रकार की घटतौली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष इकबाल राईन, युवा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा, प्रदेश महासचिव राजेंद्र सिंह, मुख्य जिला प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार, जिला संगठन मंत्री अशोक कुमार, एससी/एसटी जिला अध्यक्ष सुनील कुमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना सिंह सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। युवा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा द्वारा मौहम्मद नईम अहमद को नजीबाबाद नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के अंत में इकबाल भाई ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व्यक्त किया।

### बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नगीना।** बाल दिवस के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन रावलहेड़ी उच्च प्राथमिक विद्यालय में बड़े उल्लास के साथ बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई, जिसके बाद उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्राओं के गीतों ने पूरे वातावरण को खुशनुमा और देशभक्ति के रंग में रंग दिया। शिक्षक परवेज आदिल ने बच्चों को संबोधित करते हुए पंडित नेहरू के जीवन और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेहरू जी को बच्चों से बहुत प्रेम था, इसीलिए उनके जन्मदिन को 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर परवेज आदिल, सौरभ शुक्ला, स्वाति वर्मा, रेनू रानी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# भाभी समेत आठ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

## हैंडलूम कारोबारी गुफरान की आत्महत्या का मामला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हैंडलूम कारोबारी गुफरान की आत्महत्या मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। मौत से पहले बनाए गए वीडियो में लगाए आरोपों के आधार पर पुलिस ने भाभी सना समेत आठ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर दी है। चौकी के सामने मारपीट व धमकी से आहत होकर गुफरान ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। मामले में पुलिस की लाप. रवाही उजागर होने के बाद एसपी ने विवेचक को निलंबित भी किया था।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी हैंडलूम कारोबारी गुफरान ने 24 अगस्त की शाम घर में ही पंखे के कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परि. जनों ने उस वक्त गुफरान का शव का सुपुर्देखाक कर दिया था लेकिन दो दिन बाद मोबाइल का पासवर्ड तोड़ने पर उसका एक वीडियो सामने आया था। जिसमें गुफरान ने अपनी भाभी सना समेत आठ लोगों की प्रताड़ना से तंग होकर आत्मघाती कदम उठाने का जिक्र किया था। इसके बाद मामले में पिता अताउल्लाह ने पुत्रवधू सना समेत मोहल्ला कोट निवासी फजल, मोहल्ला सराय कोहना निवासी सोनू कबाब वाला, बब्लू व मोहसिन, मोहल्ला चाहमुल्लान निवासी अय्यूब बावर्ची, मोहल्ला बटवाल निवासी तंजीम बेग, मोहल्ला तलवार शाह निवासी सलीम के खिलाफ बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। मरने से पहले बनाए गए वीडियो में गुफरान ने आरोप लगाया था कि 24 अगस्त की शाम करीब चार बजे फजल ने फोन कर उसे कोट चौकी पर बुलाया था। जहां पहले से सना समेत अन्य आरोपी मौजूद थे। दरोगा के सामने उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। धमकाते हुए आरो. पियों ने पुलिस की मौजूदगी में उसके साथ मारपीट की थी, इसके बाद चौराहे पर एक दुकान में बंधकर बनाकर भी पीटा था। आरोपियों से छूटकर घर पहुंचे गुफरान ने आत्महत्या कर जान दे दी थी। करीब दस दिन बाद गुफरान का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया गया था। जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई थी। इससे पहले पुलिस ने गुफरान की भाभी सना को कलियर से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था जबकि पुलिस की ढिलाई के चलते बाकी आरो. पियों ने हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे ले लिया था। इसके बाद शिकायतों पर एसपी अमित कुमार आनंद ने विवेचक अभिलाष प्रधान को निलंबित कर दिया था। विवेचना शहर कोतवाल पंकज तोमर को दे दी थी। प्रभारी निरीक्षक एवं विवेचक पंकज तोमर ने मामले में विवेचना पूरी करते हुए सभी आठ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लगाने की बात कही।

# भत्ता बढ़ाने को धरने पर बैठे लेखपाल

## स्थानान्तरण से नाराज लेखपाल सड़कों पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील परिसर में सोमवार को लेखपाल संघ का 9 वर्ष पुरानी मांगों को लेकर आक्रोश फूट पड़ा। तहसील अध्यक्ष विकास यादव की अगुवाई में बड़ी संख्या में लेखपालों ने धरना देकर सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। संघ का कहना है कि शैक्षणिक योग्यता व पदनाम में परिवर्तन, प्रारंभिक वेतनमान का उच्चीकरण, एसीपी विसंगति का समाधान, मृतक आश्रित लेखपालों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने, राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पद सृजन, स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर 1000 करने, मोटरसाइकिल भत्ता लागू करने और विशेष वेतन भत्ता 100 से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति माह किए जाने जैसी मांगें पिछले नौ वर्षों से लंबित पड़ी हैं। अध्यक्ष विकास यादव ने बताया कि प्रदेश के करीब 3000 लेखपाल अपने परिवारों से 500 से 1000 किलोमीटर दूर तैनात हैं और तनाव में नौकरी कर रहे हैं। 23 अगस्त 2018 को जारी शासनादेश के तहत अंतर्मंडलीय स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे, लेकिन आज तक स्थानांतरण सूची जारी नहीं हुई, जबकि अन्य विभागों में हजारों कर्मचारियों के स्थानांतरण हो चुके हैं। संघ ने यह भी रोष व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री द्वारा 2 जुलाई 2025 और 3 अक्टूबर 2025 को दिए गए निर्देशों के बावजूद चयन वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व निरीक्षक पदों पर डीपीसी अभी तक नहीं हो सकी है। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि समस्याओं का निस्तारण न होने की स्थिति में वे क्षेत्र छोड़ आंदोलन, कार्य बहिष्कार, जनप्रतिनिधियों के आवास पर प्रदर्शन तथा राजस्व परिषद और विधानसभा पर बड़े स्तर का आंदोलन शुरू करेंगे। धरना स्थल पर विशाल सागर, सचिन चौधरी, दिनेश कुमार, नीतू, रीना, अंकुल, गुंजन, रोहित, मोहित, अमित, विमल शर्मा, वैभव, दीपक, सिम्पल सिद्धू, प्राची भारद्वाज, रूबी रानी, रितु सिद्धू, सिम्पल सिद्धू, अंशु डंगवाल, अंशु चौधरी, अंकुल देओल, सचिन सिद्धू, दिनेश यादव, रोहित यादव, मोहित चौधरी, लक्ष्मण सैनी, दीपक खड़कवंशी, वैवभ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

### किशोर पर जंगली कुत्ते ने किया हमला, घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के हसनपुर कलां गांव में शुक्रवार को खेत पर धान झाड़ने पहुंचे परिवार के साथ एक पांच वर्षीय किशोर पर जंगली कुत्ते ने हमला कर दिया। घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है।गांव निवासी कौसिन्द्र भाटी का पांच वर्षीय बेटा सक्षम भाटी परिवार के साथ खेत पर मौजूद था। इसी दौरान अचानक ईख के खेत से निकले जंगली कुत्ते ने बच्चे पर हमला बोल दिया। बच्चे के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां काम कर रहे किसान मौके पर दौड़े और कुत्ते के चंगुल से बच्चे को बचाया।घायल बच्चे को स्वजनों ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया पहुंचायाद्य जहां चिकित्सकों ने एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाकर प्राथमिक उपचार किया। बाद में स्वजन उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# दहेज के लिए विवाहिता को जिंदा जलाने का प्रयास

## गंभीर हालत में दिल्ली रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** दहेज उत्पीड़न की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां ससुराल पक्ष पर विवाहिता को मिट्टी का तेल उड़ेलकर आग लगाने का गंभीर आरोप लगा है। गंभीर रूप से झुलसी पीड़िता को दिल्ली रेफर किया गया है, जबकि मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला बस्ती के मोहल्ला बगीची से जुड़ा हुआ है। यहां खायम अब्बास का परिवार रहता है। दो साल पहले उन्होंने अपनी बेटी निशा परवीन की शादी बस्ती के मोहल्ला अलीपुरा में रहने वाले मोहम्मद अकबर उर्फ मोनू के साथ की थी। निशा परवीन के एक साल का एक बेटा भी है। खायम अब्बास के आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले निशा दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। पूर्व में भी उसे मारपीट कर घर से निकाला जा चुका था। विवाद के बीच पंचायतें भी हुईं लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। आरोप है कि शनिवार सुबह ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मिट्टी का तेल उड़ेल निशा परवीन को आग के हवाले कर दिया। जान से मारने की नीयत से किए गए हमले में वह बुरी तरह झुलस गई। इसके बाद ससुराल वाले उसे निजी अस्पताल ले गए जहां हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर कर दिया। इसके बाद मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए, हंगामा होते देख ससुराल वाले घर छोड़कर भाग निकले। इसके बाद मायके वाले निशा को दिल्ली ले गए, जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। वहीं, सूचना मिलते ही सीओ अवधभान भदौरिया और इंस्पेक्टर सुनील कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, पड़ोसियों के बयान दर्ज करते हुए जांच-पड़ताल की। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। विवाहिता के पिता ने पति, सास, ससुर व देवर के खिलाफ तहरीर दी है। पीड़िता का बयान लेने के लिए पुलिस टीम को दिल्ली भेजा गया है।मुकदमा दर्ज कर जल्दी आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आम के बाग से स्टार्टर व केबिल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** नगर के भानपुर खालसा में स्थित आम के बाग में बनी ट्यूबबैल की कोठरी का ताला तोड़कर चोरों ने स्टार्टर और 80 फिट का केबिल चोरी हो गया। पानी चलाने गए किसान को घटना का पता चला तो उसने पुलिस को तहरीर दी। किसान के अनुसार उसे हजारों रूपये की क्षति पहुंची है। बता दें कि भानपुर खालसा निवासी बचन सिंह का आम का बाग है। शनिवार को वे अपने बाग में सिंचाई के लिए गए तो देखा कि कोठरी का ताला टूटा पड़ा है और स्टार्टर और केबिल गायब है। किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। किसान के अनुसार उसे हजारों रूपये की क्षति पहुंची है।

# गैंगस्टर के दोषी को दो साल आठ माह की सजा

## कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गैंगस्टर एक्ट के मामले में अदालत ने दो साल 8 महीने की जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। फिलहाल, मुकदमे में दोषी जमानत पर था।

मामला शहर कोतवाली से जुड़ा है। तत्कालीन कोतवाल हरीश वर्धन सिंह ने एक मार्च 2023 को थाना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव रायपुर खुर्द के रहने वाले कासिम के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना इंस्पेक्टर अरविंद कुमार त्यागी ने की थी। बाद में पुलिस ने आरोपी कासिम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई एफटीसी द्वितीय की अदालत में विचाराधीन थी। शुक्रवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई की गई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने कासिम को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार दिया। दो साल 8 महीने जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# लेखपालों की समस्याओं का समाधन किया जाये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने लेखपाल की समस्याओं का समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा है।

शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए कहा कि 9 वर्ष से लेखपाल पद की शैक्षणिक योग्यता एवं पदनाम परिवर्तन करने प्रारंभिक वेतनमान उच्चीकरण एसीपी विसंगति मृतक आश्रित लेखपालों की पुरानी विसंगति राजस्व निरीक्षक एवं नायाब तहसीलदार के अतिरिक्त सृजन स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़कर 1000 करने समेत अनेकों मांगों को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि नायाब तहसीलदार के 50% सीधी भर्ती के पदों में से 25% प्रतिशत पद शैक्षणिक के योग्यता एवं अहर्ता पूर्ण करने वाले लेखपालों के लिए विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरे जाने के लिए आरक्षित किया जाये। इस अवसर पर दीपक चौधरी, मनोज कुमार, मुस्तकीम अली, रविचंद्र, राजेश वर्मा, संजय चहल, हरमीत, मुकेश, पंकज शर्मा प्रमोद चौहान, बॉबी गौतम, शैली, प्रियंका आदि मौजूद थी।

### विनीत ने आर्म रेसलिंग में जीता गोल्ड मेडल



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** विनीत सिंह पुत्र श्री कृष्ण पाल सिंह जोया ब्लॉक के ग्राम काला खेड़ा थाना रजबपुर जनपद अमरोहा के रहने वाले है। आर्म रैसलिंग नेशनल चौंपियन 2025 का आयोजन 7-9 नवंबर को बेंगलुरु कर्नाटक में किया गया था जिसमें सभी राज्यों ने भाग लिया था जिसमें गोल्ड मेडल चैंपियन विनीत सिंह रहे है। जैसे परिवार के सदसयो को विनीत ने अपने परिजनों को बताया कि मे आर्म रेसलिंग नेशनल चौंपियन मे गोल्ड मेडल जीत लिया है परिवार के लोगों ने आतिश बाजी करते हुए खुशियां मनाई और गांव के लोगों ने भी विनीत के परिवार के सदस्यों को बधाई दी जैसे विनीत सिंह अपने घर पर आए गांव के लोगो ने फूल माला पहना कर और ढोल नगाड़े के साथ नाच गाने के साथ स्वागत किया।

### सिर पर ड्रम रिनग से महिला घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के भवालपुर माफी गांव में शुक्रवार दोपहर एक हादसे में किसान जाहिद हुसैन की पत्नी विलकिस जहां घायल हो गईं। खेत में धान झाड़ने के बाद पराली के ऊपर रखा ड्रम अचानक नीचे गिर पड़ा। उसी समय पराली के ढेर के पास बैठी महिला विलकिस ड्रम की चपेट में आकर घायल हो गई।परिवार के लोगों ने तुरंत उन्हें उपचार के लिए चौधरपुर स्थित जीवन 24 अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# कमाल के वालिद के निधन पर रामगोपाल ने जताया शोक

## नफीस उद्दीन की छवि ईमानदार नेता की थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कांठ विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर के पिता स्व. नफीस उद्दीन के निधन पर शोक जताया।

शनिवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगा. `पाल यादव उझारी कस्बे पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व चेयरमैन एवं कांठ विधायक कमाल अख्तर के पिता नफीसउद्दीन के निधन पर शोक जताया। उन्होंने देख जताते कहा कि कामरेड नफीस उद्दीन ने हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया। उनकी छवि ईमानदार व समर्पण तथा जनसेवा की रही। उनका योगदान क्षेत्र की सामा. जिक और राजनीतिक संरचना में महत्वपूर्ण रहा। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कामरेड नफीस उद्दीन का व्यक्तित्व सौम्य और जनता से गहरा जुड़ाव था। स्थानीय लोगों के बीच वह एक सम्मान व विश्वनीय जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते थे। क्षेत्रीय विकास व नगर की सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण व सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उन्होने उल्लेखनीय योगदान दिया। श्री यादव ने विधायक कमाल अख्तर व उनके परिवार को सांत्वना देने कहा कि इस कठिन वक्त में सपा परिवार उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर भूपेन्द्र चौधरी, नवेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# केजीके कॉलेज को हराकर जेएस फाइनल में

## हिन्दू कालेज मुरादाबाद से होगी खिताबी भिड़ंत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कालेज ने केजीके कालेज मुरादाबाद की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल मुकाबला हिन्दू पीजी कालेज मुरादाबाद की टीम से होगा।

शनिवार को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद की अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबले जेएस हिन्दू कालेज अमरोहा तथा केजीके कालेज मुरादाबाद की टीम के बीच हुआ। सेमीफाइनल मुकाबले में केजीके कालेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाये। जिसे जेएस हिन्दू कालेज अमरोहा की टीम ने मात्र 17 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया तथा मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। सचिन ने 37 बाल पर शानदार 70 रन का स्कोर किया जबकि अमित प्रजापति ने शानदार बॉलिंग करते हुए चार विकेट में 33 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। बल्लेबाज हर्ष गौतम का प्रदर्शन भी शानदार रहा। प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके कालेज का फाइनल मुकाबला हिन्दू पीजी कालेज मुरादाबाद से होगा। उन्होने उम्मीद जतायी कि उनकी टीम विजेता बनेगा। इस अवसर पर प्रबंध समिति के मंत्री योगेश जैन ने कालेज की टीम के शानदार प्रदर्शन पर हर्ष जताते कहा कि वह विजेता बनेगी।

# 600 मीटर दौड़ में चमके समद व 400 में आस्था ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र की न्याय पंचायत जलालपुर कलां की शैक्षिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दमखम दिखाया।

शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर बुजुर्ग में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि तेजपाल सिंह, ग्राम प्रधान लोकेश, एआरपी सुभाष एवं वरिष्ठ संकुल शिक्षक मोहम्मद मुंशी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी विशेष स्थान है। खेलों में भाग

**■ न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित**

लेकर बच्चों के मन में प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास की भावना का विकास होता है। आयोजित प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में सिद्धि प्रथम, निधि द्वितीय व सोनाक्षी तृतीय रही। 100 मीटर में गुनगुन प्रथम, दीपिका द्वितीय व रानी तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में गुनगुन प्रथम, रिया द्वितीय व आयशा तृतीय रही। 400 मीटर में आस्था प्रथम, कनिका द्वितीय व आयशानूर तृतीय रही। बालक वर्ग



जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में गौतम प्रथम, अंश तृतीय रहे। 200 मीटर में गौतम प्रथम, एयश द्वितीय व अजय तृतीय रहे। 400 मीटर में गौतम प्रथम, अंश द्वितीय व विशाल तृतीय रहे। 600 मीटर में समद प्रथम, मनदीप द्वितीय व अयान तृतीय रहे। गोला फेंक में यश प्रथम, अंश द्वितीय रहे। खो-खो में उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर बुजुर्ग की टीम प्रथम एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय महेशरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में खेल प्रभारी सत्येंद्र सिंह, बसु चौधरी, यतीश कुमार, निधि, नीतू, अशोक कुमार, रेनू, नीरज रानी, सीमा एवं सीमा चौधरी, अनामिका चौधरी, चमन सिंह, विजयपाल सिंह, खुशबू गर्ग, ज्योति चौधरी, निर्वेश, नेहा चाहल, कपिल कुमार एवं डॉ.पृथी सिंह आदि मौजूद रहे।

# फन, शख्सियत व तहजीब पर पेश किए गए मकाले

## फिरोज गोरखपुरी पर राष्ट्रीय सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फिराख गोरखपुरी पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

शनिवार को उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ तथा केयर एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी रामपुर के तत्वाधान में एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन ए.के.के. इंटर कॉलेज में किया गया। सेमिनार का विषय फिराक गोरखपुरी :हयात शख्सियत और फन रहा। पहले दौर की सदारत कर रहे प्रोफेसर नाशिर नकवी ने कहा की फिराकघ्की शायरी में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिलती है। मुख्य अतिथि डॉक्टर परवीन असरार ने कहा कि फिराक ने अपने नये अंदाज में हिंदुस्तानी तहजीब को पेश किया। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर जहीर दिल्ली विश्वविद्यालय ने कहा कि फिराक ने क्लासिक के वक्त में अपना एक अलग रास्ता बनाया। इसके अतिरिक्त में डॉ मोहम्मद मूसा जे, डॉक्टर शहपर शरीफ, डॉक्टर मोहम्मद आसिफ, इरम नईम ने अपने मकाले पेश किये। और फिराक के व्यक्तित्व और शायरी पर प्रकाश डाला। दूसरे दौर की सदारत कर रहे प्रख्यात शायर अजहर इनायती ने फिराक की शायरी पर अपनी नजम पेश की। सेमिनार में असरार अहमद रामपुर ,डॉ हसन अहमद निजामी रामपुर, शीबान कादरी अमरोहा, सुलेमान फराज हसनपुर ,रईस अहमद अमरोहा, डॉ महताब अमरोहवी आदि ने फिराक गोरखपुरी की हयात व खघ्दिमात पर मकाले और गजलें पेश की। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर जावेद नसीमी रामपुर ने किया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य आदिल अब्बासी व कार्यक्रम के कन्वीनर व आयोजक फैसल शाह खान एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एएसएम में स्पोर्ट फिएस्टा का आयोजन




**जोया।** एएसएम मॉडर्न एकेडमी में शनिवार को रिटायर इंडियन फोर्स प्लेईग ऑफिसर एंड नेशनल पोलो वॉलेट प्लेयर के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में मोहम्मद अर्श, कार्तिक कुमार आर्य, तनीषा, यातिका, मोहम्मद अर्श, भूमिका, धीरज, कृष्णा, साद, एहसान, आसिफ, अब्दुल्ला, हर्ष गिरी, प्रियांशी, तेजस, लव, गंगोत्री, आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी विजेता रहा। इस अवसर पर प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने विजय छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य कामना की।

# अभिषेक यादव बने सीओ सदर

**अमरोहा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने कई पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस लाइन में तैनात अभिषेक यादव को सीओ सदर नियुक्त किया गया है। जबकि सीओ ट्रैफिक पंकज कुमार त्यागी को सीओ हसनपुर की कमान सौंपी गयी है। दीप कुमार पंत सीओ हसनपुर को सीओ लाइन में तैनाती दी गयी है। इसके अलावा सीओ सदर शक्ति सिंह को सीओ ट्रैफिक नियुक्त किया गया है।

# छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बच्चों में कहासुनी के बाद दो पक्षों में हुए मारपीट की घटना के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

शुक्रवार की शाम को थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा में दो पक्षों के बीच मारपीट और पथराव की घटना हुई थी। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर हवाई फायरिंग का भी आरोप लगाया था। घटना से जुड़े वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हुए थे। पुलिस ने इस मामले में गौरव पक्ष की ओर से दो भाईयों अभिषेक और विशेष के साथ साथ विनय और पवन के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है तो वहीं विनय पक्ष ने दो भाईयों गौरव व सौरव के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसी के साथ ही थाना क्षेत्र के गांव नौनेर निवासी रहीसा ने गांव के चार भाईयों उमर, रजा, आश मौहम्मद व दीन मौहम्मद के विरूद्ध 11 नवम्बर में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है।




■ अमरोहा। राष्ट्रीय सेमिनार मतें विचार रखते वक्ता।

# डीएम और एसपी ने तहसील सदर में सुनीं जन समस्याएं

■ सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त 21शिकायतों में 04 का हुआ मौके पर निस्तारण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना तथा मौके पर ही उनके निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

समाधान दिवस के दौरान एक फरियादी शकील द्वारा अवगत कराया गया कि उनका गृहस्थी राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को तत्काल प्रभाव से राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। जिसपर जिला पूर्ति अधिकारी ने मौके पर ही फरियादी को राशन कार्ड बनाकर उपलब्ध कराया। फरियादी द्वारा राशन कार्ड प्राप्त होने पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को आभार व्यक्त किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने कोडेड यूरिया के दुरुपयोग के संबंध में शिकायत पत्र जिलाधिकारी को दिया। इस पर जिलाधिकारी ने उद्यान अधिकारी से कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता या विलम्ब क्षम्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की जमीनी स्तर पर जांच कर शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रार्थना-पत्रों की जांच एवं निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार तहसील बिलासपुर में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 12 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टाण्डा में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 28 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

इसके अतिरिक्त तहसील मिलक में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 16 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील स्वार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 29 शिकायतें प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# डीएम और एसपी ने सीडीओ के साथ जौहर शोध संस्थान का किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र तथा मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र के साथ रामपुर स्थित जौहर शोध संस्थान का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संस्थान में स्थित विभिन्न कक्षों, ऑडिटोरियम, पुस्तकालय, प्रशिक्षण कक्ष, स्टाफ रूम, परिसर में बने आवासीय भवनों तथा मीटिंग हॉल का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से भवन में उपलब्ध कुल आवासों एवं कक्षों की संख्या, उनकी वर्तमान भौतिक स्थिति, उपयोगिता, रख-रखाव एवं नियमित गतिविधियों के संचालन से संबंधित विस्तृत जानक. ारी प्राप्त की। उन्होंने भवन के भौतिक स्वरूप, स्वच्छता व्यवस्था, जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति, फर्नीचर तथा उपयोगी संसाधनों की स्थिति पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भवन की स्थिति में सुधार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि भवन की समुचित व्यवस्था के अनुसार आवश्यकतानुसार मरम्मत, रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, टूटी-फूटी वस्तुओं के प्रतिस्थापन एवं परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि भवन का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप सुचारु एवं प्रभावी ढंग से किया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने भी संस्थान में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेते हुए विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं को समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

# बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर मनाया जशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बिहार विधानसभा 2025 के हुए चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नितीश कुमार के नेतृत्व में एन.डी.ए. गठबंधन की प्रचंड बहुमत से मिली जीत पर भारतीय जनता पाटी व जनता दल यूनाईटेड के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ में बहुत जोश व उत्साह है।

इस सम्बन्ध में जिला महासचिव दिलशाद हसन एडवोकेट (जनता दल यूनाईटेड) व अन्य अधिवक्तागण व कार्यकर्ताओ ने बिहार में प्रचंड बहुमत से सरकार बनने पर खुशी का इजहार करते हुए कचहरी परिसर रामपुर में मिठाई वितरण की। इस अवसर पर दिलशाद हसन एडवोकेट जिला महासचिव (जनता दल यूनाईटेड) द्वारा पार्टी का जनाधार बढ़ाने व पूरे जोश के साथ आगामी 2027 में यू.पी में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से पूरी मेहनत व लगन के साथ पार्टी कार्यकर्ताओ को बूथ स्तर पर अपने बूथो को मजबूत करने की अपील की।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव एवं बरेली पीलीभीत प्रभारी भानू प्रताप यादव, जिला अध्यक्ष जगदीश सरन पटेल, जिला महासचिव दिलशाद हसन एडवोकेट, ताहिर हुसैन एडवोकेट, शहजाद हसन एडवोकेट, रामवीर शर्मा एडवोकेट, प्रदीप कुमार गंगवार एडवोकेट, राहुल यादव एडवोकेट, फरमान अली एडवोकेट, भगवत सरन एडवोकेट, शिव कुमार एडवोकेट, मारूफ आदि उपस्थित थे।

# मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु निर्धारित समय-सारणी की जानकारी दी गई। निर्धारित समय-सारणी में 18 नवम्बर 2025 को वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदर्स्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के पश्चात शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अन्तिम रूप से दिया जाना, 19, 20 व 21 नवम्बर 2025 को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को आयोग के अनुमोदनार्थ भेजने हेतु उपलब्ध कराया जाना, 24 नवम्बर 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा सम्भाजन सम्बन्धी प्रस्ताव आयोग के अनुमोदन के पश्चात प्रेषित किया जाना है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदेय स्थल का 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाये। किसी भी मतदेय स्थल पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक नहीं होनी चाहिए। पुराने, जर्जर या अस्थायी भवनों में स्थित मतदेय स्थलों को स्थायी भवनों में स्थानांतरित किया जाए। मतदेय स्थलों की नई सूची की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अंतिम समय में परिवर्तन की आवश्यकता न पड़े। किसी भी राजनैतिक दल या लेबर यूनियन के कार्यालय से 200 मीटर के अन्दर कोई भी मतदेय स्थल नहीं बनाया जाए। उन्होंने कहा कि 16 नवम्बर 2025 तक मतदेय स्थलों की दावे/आपत्ति दर्ज करा सकते है। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे अपने क्षेत्र में स्थित मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के संबंध में यदि कोई सुझाव या आपत्ति हो, तो उसे 18 नवम्बर 2025 तक संबंधित उप जिलाधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय को अवश्य उपलब्ध कराएं, ताकि दावे/आपत्तियों के निस्तारण के बाद सूची को समय पर अन्तिम रूप दिया जा सके।

# बिहार जीत पर स्वार में भाजपाईयों मनाया जशन की अस्तबाजी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्वार।** नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर के नेतृत्व में स्वार नगर मंडल में बिहार एनडीए गठबंधन की पूर्ण बहुमत से जीत हासिल की है इस उपलक्ष्य में स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने अपनी पूरी भाजपा के सभी पदाधिकारी को लेकर स्वार तहसील चौराहे और बिलासपुर चौराहे पर आतिशबाजी की। इसके अलावा एक दूसरे को मिठाई वितरित करते हुए और खिलाते हुए खुशी का इजहार जाहिर किया है और कहां है कि 2027 में भी उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार हम लाएंगे और पश्चिम बंगाल में भी जिसमें सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिससे कि स्वार नगर मंडल में आतिशबाजी और मिठाई वितरित करते हुए स्वार मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने कहा कि भाजपा सरकार अब 2047 तक भारत को विकसित भारत का जो सपना देखा था उसको पूरा करेगी। जिसमें उपस्थित स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, दिलीप अरोड़ा, महेंद्र सैनी ,विनेश मौर्य, रिंकू सैनी, राकेश कश्यप, राजेश शर्मा, लक्ष्मीकांत सैनी, डॉक्टर किशन लाल, चंद्र, भगवान दास सैनी, गोलू, मुकुट लाल, डॉली अरोड़ा, ब्रजकिशोर दिवाकर, अमरपाल, अतर सिंह, हरिश. चंद्र, सुनील दिवाकर उपस्थित रहे।

# नकली कृषि रसायन की बिक्री रोकने को लेकर किसान यूनियन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार रामपुर किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में तहसील सदर में एकत्रित हुए और प्रदर्शन करने के बाद तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिला अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सोपा ज्ञापन में नकली कृषि रसायनों की बिक्री रोकने उद्यान विभाग के घोटालों की जांच करने प्लाईवुड फैक्ट्रीयों में नीम कोटेड यूरिया का प्रयोग रोकने बागों अवैध कटान रो. कने अवैध प्लाटिंग बंद कराने आदि मांगे शामिल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा जहां एक और सरकार और प्रशासन प्रतिदिन किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कोई ना कोई योजना बना रहा है।

वहीं कृषि विभाग की मिली भगत से कैमरी रोड ग्राम चमरपुरा में एक दुकानदार खुलेआम नकली कीटनाशक दवाइयां किसानों के हाथों बेचकर उनकी फसलों को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने आगे कहा उद्यान विभाग पूरी तरह से भ्रष्ट विभाग साबित हो रहा है यहां पर किसानों को अनुदान पर मिलने वाले कृषि उपकरणों बीज व पौधों को विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की मिली भगत से दलालों के माध्यम से बंदर वांट किया जाता है। जब किसान यूनियन द्वारा इसकी शिकायत की गई और जिलाधिकारी जांच का आश्वासन दिया गया तब विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों ने मिली भगत कर 2023 में किसानों को मुफ्त बांटने के लिए आए हुए बीज को कूड़े के साथ जला दिया जिसके समाचार कई स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए हैं।

उन्होंने आगे कहा यदि जल्दी ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में युवा जिला अध्यक्ष इरशाद पाशा, सुनील कुमार सक्सेना, सोनू, मोहम्मद हारुन, आबिद अली, वाजिद अली, नूर आलम, वाजिद, दिनेश कुमार, विनोद कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# कोसी नदी क्षेत्रा में अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, 03 नामजद

■ प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में जमीन की हुई हदबंदी, लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

■ जिले में अभियान चलाकर सार्वजनिक जमीनों से हटेंगे अवैध कब्जे, दोषियों पर होगी कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** तहसील सदर के ग्राम मंसूरपुर क्षेत्र में राजस्व अभिलेखों में नदी की भूमि के तौर पर दर्ज शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा करके आम का बाग लगाने और शासकीय भूमि को नुकसान पहुंचाने वाले अवैध कब्जेदार सैयद मोहम्मद शाह, सैयद अशरफ शाह, सैयद जफर शाह उर्फ चोये मियां पुत्रगण सैयद हनीफ शाह निवासी मोहल्ला बजरिया झब्बू खां राजद्वारा, थाना कोतवाली रामपुर के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 329(3) के साथ साथ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इन अवैध कब्जेदारों का नदी क्षेत्र की गाटा संख्या 40 रकबा 0.2020 हेक्टेयर, गाटा संख्या 42/2 रकबा 0. 0630 हेक्टेयर, गाटा संख्या 43/5 रकबा 0.1260 हेक्टेयर तथा गाटा संख्या 43/3 रकबा 0.2750 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा था।

जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार तहसील सदर की राजस्व टीम द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर हदबंदी करा दी गई है। उपजिलाधिकारी सदर ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में नदी, तालाब एवं अन्य विभिन्न प्रयोजन के लिए राजस्व अभिलेखों में दर्ज संपत्तियों को अवैध अतिक्रमण/अवैध कब्जे से मुक्त कराया जा रहा है, साथ ही विभिन्न प्रकार के जमीनी विवादों को निस्तारित कराने की मुहिम लगातार जारी है।

## पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार के आवास पर बिहार की जीत पर वांटी मिठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक बहुमत मिलने की खुशी में दीक्षा गंगवार की आवास पर दीक्षा गंगवार अध्यक्ष नगर पालि. का परिषद मिलक एवं कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार समाजसेवी भाजपा नेता ने पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडे जी डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा पूर्व अध्यक्ष मनोज पांडे मंडल अध्यक्ष ममता अत्री महामंत्री नन्हे राम पांडे, योगी पांडे, भाजपा नेता मंडल मंत्री बसंत कुमार एडवोकेट, सरदार देवेंद्र सिंह, बूथ अध्यक्ष चंद्रभान मित्तल, अमित गंगवार, प्रदीप जाटव, सुशील गुप्ता, डॉ. शर्मा शंकर लाल शर्मा, रामनंदन, अनुज शर्मा एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रेक्टर ट्राली की आमने-सामने से भिड़ंत ट्रेक्टर चालक की मौके पर ही मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** टांडा बाजपुर मार्ग पर शुक्रवार की रात ट्रक और ट्रेलर की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें ट्रेलर के चालक की दर्दनाक मौत हो गई ड्राइवर की मौत से परिवार जनों में हड़कंप मच गया। आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद राहगीरों की मौके पर भीड़ जमा हो गई सूचना पाकर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और घायलों को उठाकर स्वार अस्पताल ले गई।

शुक्रवार की रात लगभग दस बजे एक ट्रेलर माल भरकर गाजियाबाद से रुद्रपुर जा रहा था की मानपुर तिराहे के निकट संधू होटल के पास आमने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे ट्रेलर चालक दिनेश राणा उम्र 40 ग्राम सलोना थाना धोलाना जनपद हापुड़ की मौके पर ही मौत हो गई।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और तमाम राहगीर की भीड़ भी इकट्ठा हो गई पुलिस ने राहगीरों की मदद से ट्रेलर ड्राइवर को स्वार अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया इस मामले की जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी तो परिजनों में हड़कंप मच गया।

परिजन रोते बिलखते स्वार आ गए लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि इस घटना के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने किसी तरह वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारु कराया दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए ट्रेलर और ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे मे कर मानपुर तिराहा चेक पोस्ट पर खड़ा कर दिया है।

## कुम्हारों वाली पुलिया से टंडोला मार्ग पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर पालिका कार्यालय के सामने कुम्हारों वाली पुलिया से मोहल्ला टंडोला को जाने वाले रास्ते पर मछली और सब्जी विक्रेताओं द्वारा फड़ लगाकर किए गए अतिक्रमण से तंग आए स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिली है।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में मोहल्ला टंडोला के तीन सभासदों सहित अन्य लोगों ने अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग की। पत्र में कहा गया कि विक्रेताओं के फड़ों से रास्ता बेहद संकरा हो गया है, जिससे लोगों को आवागमन में गंभीर परेशानी हो रही है। एडीएम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस और नगरपालिका की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया, जहां अतिक्रमण को पूरी तरह हटा दिया गया। टीम ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी कि यदि दोबारा फड़ लगाकर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

कार्रवाई दल में नगरपालिका के जेई अभिनेष कुमार तिवारी, लेखा लिपिक शुभम भारती, कस्बा इंचार्ज रामकुमार सहित अन्य पालिका कर्मी शामिल रहे।

# अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई तेज, 08 वाहन सीज

■ डीएम के निर्देश पर जिले में 10 चेकिंग पॉइंट्स पर रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक अधिकारी तैनात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बीती रात जनपद के विभिन्न चिन्हित चेक पॉइंट्स पर तैनात किए गए अधिकारियों द्वारा सघन चेकिंग के दौरान 08 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई है।

एसडीएम अमन देओल ने मसवासी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान ओवरलोड एक डंपर को सीज किया। यात्रीकर अधिकारी होरी लाल वर्मा ने बिना वैध नंबर प्लेट वाले 06 वाहनों के विरुद्ध सीज करने की कार्रवाई की साथ ही तहसील सदर क्षेत्र में बिना वैध प्रपत्रों के संचालित हो रहे रेत से भरे डंपर को सीज करते हुए अजीतपुर चौकी में खड़ा कराया गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा जनपद में चिन्हित 10 चेक पॉइंट्स पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को चेकिंग कार्य के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह सभी अधिकारी रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक अपने चेक पॉइंट्स पर उपस्थित रहकर चेकिंग प्रक्रिया को प्रभावी बना रहे हैं। इन चेकिंग पॉइंट्स में मसवासी चौराहा, मानपुर तिराहा, दड़ियाल तिराहा, खौद चौराहा, चाकू चौराहा, बिलासपुर बॉर्डर, चकफेरी मोड, सौफ्टी होटल, थाना पटवाई और रठौंडा चौराहा शामिल हैं।

# नोएडा में बनेंगे सौर ऊर्जा के उपकरण

## 200 एकड़ में बनेगा प्लांट, 3000 करोड़ से अधिक निवेश की कंपनियां होंगी शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर-8 में सौर ऊर्जा के उपकरण तैयार करने के लिए 200 एकड़ में प्लांट बनाया जाएगा। इसके लिए सील सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को यमुना प्राधिकरण ने जमीन आवंटित कर दी है। कंपनी पैनल शीट और अन्य संयंत्र तैयार करेगी।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि यह क्षेत्र में नई ग्रीनफील्ड परियोजना होगी। इसे अल्ट्रा मेगा श्रेणी में रखा गया है। इस श्रेणी में तीन हजार करोड़ रुपए या इससे अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को शामिल किया जाता है। कंपनी ने यीडा से सेक्टर-8 में प्लांट स्थापित करने के लिए जमीन मांगी थी। इस साल 24 फरवरी को प्राधिकरण ने



कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी करते हुए प्रस्ताव शासन को भेज दिया।

**10 जुलाई को जारी किया था पत्र:** बीते 10 जुलाई को इंवेस्ट यूपी ने कंपनी के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए इसका पत्र जारी किया। अब प्राधिकरण ने भी कंपनी को भूमि आवंटित कर दी। कंपनी के पास भारत में 6.7 गीगावॉट से ज्यादा की सोलर परियोजना है। इनमें कुछ चल रहे हैं और कुछ निर्माणाधीन हैं। कंपनी के पास पहले से 3.5 गीगावॉट की टॉप कोन सोलर मॉड्यूल तैयार करने की क्षमता है।

### स्काईमार्क बिल्डिंग के पास गैस पाइपलाइन फटी

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-98 स्थित स्काई मार्क बिल्डिंग के पास आईजीएल गैस की पाइपलाइन अचानक से लीक हो गई। इससे इलाके में अफरातफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पर पुलिस, दमकल कर्मी और आईजीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद गैस सप्लाई बंद कर स्थिति को नियंत्रण में किया। गनीमत रही कि लीकेज के दौरान आग नहीं लगी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बताया गया कि मौके पर नोएडा प्राधिकरण के ईएंडएम विभाग की ओर से खुदाई का काम किया जा रहा था। इसी दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे तेज गति से गैस निकलने लगी और हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही संबंधित टीम ने तुरंत सप्लाई रोक दी।

इसके साथ ही पाइपलाइन के आसपास के क्षेत्र को घेराबंद कर दिया गया और लोगों को उस दिशा में जाने से रोका गया। दमकल विभाग की टीम ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर मौके पर पहुंची और गैस का स्तर चेक किया।

# संदिग्ध मौत के मामले में न्यायालय ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के मामले में नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस को 48 घंटे के भीतर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने माना कि शिकायतकर्ता के कथनों के आधार पर प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध बनता है, जिसकी निष्पक्ष विवेचना आवश्यक है।

प्रार्थी अदनान अली का कहना है कि उसका भाई अरमान ग्रेटर नोएडा में मोहम्मद फैज के पास वेल्डिंग का काम करता था। आरोप है कि फैज को शक था कि उसकी बहन और अरमान के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी शक को लेकर फैज ने अरमान के साथ झगड़ा किया, जिसके बाद अरमान कुछ समय के लिए अपने गांव हसनपुर लौट आया। कुछ दिन बाद फैज ने दोबारा अरमान को फोन कर बुलाया और काम पर लौटने को कहा। अरमान 15 अगस्त 2025 को घरवालों को बताते हुए दोबारा ग्रेटर नोएडा के गोदरेज फ्लैट टावर में ठेकेदार इंतजार के पास काम करने चला गया। अदनान के अनुसार 17 अगस्त को अरमान ने अपनी मां नाजरा से बात की थी। उस समय वह बेहद घबराया हुआ लग रहा था। अगले दिन मां द्वारा फोन मिलाने पर कॉल नहीं उठा। 18 अगस्त की शाम फैज ने परिवार को फोन कर बताया कि अरमान गायब है। इस पर अदनान और उसका मौसी का लड़का शाहरुख 19 अगस्त को ग्रेटर नोएडा पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

24 अगस्त को नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने फोन कर बताया कि अरमान का शव गोदरेज टावर में मिला है। जब परिजन पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों ने अरमान के शरीर पर कई चोटों के निशान देखे। इसके बाद परिजन उस 17वीं मंजिल पर पहुंचे जहां से शव मिला था। उनका दावा है कि कमरे में दीवारों और फर्श पर काफी मात्रा में खून फैला हुआ था। ठेकेदार इंतजार और फैज ने परिजनों से कहा कि वह इस टावर में नहीं रहते और न ही उन्होंने कुछ किया। पुलिस ने उनके द्वारा खींची गई खून से सने कमरे की तस्वीरों की भी जांच नहीं की और मामले को आत्महत्या करार देने की कोशिश की।

परिवार ने 24 अगस्त को थाना नॉलेज पार्क में तहरीर देकर हत्या की एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन उनके अनुसार पुलिस ने ठेकेदार इंतजार के दबाव में रिपोर्ट दर्ज नहीं की। न्यायालय ने माना मामला गंभीर, विवेचना आवश्यक है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि शिकायतकर्ता के कथनों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर यह मामला मानव मृत्यु से संबंधित है। प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध है। ऐसे कई तथ्य हैं, जिनकी सच्चाई पुलिस विवेचना से सामने आ सकती है। इसलिए मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।

# अनावश्यक शटडाउन पर रोक, उपभोक्ता सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता: ऊर्जा मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने गौतमबुद्ध नगर भ्रमण के दौरान कल देर शाम नोएडा में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने गौतमबुद्ध नगर और विशेषकर जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर विस्तृत दिशा निर्देश दिए।

मंत्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट एक महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है, इसलिए यहां 24×7 निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार का अनावश्यक शटडाउन न लिया जाए, ताकि उपभोक्ताओं एवं औद्योगिक इकाइयों को किसी



असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शटडाउन केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही, और पूर्व सूचना के साथ लिया जाए।

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने नोएडा में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक दक्ष एवं उपभोक्ता-हितैषी बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने घोषणा की कि नोएडा में एक अत्याधुनिक एवं नवीनतम कमर्शियल ऑफिस भवन बनाया जाएगा, जिसमें विभाग के सभी अधिकारी एक ही परिसर में साथ बैठ सकेंगे। इससे विभागीय समन्वय, कार्यक्षमता तथा उपभोक्ता सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

मंत्री श्री शर्मा ने विद्युत लाइनों के रखरखाव, ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि, बिलिंग एवं राजस्व वसूली प्रणाली को मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और फील्ड कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

इस समीक्षा बैठक में एमडी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम, एसई, अधिशासी अभियंता, तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### विवाद में कार सवार युवकों ने टैक्सी चालक को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा के रसूलपुर गांव में एक दुकान के सामने खड़ी टैक्सी नहीं हटाने पर विवाद हो गया। कार में सवार तीन लोगों ने टैक्सी चालक के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रसूलपुर गांव में रहने वाले विनीत तोमर अपनी निजी कार टैक्सी में चलाते हैं। शुक्रवार की रात वह अपना काम कर टैक्सी से वापस अपने घर लौट रहे थे। गांव के समीप एक दुकान के सामने गाड़ी खड़ी कर मूंगफली खरीदने लगे। इसी बीच एक गाड़ी में सवार तीन लोग पीछे से आए और गाड़ी हटाने के लिए हॉर्न बजाने लगे। पीड़ित ने कहा की गाड़ी आगे खड़ी कर लो आगे काफी जगह है। इस बात पर इनके बीच विवाद हो गया। पीड़ित ने बताया कि तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की।

## एक नजर

### मॉल परिसर में कई बार हंगामा करने पर तीन पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मॉल में कई बार हंगामा करने और मॉल प्रबंधक व संचालक के साथ अभद्रता करने के मामले में कथित थाई महिला समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मॉल के ऑपरेशन मैनेजर अमित त्यागी की शिकायत पर मॉल परिसर में कियोस्क संचालित कर रहे गगन मल्होत्रा, अजरा सेंवाला और शिमोना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस मामले की जांच कर रही है। मॉल के मैनेजर अमित त्यागी ने पुलिस से शिकायत की है कि मॉल के ग्राउंड फ्लोर पर कुछ कियोस्क बने हैं, जिसमें 2 से 3 कियोस्क अजरा सेंवाला किराए पर लेकर संचालित कर रही है। ये अपने को थाइलैंड का निवासी बाताती है। जिनकी बेटी और अन्य पार्टनर गगनदीप भी उनके साथ काम करते हैं। ये लोग आसपास के कियोस्क संचालकों के साथ भी मारपीट करते हैं। इनकी कई शिकायतें पहले भी मिल चुकी थीं। ऐसे में इनको समझाने का प्रयास किया लेकिन हर बार एंबेसी में शिकायत दर्ज करवाने और मॉल को बंद करवाने की धमकी देती हैं। 25 मई 2025 को बारिश के कारण इनका कियोस्क अस्तव्यस्त हो गया, जिसके बाद इन तीनों ने मिलकर जमकर हंगामा किया। कोतवाली प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### विदेशी नंबर से धमकी, फेक इंस्टा आईडी बनाकर बदनाम करने का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले युवक को विदेशी नंबर से धमकी भरे संदेश भेजने और उसकी फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर बदनाम करने का मामला सामने आया है।

कोंडली बांगर गांव सेक्टर-149 में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि विदेशी नंबर से उन्हें पिछले कुछ दिनों से लगातार भद्दे, अपमानजनक और धमकी भरे व्हाट्सएप संदेश भेजे जा रहे हैं। आरोपी द्वारा उनके नाम व फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाए गए हैं। 6 फरवरी 2025 से आरोपी ने व्हाट्सएप पर अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी देना शुरू किया। इसके बाद फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर पीड़ित की तस्वीर लगाई गई और उस पर बेहद आपत्तिजनक तथा अश्लील स्टेटस पोस्ट किए गए। आरोपी न सिर्फ उनके खिलाफ गलत जानकारी फैला रहा है, बल्कि उनकी मोबाइल संपर्क सूची में मौजूद लोगों तक भी भ्रामक संदेश पहुंचा रहा है। जिससे उनकी सामाजिक छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। आरोपी उनकी गति. विधियों पर नजर रखकर उन्हें लगातार डराने का प्रयास कर रहा है। आरोपी ने दूसरी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उनके परिवार को भी निशाना बनाया। इस आईडी से पीड़ित की पत्नी और परिवार के सदस्यों के बारे में अत्यंत भद्दी, आपत्तिजनक और चरित्रहनन वाली बातें लिखकर भेजी गईं। कोतवाली प्रभारी सर्वेश ने कहा कि केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### आईजीएल कर्मी बनकर सेवानिवृत्त कर्नल से 30 लाख की ठगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** साइबर जालसाजों ने आईजीएल कर्मी बनकर सेवानिवृत्त कर्नल का मोबाइल हैक कर खाते से 30 लाख रुपये निकाल लिए। जालसाजों ने कनेक्शन कटने की बात कहकर एपीके फाइल भेजकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। सेक्टर-28 में रहने वाले सेवानिवृत्त कर्नल ने पुलिस से शिकायत की है कि उनके पास सात नवंबर को राहुल नामक शख्स का फोन आया और खुद को आईजीएल कर्मी बताया। उसने कहा कि आपका आईजीएल बिल बकाया है और कुछ देर में ही कनेक्शन कट जाएगा। दो घंटे में बिल जमा नहीं करने पर कनेक्शन कटने की चेतावनी दी। कर्नल ने बिल जमा होने का दावा किया। तब तक जालसाज ने उन्हें एपीके फाइल भेजकर कहा कि इसमें बकाया बिल है।

इस पर पीड़ित ने एपीके फाइल खोला तब मोबाइल हैक हो गया। अगले दिन जब पीड़ित के पास रकम कटने की जानकारी आई तब उन्होंने बैलेंस चेक किया। इसमें पता चला कि ठगों ने मोबाइल हैक कर तीन क्रेडिट कार्ड्स व बैंक खाते की जानकारी हासिल की और ठगी को अंजाम दिया। पीड़ित ने तत्काल बैंक शाखा, एनसीआरपी पोर्टल और साइबर क्राइम थाना पुलिस से शिकायत की। एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर खातों की जांच की जा रही है।

# बिहार में मिले चुनाव परिणाम से सभी पार्टियों को सबक लेना होगा: रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 22 आर डब्लू ए संरक्षक, ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक एवं समाजवादी पार्टी से प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिले प्रचंड बहुमत और महागठबंधन की बुरी हालत पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों को इस चुनाव से सबक लेना चाहिए। अगर चुनाव जीतना है तो सर्व समाज को साथ लेकर चलना होगा, किसी जाति व धर्म विशेष को लेकर चुनाव लड़ तो सकते हैं लेकिन जीत की कोई गारंटी नहीं होगी। इसलिए ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, सभी को साथ लेकर चलना होगा। देश हित की



बात करनी होगी। युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान करना ही होगा। जनता की समस्याओं को उठाने के लिए सड़कों पर उतरना होगा। एसी के कमरों में बैठकर राजनीति करनी अब महंगी पड़ेगी।

### योग सत्र में लोगों ने ठहाके लगाए

**नोएडा।** सेक्टर-21 जलवायु विहार के सामुदायिक केंद्र में शुक्रवार को जेवीसीसी लाफ्टर क्लब का 11वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में 20 मिनट का लाफ्टर योग सत्र हुआ। इसमें एक्यूप्रेशर, गहरी श्वास-प्रश्वास क्रियाएं, बच्चों जैसी खिलखिलाहट और सामूहिक हंसी तकनीकें का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपोलो अस्पताल के सीईओ राज रैना रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शेखर मेनन द्वारा शंख ध्वनि से हुआ। इस अवसर पर क्लब के संस्थापक सेवानिवृत कमोडोर अशोक सहनी ने बताया कि क्लब की शुरुआत 2014 में 15 सदस्यों के साथ हुई थी। आज यह क्लब पूरे एनसीआर के 220 से अधिक सदस्यों का एक जीवंत समुदाय बन चुका है।

# प्राधिकरण ने गेल की साधारण ब्याज मांग ठुकराई

■ 88 लाख लीज पर 6.5 करोड़ चक्रवृद्धि ब्याज चुकाना होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने गेल (इंडिया) लिमिटेड की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने सेक्टर 16ए स्थित अपने संस्थागत भूखंड पर बकाया लीज रेंट के ब्याज की गणना साधारण ब्याज के आधार पर करने का अनुरोध किया था। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि मौजूदा ब्याज मांग पूरी तरह से लीज डीड की शर्तों के अनुरूप है। इसे पूर्व प्रभाव से बदला नहीं जा सकता।

यह मामला सेक्टर 16ए के 17,466 वर्गमीटर के संस्थागत भूखंड से जुड़ा है, जिसे तीन जुलाई 1986 को गेल को आवंटित किया गया था। लीज डीड एक जनवरी 1992 को निष्पादित हुई और दो अप्रैल 1992 को भूखंड का कब्जा सौंपा गया। यह भूखंड मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट स्थापित करने के लिए दिया गया था और आवंटन से संबंधित सभी किस्तों का भुगतान गेल पहले ही कर चुका है। समस्या तब उत्पन्न हुई जब कंपनी ने 'एन्हांस्ड लीज रेंट' का भुगतान नहीं किया, जिसे प्राधिकरण की नीति के अनुसार हर 10 साल में 50 प्रतिशत बढ़ाया जाता है।

**88 लाख लीज रेंट, 6.5 करोड़ ब्याज:** 1992-93 से 2025-26 तक लीज रेंट का बकाया लगभग 88 लाख हो गया है। जबकि प्राधिकरण की वित्तीय नीति के तहत चक्रवृद्धि ब्याज जोड़ने पर कुल ब्याज 6.5 करोड़ तक पहुंच गया है। गेल ने नौ जून 2025 को भेजे गए पत्र में अनुरोध किया था कि ब्याज की गणना चक्रवृद्धि के बजाय साधारण ब्याज पर की जाए।

कंपनी ने दलील दी कि 2015 में नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की 187वीं बैठक में सेक्टर एक के दो अन्य भूखंडों पर साधारण ब्याज लागू किया गया था। इसलिए सेक्टर 16ए के मामले में भी समान राहत दी जानी चाहिए। तीन अक्टूबर को हुई बोर्ड बैठक में अधिकारियों ने लीज डीड की उस धारा की ओर ध्यान दिलाया जिसमें वार्षिक लीज रेंट मूल प्रीमियम के 2.5 प्रतिशत के आधार पर तय किया गया है।

चूंकि सेक्टर 16ए के इस भूखंड के लिए कभी भी सप्लीमेंट्री डीड निष्पादित नहीं हुई। इसलिए लीज रेंट पुराने आधार पर चलता रहा। प्राधिकरण ने कहा कि आवंटियों के साथ समानता और कानूनी शर्तों के अनुसार वित्तीय निर्णय होने चाहिए। बोर्ड ने प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि ब्याज मांग पूरी तरह वैध है। इसलिए गेल को 6.5 करोड़ से अधिक का चक्रवृद्धि ब्याज ही देना होगा।

# कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-54 में सड़क पर कूड़ा फेंकने और जलाने के मामले में प्राधिकरण ने शनिवार को कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। बताया जा रहा है कि कंपनी किसी दूसरी जगह है, वहां से कूड़ा लाकर सेक्टर-54 में फेंका जा रहा था। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इंदु प्रकाश और गौरव बंसल के नेतृत्व में टीम ने शनिवार को औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सामने आया कि मास्टर प्लान रोड नंबर-2 पर सेक्टर-54 के सामने मैसर्स अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स लिमिटेड के बैग्स में कूड़ा भरा हुआ था।

इन बैग्स के आधार पर प्राधिकरण की टीम ने जांच की तो पता चला कि यह कंपनी सेक्टर-60 के बी ब्लॉक में है।



कंपनी पहुंचने पर वहां पर नजर आया कि ग्रैप के नियमों का उल्लंघन कर सड़क पर ही कूड़ा डालकर उसको जलाया जा रहा था। ऐसे में कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# यूपी में मूर्तिकार को भूषण अवॉर्ड देने आई महाराष्ट्र सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अजीत पवार शुक्रवार शाम नोएडा पहुंचे। उन्होंने सेक्टर-19 स्थित मूर्तिकार राम सुतार के आवास पर उन्हें 'महाराष्ट्र भूषण 2024' से सम्मानित किया।

100 साल के राम सुतार इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं। स्वास्थ्य कारणों से वह मुंबई में आयोजित सम्मान समारोह में नहीं जा सके थे। मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, संस्कृति मंत्री आशीष सैलार खुद उनके घर पहुंचे और उन्हें राज्य का सबसे बड़ा सम्मान दिया।

देवेंद्र फडणवीस ने 20 मार्च को विधानसभा में मूर्तिकार राम सुतार को राज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'महाराष्ट्र भूषण' देने की घोषणा की थी। इसके तहत 25 लाख रुपए और एक स्मृति चिह्न दिया गया। ब्ड फडणवीस ने कहा, अपनी कला के बूते राम सुतार ने पूरी दुनिया में अलग पहचान बनाई। इस दौरान गौतमबुद्धनगर के भाजपा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा भी साथ थे।

**मूर्तिकार राम सुतार धुले महाराष्ट्र के रहने वाले:** राम सुतार के बेटे और मूर्तिकार अनिल सुतार ने कहा, पिता को घर आकर सम्मानित करने के लिए वह महाराष्ट्र सरकार के आभारी हैं। पिता राम सुतार ने इसी साल फरवरी में 100 साल की आयु पूरी की है। महाराष्ट्र के गोंडूर गांव में एक गरीब परिवार में 19 फरवरी 1925 को जन्मे राम सुतार ने अपना स्टूडियो नोएडा में ही बनाया है। वह वर्ष 1990 से यहीं रह रहे। पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित राम सुतार ने कई ऐतिहासिक मूर्तियां और स्मारक बनाए। महात्मा गांधी की साढ़े तीन सौ से अधिक मूर्तियां उन्होंने गढ़ी हैं।

# तीनों तहसीलों में 142 शिकायतें दर्ज, 11 का हुआ समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 142 शिकायतें दर्ज हुई, 11 का अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारण किया गया।

डीएम मेधा रूपम ने सदर तहसील में जनता की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समस्याओं का निराकरण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का जनता को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन गंभीर है। अत: अधिकारी निस्तारण में कोताही न बरतें और प्राथमिकता के साथ प्रत्येक शिकायत का मौके पर जांच कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। वहीं डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण जारी करने एवं एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

सदर तहसील में कुल 8 शिकायतें दर्ज की गई, जिसके सापेक्ष 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। इस अवसर पर डीएम द्वारा तम्बाकू मुक्त युवा 3.0 अभियान का शुभारंभ भी किया गया। इस दौरान एचएल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवकांत



द्विवेदी ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार ने तंबाकू मुक्त युवा पीढ़ी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी गाँवों को भी तंबाकू मुक्त बनाया जाएगा। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की डॉ. श्वेता खुराना ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के मानकों की जानकारी दी और बताया कि 100 गज के दायरे में तंबाकू की बिक्री दंडनीय है। नशा छोड़ने के लिए मानस हेल्पलाइन 1933 की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को तंबाकू व नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई गई।

इसी क्रम में दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 84 शिकायते दर्ज की गई, जिसके सापेक्ष 7 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 50 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके सापेक्ष 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

# घर पर सफाई करने आई महिला आभूषण लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-12 स्थित एक घर में 10 दिन पूर्व सफाई करने आई महिला लाखों के आभूषण चोरी करके फरार हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-12 में रहने वाले गणेश चंद्र ने पुलिस को बताया कि पांच नवंबर को एक महिला उनके घर पर सफाई का काम मांगने के लिए आई। उसने अपना नाम रेखा बताया। उन्होंने महिला को काम की जानकारी दी और पहचान पत्र लाने के लिए कहा। अगले दिन छह नवंबर को परिवार के लोग पहली मंजिल पर थे। सुबह करीब 11 बजे से 11.30 बजे के बीच नीचे आए तो देखा अलमारी खुली हुई है।

घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर पता चला कि कीमती आभूषण चोरी हो गए। पीड़ित का कहना है कि महिला ने ही उनके घर से आभूषण चोरी किए हैं।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## पहला टेस्टः कोलकाता में लगी विकेटों की पतझड़ के बीच

# भारतीय टीम को मिली जीत की सुगंध



**लेफ्टआर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 29 रन पर चार विकेट लेकर मेहमान टीम को झकझोरा**

**कोलकाता, वार्ता।** रवींद्र जडेजा (चार विकेट) और कुलदीप यादव (दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के दूसरी पारी में 93 पर सात विकेट झटक कर मैच में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। दक्षिण अफ्रीका अभी 63 रनों से आगे है और उसके तीन विकेट बाकी हैं। भारत को पहली पारी में 189 रन पर समेटने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की एक बार फिर शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह भारतीय स्पिन गेंदबाजी आक्रमण के आगे बेबस नजर आया। लेफ्टआर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 29 रन पर चार लेकर मेहमान टीम को झकझोर दिया। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने 12 रन पर दो विकेट निकाले। लेफ्टआर्म स्पिनर अक्षर पटेल को 30 रन पर एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में कप्तान टेम्बा बावुमा ने सर्वाधिक नाबाद 29 रन बनाए। रायन रिकलटन (11), वियान मुल्डर (11) और मार्को यानसन (13) ही दहाई की संख्या में पहुंच सके। स्टंप्स के समय बाबुमा के साथ कॉर्बिन बॉश एक रन बनाकर क्रीज पर थे। मैच के दूसरे दिन कुल 15 विकेट गिरे और भारत को इस मुकाबले में जीत की सुगंध नजर आने लगी है। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 189 रन बनाकर 30 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी। भारत ने कल के एक विकेट पर 37 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में भारत का दूसरा विकेट 75 रन के स्कोर पर वाशिगटन सुंदर के रुप में गिरा। उन्हें साइमन हार्मर ने आउट किया। इसके बाद केशव महाराज ने केएल राहुल 39 रन को आउट किया। ऋषभ पंत (27 रन) को कॉर्बिन बॉश ने अपना शिकार बनाया। 49वें ओवर में हार्मर ने ध्रुव जुरेल (14) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। उन्होंने रवींद्र जडेजा (27) को भी अपना शिकार बनाया। इस दौरान मैच में आक्रामक बल्लेबाजी और धैर्यपूर्ण डिफेंस का मिश्रण देखने को मिला। राहुल ने केशव महाराज की गेंद पर एक छक्का और कई चौके लगाए, जबकि पंत शानदार फॉर्म में थे और आउट होने से पहले उन्होंने दो छक्के और इतने ही चौके लगाए। सुंदर ने भी अपनी पहुंच और टाइमिग का अच्छा इस्तेमाल करते हुए एक छक्का और दो चौके लगाकर प्रभावित किया। भारत का सातवां विकेट कुलदीप यादव (एक) का विकेट 172 के स्कोर पर गिरा। उन्हें मार्को यानसन ने आउट किया। मोहम्मद सिराज (एक) को भी यानसन ने अपना शिकार बनाया। 63वें ओवर की दूसरी गेंद पर साइमन हार्मर ने अक्षर पटेल (16) को आउटकर नौ विकेट पर 189 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। इससे पहले शुभमन गिल स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में 79/2 के स्कोर पर चोटिल होकर पवेलियन लौट गए थे और वह दोबारा बल्लेबाजी करने मैदान पर नहीं उतरे। दक्षिण अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने चार विकेट लिए। मार्को यानसन को तीन विकेट मिले। कॉर्बिन बॉश और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# गिल चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए

- **द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के सुबह के सत्र में गर्दन में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए थे**



**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के सुबह के सत्र में गर्दन में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए। बीसीसीआई ने शनिवार दोपहर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।

गिल ड्रिंक्स ब्रेक के ठीक बाद बल्लेबाजी करने आए जब साइमन हार्मर ने वाशिगटन सुंदर को आउट किया। दाएं हाथ के स्पिनर ने भारत के चौथे नंबर के बल्लेबाज को राउंड द स्टंप्स से गेंदबाजी जारी रखी, जिन्होंने पहली गेंद पर डिफेंस किया और फिर अगली गेंद पर स्लॉग स्वीप किया। उन्होंने अच्छी तरह से गेंद को हिट किया और अपना पहला चौका भी लगाया, लेकिन शॉट लगाने के तुरंत बाद ही वह असहज महसूस करने लगे। फज़ियो गिल को देखने आए, जिन्होंने अपनी गर्दन के पिछले हिस्से को पकड़ रखा था और अपना सिर खुलकर नहीं हिला पा रहे थे।

त्वरित जांच के बाद, गिल रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए, और उनकी जगह ऋषभ पंत मैदान पर आए। वह भारत की पहली पारी के दौरान पूरी पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं लौटे, जो अगले डेढ़ सत्र में 189/9 पर समाप्त हुई – 30 रनों की बढ़त के साथ। बीसीसीआई ने कहा कि आज (शनिवार) उनके खेल में भाग लेने पर भी मेडिकल स्टाफ की निगरानी रहेगी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी बैंकॉक में होगी

**दुबई, वार्ता।** चार महाद्वीपों की आठ टीमों के बीच नया वैश्विक टूर्नामेंट 'आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी' 20 से 30 नवम्बर तक बैंकॉक में खेला जाएगा। महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के पहले संस्करण में थाईलैंड, पापुआ न्यू गिनी, नीदरलैंड, यूएई, स्कॉटलैंड, नामीबिया, तंजानिया और युगांडा हिस्सा लेंगे। पहले दिन 20 नवम्बर को थाईलैंड बनाम नीदरलैंड और पापुआ न्यू गिनी बनाम यूएई के बीच मैच खेले जाएगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत और श्रीलंका में हाल ही में हुए संपन्न हुए एकदिवसीय महिला विश्व कप की सफलता को देखते हुए किया जा है। इस दौरान 'भारत में 50 करोड़ से अधिक दर्शकों ने इसे देखा और 'विभिन्न देशों में दर्शकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि' भी हुई थी।

## टेनिस प्रीमियर लीग की रेस टू गोल्ड मास्टर्स दिल्ली में शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) रेस टू गोल्ड मास्टर्स टूर्नामेंट का पहला चरण शनिवार को दिल्ली लॉन टेनिस एसोसिएशन में शुरू हुआ। दिल्ली में उत्तरी क्षेत्र से शुरू होकर, यह टूर्नामेंट तीन शहरों में खेला जाएगा, जिनमें गुजरात (22 व 23 नवंबर) और मुंबई (29 व 30 नवंबर) शामिल हैं, और यह टूर्नामेंट संबंधित राज्य टेनिस संघों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। टीपीएल की एक पहल, यह टूर्नामेंट उभरती हुई टेनिस प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करता है, जिससे उन्हें टीपीएल के अनूठे और रोमांचक 25-पॉइंट प्रारूप का उपयोग करके अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। इसका उद्देश्य भारत के टेनिस प्रतिभाओं को सामने लाना और खेल के लिए एक मजबूत घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करना है।

# लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में हारे



- **लक्ष्य सेन दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा के खिलाफ चले मुकाबले में 21-19, 14-21, 21-12 से हार गए**

**जापान, वार्ता।** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन को शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में स्थानीय बैडमिंटन खिलाड़ी केंटा निशिमोटो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

यहां कुमामोटो प्रीफेक्चुरल जिम्नेजियम में प्रतिस्पर्धा करते हुए लक्ष्य सेन, दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोटो के खिलाफ एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 14-21, 21-12 से हार गए। केंटा निशिमोटो के खिलाफ छह मुकाबलों में लक्ष्य सेन की यह तीसरी हार है। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने शानदार शुरुआत की और 8-4 की बढ़त बना ली, लेकिन केंटा निशिमोटो ने वापसी करते हुए पहला गेम नौ-नौ से बराबर कर दिया। इसके बाद उतार-चढ़ाव भरा मुकाबला चला, जिसमें कोई भी खिलाड़ी जीत हासिल नहीं कर सका।

स्कोर 18-18 से बराबर था जब निशिमोटो ने दो महत्वपूर्ण अंक बनाए और कुछ ही क्षणों बाद गेम को अपने नाम कर लिया। लय को बरकरार रखते हुए केंटा निशिमोटो ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और 7-3 की बढ़त बना ली। हालांकि, भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर मध्यांतर तक 11-8 की बढ़त बना ली। गेम दोबारा शुरू होने के बाद, लक्ष्य ने तीन अंकों की बढ़त बरकरार रखी और फिर लगातार चार अंक बनाकर निर्णायक गेम में जगह बना ली। निर्णायक गेम एकतरफा मुकाबले में बदल गया। मध्यांतर तक निशिमोटो ने चार अंकों की बढ़त बनाए रखी और उसके बाद अपनी पकड़ और मजबूत करते हुए लगातार अंतर बढ़ाते हुए मैच को आसानी से अपने नाम कर लिया।

# वेस्ट जोन ने नॉर्थ जोन को हराकर जीता खिताब

- **सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी-20 के फाइनल में वेस्ट जोन ने 25 रनों से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी20 ट्रॉफी 2025 के फाइनल में शुक्रवार को वेस्ट जोन ने नॉर्थ जोन को 25 रनों से हराकर पहला खिताब अपने नाम किया। खिताबी मुकाबला सोविमा के नागालैंड क्रिकेट एसोसिएसन स्टेडियम में खेला गया।

यह वेस्ट जोन का घरेलू महिला टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला इंटर-जोनल खिताब था। इससे पहले के दो संस्करणों में वह क्रमशः सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन के बाद रनर-अप रही थी। कप्तान तानिया भटिया की अगुवाई में नॉर्थ जोन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने फैसला किया। हुमैरा काजी की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत वेस्ट जोन महिला टीम ने 20 ओवर में 169/4 का स्कोर दर्ज किया। इसके जवाब में नॉर्थ जोन महिला टीम 20 ओवर में लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकी और 4 विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट जोन ने शानदार शुरुआत की। सलामी बल्लेबाजों हुमैरा काजी और किरण नवगीरे ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए टीम की नींव मजबूत की। केपी नवगीरे 245 रन बनाकर टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर रहीं। छठे ओवर में वेस्ट जोन को पहला झटका अमनदीप कौर ने दिया। अमनदीप ने किरण को अपना शिकार बनाया। किरण ने 18 गेंदों में 34 रनों की पारी खेली, जिसमें चार चौके और दो छक्के भी जड़े। इसके बाद हुमैरा का साथ तेजल हसबनीस ने दिया और पारी को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 77 रनों की अहम साझेदारी की। 15वें ओवर में वेस्ट जोन को दूसरा झटका हुमैरा के रूप में नजमा खान ने दिया। हुमैरा ने तूफानी अर्द्धशतकीय पारी खेलते हुए आठ चौके और एक छक्के की मदद से 44 गेंदों में 58 रन बनाए। इसके बाद तेजल भी ज्यादा देर मैदान पर अनुजा पाटिल का साथ नहीं दे सकी और 18वें ओवर में नजमा ने उन्हें अपना शिकार बनाया। तेजल ने भी तेजी से रन बटोरे, लेकिन वह अर्द्धशतक बनाने से चूक गईं। तेजल ने 35 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा।


# अर्जुन एरिगैसी–पी हरिकृष्णा ने पहला गेम ड्रॉ खेला

**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फडि विश्व कप 2025 के पांचवें राउंड के पहले गेम में शुक्रवार को ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन के डिफेंस को भेदने की ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की कोशिशें नाकाम रहीं, जबकि ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने ड्रा खेला। सफेद मोहरों से खेलते हुए, अर्जुन डबल रूक एंड गेम में अपनी मामूली बढ़त को भुना नहीं पाए और 41 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच अंक बराबर हो गए।

इससे पहले, हरिकृष्णा ने काले मोहरों से दमदार खेल दिखाया और सुनिश्चित किया कि जाइंट किलर ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा को सफेद मोहरों से जीतने का कोई मौका न मिले। कुल 24 भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता की शुरुआत की, जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चार राउंड के बाद, केवल दो भारतीय ही खिताब जीतने और प्रस्तावित कैंडिडेट स्पॉट हासिल करने की दौड़ में बचे हैं। शुक्रवार को, अर्जुन दो बार के चैंपियन अरोनियन के खिलाफ सफेद मोहरों से बढ़त हासिल करने के लिए बेताब थे। ऐसा लग रहा था कि अर्मेनियाई मूल के अरोनियन मुश्किल में पड़ गए हैं क्योंकि उन्हें अपनी 21वीं चाल खेलने में लगभग 30 मिनट लग गए। उनकी तारीफ की बात यह है कि उन्होंने मुश्किल से निकलने का रास्ता खोज लिया और फिर मजबूत शतरंज खेलकर यह सुनिश्चित किया कि सफेद मोहरों से खेलते हुए वे सै(ांतिक रूप से बढ़त के साथ दूसरे गेम में जाएं। हरिकृष्णा के लिए ऐसी कोई मुश्किल नहीं थी क्योंकि वे अल्कांतारा की योजना के लिए पूरी तरह तैयार थे क्योंकि दोनों खिलाड़ी तेज़ी से रूक-पॉन एंडगेम की ओर बढ़े।

# भारतीय कुश्ती महासंघ ने अमन सहरावत पर निलंबन हटाया, राहत मिली

- **भारतीय पहलवान से माफी नामा मिलने और देश के शीर्ष कोचों से परामर्श के बाद महासंघ ने अपना फैसला वापस लिया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अमन सहरावत पर लगाया गया एक साल का निलंबन वापस ले लिया है, क्योंकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप में अपने इवेंट के दौरान अधिक वजन के पाए गए थे। पेरिस 2024 में भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता बने अमन सहरावत का वजन क्रोएशिया के जागरेब में 2025 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के आधिकारिक वजन के दौरान निर्धारित सीमा से 1-7 किग्रा अधिक पाया गया। अमन, जो 14 सितम्बर को अपने मुकाबले से 18 दिन पहले क्रोएशिया में भारत के तैयारी शिविर में शामिल हुए थे, कथित तौर पर अस्वस्थ थे और समय पर अपना वजन कम नहीं कर पाए। डब्ल्यूएफआई, जिसने पेरिस 2024 में विनेश फोगाट के निराशाजनक परिणाम के बाद से असफल वजन माप पर कड़ा रुख अपनाया है, ने शुरुआत में अमन को कारण बताओ नोटिस जारी किया और बाद में उनके जवाब को 'असंतोषजनक' पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया। हालांकि, भारतीय पहलवान से माफीनामा मिलने और देश के शीर्ष कोचों से परामर्श करने के बाद महासंघ ने अपना फैसला वापस ले लिया है। युवा नेहा सांगवान, जिन्हें बुल्गारिया में अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अधिक वजन होने के कारण डब्ल्यूएफआई द्वारा निलंबित कर दिया गया था।

# आरआर ने जडेजा और करन के लिए संजू को किया सीएसके से ट्रेड



- **संजू सैमसन सीएसके जाएंगे, जबकि आरआर को ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और सैम करन मिलेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऐसे खिलाड़ियों के ट्रेड को अंतिम रूप दे दिया है, जिसके तहत संजू सैमसन सीएसके जाएंगे, जबकि आरआर को ऑलराउंडर्स रवींद्र जडेजा और सैम करन मिलेंगे। यह आईपीएल इतिहास के सबसे हाई-प्रोफाइल ट्रेड्स में से एक है। 2021 से लेकर पिछले सीजन तक आरआर की कप्तानी करने वाले सैमसन को आईपीएल 2025 से पहले 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया था। सीएसके ने भी जडेजा को इतने ही मूल्य पर रिटेन किया था, जबकि करन को उन्होंने नीलामी में 2-4 करोड़ रुपये में खरीदा था। सैमसन सीएसके में उसी शुल्क पर शामिल होंगे, लेकिन जडेजा का शुल्क संशोधित होकर 14 करोड़ रुपये कर दिया गया है। करन का शुल्क जस का तस है। सैमसन ने आरआर के साथ 11 साल बिताए, लेकिन आईपीएल 2025 के बाद संकेत दिया था कि वह बदलाव चाहते हैं और फ्रेंचाइजी से रिलीज किए जाने की इच्छा जताई थी। जडेजा के लिए यह उस फ्रेंचाइजी में वापसी है जिसके साथ उन्होंने 2008 में पहले सीजन में अपना आईपीएल करियर शुरू किया था। जडेजा 2012 से सीएसके के साथ थे, सिवाय 2016 और 2017 के जब फ्रेंचाइजी निलंबित थी। उन्हें 2022 में कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन खराब शुरुआत के बाद उन्होंने नेतृत्व एमएस धोनी को वापस सौंप दिया था। करन के लिए यह तीसरी आईपीएल फ्रेंचाइज़ी होगी। वह 2019 से 2025 के बीच सीएसके और पंजाब किंग्स के बीच आते-जाते रहे। आरआर के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा ने कहा जडेजा का रॉयल्स में वापस आना हम सभी के लिए बेहद ख+ास है। वह फ्रेंचाइजी और फैंस को अच्छी तरह समझते हैं, क्योंकि वह आरआर के आईपीएल जीतने वाले अभियान का हिस्सा रहे हैं। इतने सालों में वह ऐसे खिलाड़ी बने हैं जो खेल को हर विभाग में प्रभावित कर सकते हैं। उनका अनुभव, संयम और प्रतिस्पर्धी रवैया हमारे ग्रुप के लिए बेहद मूल्यवान साबित होगा। शमी, नितीश राणा, फरेरा, तेंदुलकर किए गए ट्रेड जैसा कि बीते शुक्रवार को ईएसपीएन क्रिकइंफो ने रिपोर्ट किया था अब मोहम्मद शमी आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए खेलेंगे।

# बाबर का शतक सूखा समाप्त, पाक ने जीती सीरीज

- **पाक ने मेहमान टी को 288 रनों पर रोकने के बाद, बाबर आजम ने नाबाद 102 और फखर के 78 के अर्द्धशतक की बदौलत पाक ने आसानी से यह लक्ष्य हासिल किया**



**रावलपिडी, वार्ता।** पाकिस्तान ने रावलपिडी में दूसरे वनडे में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। यह मैच पहले गुरुवार को होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से इसे एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। मेहमान टीम को 288 रनों पर रोकने के बाद, बाबर आजम के शतक (नाबाद 102) और फखर जमान (78) के अर्द्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने आसानी से यह लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के सलामी बल्लेबाजों ने 51 रनों की साझेदारी करके एक मज़बूत नींव रखी। हालांकि दोनों बल्लेबाज क्रीज पर अच्छी स्थिति में दिख रहे थे, लेकिन 10वें ओवर में तीसरा रन लेने की कोशिश में पथुम निसंका के रन आउट होने के बाद उनकी साझेदारी अचानक टूट गई। इसके बाद 14वें ओवर की शुरुआत में अबरार अहमद की गुगली का शिकार कामिल मिशारा स्टंप आउट हो गए। कुसल मेंडिस भी ज़्यादा देर तक नहीं टिक पाए और 20वें ओवर में अबरार की गेंद पर पुल-शॉट लगाकर मिड-विकेट पर आउट हो गए। इस लेग स्पिनर ने एक ओवर बाद ही चरिथ असलांका को कैच देकर मेहमान टीम का स्कोर 98/4 कर दिया। सदीरा समरविक्रमा और जनिथ लियानागे के बीच 61 रनों की साझेदारी के बाद श्रीलंका की साझेदारी की जरूरत कुछ हद तक पूरी हुई। 32वें ओवर में हारिस रऊफ की गेंद पर समरविक्रमा ने लाइन पार करने की कोशिश में अपना ऑफ स्टंप गंवा दिया, लेकिन श्रीलंका की वापसी कामिडु मेंडिस ने की, जो सकारात्मकता के साथ मैदान पर उतरे। लियानागे के अर्द्धशतक के साथ 73 रनों की एक और महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। हालांकि, पाकिस्तान ने लगातार दो ओवरों में कामिडु और लियानागे को आउट करके जवाबी हमला किया और 44वें ओवर की समाप्ति पर श्रीलंका का स्कोर 241/7 हो गया। अगले ही ओवर में दुष्मंथा चमीरा गोल्डन डक पर आउट हो गए, जिन्हें रऊफ ने एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। लेकिन वानिंदु हसरंगा और प्रमोद मदुशन के बीच 44 रनों की शानदार साझेदारी ने सुनिश्चित किया कि श्रीलंका की पारी बिना संघर्ष के समाप्त न हो। अंतिम ओवर में श्रीलंका ने तीन चौकों सहित 18 रन बटोरे और 288/8 का स्कोर बनाया। जवाब में, पाकिस्तान की शुरुआत शानदार रही और मदुशन ने उनकी मदद की, जिन्होंने दूसरे ओवर में 11 वाइड दिए। फखर जमान और सैम अयूब दोनों ने लगातार ढीली गेंदों का फायदा उठाया। श्रीलंका की लापरवाही उनके क्षेत्ररक्षण में भी दिखाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने 1000 टन का सोने का भंडार खोजा

**बीजिंग।** चीन ने शिनजियांग के कुनलुन पहाड़ों में सोने का विशाल भंडार खोजा है। इस सर्वे में शामिल भू-विज्ञानियों के मुताबिक शुरुआती अनुमान बताते हैं कि यहां कुल सोने का भंडार 1000 टन से भी ज्यादा हो सकता है। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक एक साल में यह तीसरी बार है जब चीन को 1000 टन से ज्यादा का सोने का भंडार मिला है। इससे पहले ऐसे दो बड़े भंडार लियाओनिंग और हुनान में मिले थे। दुनिया में सिर्फ 5 सोने के भंडार ऐसे हैं जो 1000 टन से ज्यादा बड़े हैं। ऐसे में इसे एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। इसकी कीमत लगभग 1164 लाख करोड़ भारतीय रुपये होगी।

### शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यात्री बीजिंग पहुंचे

**बीजिंग।** शेनझोउ-20 का चालक दल अपना अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पूरा करने के बाद विमान से बीजिंग पहुंच गया है। तीनों अंतरिक्ष यात्री-चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर शुक्रवार को सुरक्षित उतर गए। उल्लेखनीय है कि जिस वापसी यान में वे सवार थे वह अंतरिक्ष मलबे से टकराने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि टीम ने अपने शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान को कक्षा में छोड़ दिया और शेनझोउ-21 का इस्तेमाल करके वापस लौटे हैं। सीएमएसए ने कहा कि 204 दिनों तक कक्षा में रहने के बाद तीनों अंतरिक्ष यात्री स्वस्थ हैं और उनका वापसी मिशन सफल रहा।

### पूर्वी अफगानिस्तान में जल आपूर्ति नेटवर्क शुरू

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार में एक नए जल आपूर्ति नेटवर्क शुरू किया गया है। सरकारी न्यूज एजेंसी बख्तर ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि लाल. पुर जलि में निर्मित इस परियोजना का उद्देश्य 665 परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, जिन्हें हाल ही में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ा है। इस नेटवर्क से पानी की कमी से प्रभावित निवासियों की दैनिक कठिनाइयां कम होने उम्मीद है।

### रूस में सड़क हादसे में सात की मौत, 15 घायल

**मास्को।** रूस के पर्म क्षेत्र में एक छोटी यात्री बस और ट्रक में टक्कर होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। रूस की तास न्यूज एजेंसी ने ने शुक्रवार को क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार यह दुर्घटना आर-243 कोस्त्रोमा- शार्या-किरोव-पर्म सड़क के 55 किलोमीटर दूर पर हुई। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

# बांग्लादेश में हिंसा जारी, 5 जिलों में हाईवे जाम

## हसीना को सजा सुनाए जाने से पहले आगजनी, राजधानी ढाका में सेना की 12 टुकड़ियां तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को दो दिन बात मानवता के खिलाफ अपराध मामले में सजा सुनाई जाने वाली है। इससे पहले राजधानी ढाका में जारी आगजनी और हिंसा की घटनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। हसीना के समर्थकों ने ढाका समेत पांच जिलों में हाईवे जाम कर रखा है। सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की 12 अतिरिक्त टुकड़ियां शहर में तैनात की हैं, जो लगातार गश्त कर रही हैं।



■ राजधानी के प्रमुख इलाकों में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती बढ़ाई गई

राजधानी के प्रमुख इलाकों में पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती बढ़ाई गई है। यहां हाल के दिनों में वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई थीं। इससे पहले भी बांग्लादेश सरकार ढाका और आसपास के जिलों में बीजीबी की 14 टुकड़ियां तैनात कर चुकी है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और किसी तरह की अराजकता न फैले। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के समर्थकों के तेवर और तीखे हो गए हैं। उनकी मांग है कि पूर्व पीएम हसीना के खिलाफ झूठे मामले वापस लिए जाएं। साथ ही फरवरी में चुनाव की तारीख का ऐलान किया जाए। शुक्रवार को अवामी लीग के कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ भी झड़पें हुईं। अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास दो बम विस्फोट हुए। इससे पहले 13 नवम्बर को हसीना के खिलाफ फैसले की तारीख के ऐलान से पहले अवामी लीग ने विरोध में पूरे देश में प्रदर्शन किए। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर जुलूस भी निकाले। इंटरनेशनल क्राइम्स कोर्ट (आईसीटी) 17 नवम्बर को हसीना के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में फैसला सुनाएगी। हसीना पर 2024 में छात्र आंदोलन में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। जमात भी यूनुस सरकार के खिलाफ उतरी कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी ने भी यूनुस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ढाका की बड़ी मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद जमात के नायब-ए-अमीर सैयद अब्दुल्ला ने कहा कि फरवरी में चुनाव और जनमत संग्रह (रेफरेंडम) एक साथ नहीं कराया जाए। जनमत संग्रह के मुद्दे पर यूनुस सरकार को नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) का साथ मिल गया है। एनसीपी के चीफ कोआर्डिनेटर नसीरुद्दीन पटवारी ने शुक्रवार को कहा कि फरवरी में चुनाव के साथ जनमत संग्रह कराया जाना ठीक रहेगा।




हैदराबाद, तेलंगाना। आवारा कुत्तों के समर्थन में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते पालतु पशु प्रेमी और पीपुल फॉर एनिमल (पीएफए) अभया के सदस्य।

# चीन ने अपने नागरिकों से जापान नहीं जाने का आग्रह किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने नागरिकों से जापान की यात्रा न करने का आग्रह किया है और प्रधानमंत्री साने ताकाइची की ताइवान संबंधी टिप्पणियों को लेकर बीजिंग स्थित जापान के राजदूत को तलब किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चीन और जापान के बीच इस हफ्ते वाकयुद्ध तेज हो गया है, जिसकी शुरुआत ताकाइची के उस बयान से हुई है, जिसमें अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो जापान अपनी आत्मरक्षा सेना के साथ जवाब दे सकता है। इसके बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों ने एक-दूसरे के समक्ष गंभीर विरोध दर्ज कराया है। यह विवाद चीन और जापान के बीच ऐतिहासिक दुश्मनी के साथ-साथ स्वशासित ताइवान की संप्रभुता पर लंबे समय से चले आ रहे अस्पष्ट दृष्टिकोण को भी अभिव्यक्त करता है।

# दो राज्यों में हार के बाद टैरिफ पर पलटे ट्रम्प

## बीफ-कॉफी और फलों से टैरिफ हटाया, अमेरिकियों का सालाना खर्च 8 लाख बढ़ने के बाद लिया फैसला

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वर्जीनिया और न्यू जर्सी में हुए चुनावों में हारने के बाद टैरिफ से पीछे हट रहे हैं। ट्रम्प ने शुक्रवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसमें बीफ, काफी और फलों सहित दर्जनों एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर लगे टैरिफ हटा दिए गए हैं। इसके पीछे मंहगाई बड़ी वजह है। ट्रम्प प्रशासन के अनुसार यह कदम उत्पादों की कीमतों को स्थिर करने के लिए उठाया गया है। इन पर लगाए गए टैरिफ का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा था। बीफ, काफी, चाय, फलों का जूस, कोको, मसाले, केले, संतरे, टमाटर और कुछ खाद उत्पादों को टैरिफ फ्री कैटेगरी में शामिल किया गया है।



■ ट्रम्प प्रशासन के अनुसार यह कदम उत्पादों की कीमतों को स्थिर करने के लिए उठाया गया है
■ इन पर लगाए गए टैरिफ का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा था

द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक खाद्य पदार्थों की कीमतें अप्रैल से सितम्बर 2025 तक 2.7 प्रतिशत बढ़ीं, जिसमें बीफ 7 प्रतिशत और केले 7 प्रतिशत महंगे हुए हैं। अमेरिकियों का कहना है कि उनकी मासिक लागत में एवरेज 9 हजार रुपये से 66 हजार रुपये तक बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर, टैरिफ ने अमेरिकी परिवार के सलाना खर्च को एवरेज 2 से 8 लाख रुपये तक बढ़ा दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बीफ, काफी और दूसरे वस्तुओं पर टैरिफ हटाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। पिछले महीनों में बीफ सहित कई खाद्य उत्पादों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। अप्रैल में ट्रम्प ने कई देशों पर टैरिफ लगाए थे। उनके प्रशासन का दावा था कि इनसे उपभोक्ता कीमतें नहीं बढ़तीं। लेकिन नतीजा इसके उलट आया। ब्राजील जैसे बड़े बीफ निर्यातक देश पर टैरिफ को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया। यह फैसला इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, एल साल्वाडोर और अर्जेंटीना के साथ हुए समझौतों के तुरंत बाद आया। इनसे इन देशों से कृषि उत्पादों पर आयात टैक्स कम होगा। इस हफ्ते ट्रम्प ने काफी पर टैरिफ कम करने का संकेत दिया था, जिससे इम्पोर्ट आगे बढ़ सके। 2025 में अमेरिका का सबसे बड़ा कृषि व्यापारिक साझेदार मेक्सिको है, जो एक्सपोर्ट और आयात दोनों के मामले में टाप पर है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट आफ एग्रीकल्चर (यूएसडीए) के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अमेरिका ने मेक्सिको को रिकॉर्ड 30.3 अरब डालर के कृषि उत्पाद एक्सपोर्ट किए, जो 2023 से 7 प्रतिशत ज्यादा था। कुल व्यापार मूल्य के लिहाज से, 2020-24 के एवरेज में मेक्सिको ने अमेरिका को 41.6 अरब डालर के इम्पोर्ट किए, जो सभी कृषि आयातों का लगभग 25 प्रतिशत है, जबकि कनाडा दूसरे स्थान पर 35 अरब डालर के साथ है। मुख्य एक्सपोर्ट में मक्का (5.51 अरब डालर), सूअर का मांस, डेयरी उत्पाद, सोयाबीन और मुर्गी मांस शामिल हैं, जबकि इम्पोर्ट में टमाटर, एवोकाडो, बेरीज और सब्जियां प्रमुख हैं। समझौते के कारण मेक्सिको के ज्यादातर उत्पादों पर टैरिफ शून्य हैं, जिससे यह व्यापार आसान और तेजी से बढ़ा है। पिछले चार वर्षों में निर्यात 65 प्रतिशत ऊपर हो गया। ट्रम्प ने 5 मार्च को अमेरिकी संसद के जाइंट सेशन में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि हमारी इकोनामी लगातार घाटे में जा रही है। इस नुकसान से बचने के लिए हम उन सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे, जो हमारे सामानों पर टैरिफ लगाते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने करीब एक महीने बाद 2 अप्रैल को भारत समेत 69 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। यह 9 अप्रैल से लागू होने वाला था, लेकिन ट्रम्प ने तब इसे टाल दिया। बाद में 31 जुलाई को ट्रम्प ने 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया, जो अगस्त में पूरी तरह लागू हो गया। भारत और अमेरिका के बीच डेयरी प्रोडक्ट्स को लेकर विवाद है। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं।

## ट्रम्प दायर करेंगे बीबीसी के खिलाफ मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह पैनोरमा द्वारा उनके भाषण को संपादित किए जाने को लेकर बीबीसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि इस मामले में पैनोरमा मीडिया ने ट्रम्प से माफी तो मांग ली है लेकिन उन्हें नुकसान की भरपाई (मुआवजे) करने से इनकार किया है। ट्रम्प ने शुक्रवार शाम एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम उन पर एक से पांच अरब डॉलर के बीच के मुआवजे का मुकदमा करेंगे। संभवतः अगले हफ्ते कभी भी यह कदम उठा सकते हैं। बीबीसी ने गुरुवार को कहा था कि छह जनवरी 2021 के भाषण के संपादन में अनजाने में यह गलती हो गई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने हिंसक कार्रवाई का सीधा आह्वान किया था और कहा कि इसे फिर से प्रसारित नहीं किया जाएगा। बीबीसी ने ट्रम्प से माफी मांगी, लेकिन कहा कि वह आर्थिक मुआवजा नहीं देगा। बीबीसी ने यह बयान ट्रम्प के वकीलों की धमकी दिए जाने के बाद जारी किया, जिसमें उनके वकीलों ने कहा था कि अगर बीबीसी ने अपना बयान वापस नहीं लिया, माफी नहीं मांगी और उन्हें मुआवजा नहीं दिया, तो वे बीबीसी पर एक अरब डॉलर का मुकदमा करेंगे।

# विदेशी कर्मचारियों को जेडी वेंस न सस्ता नौकर बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा विवाद के बीच विदेशी मजदूरों को लेकर छिड़ी बहस अब और तेज हो गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने विदेशी कर्मचारियों को सस्ता नौकर बताया और कहा कि हमें उनकी जरूरत नहीं है।

■ अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा- हमें इनकी जरूरत नहीं, एच-1बी वीजा खत्म करने की तैयारी

वेंस ने विपक्षी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि डेमोक्रेट्स का मॉडल कम वेतन वाले प्रवासियों को देश में लाने पर जोर देता है। इससे अमेरिकी लोगों के रोजगार, वेतन और समृद्धि को नुकसान पहुंचेगा। वेंस ने कहा कि ट्रम्प का मॉडल दूसरा है जो अमेरिका में डेवलपमेंट का रास्ता खोलेगा। उन्होंने कहाः अमेरिकी मजदूरों को तकनीक से मजबूत बनाना चाहिए, न कि सस्ते विदेशी श्रम पर निर्भर होना चाहिए। वहीं एच-1बी वीजा को लेकर ट्रम्प की पार्टी एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिससे अमे. रिका में भारतीयों की एंट्री मुश्किल हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प की करीबी और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सदस्य मार्जोरी टेलर ग्रीन ने कहा है कि जल्द ही एच-1बी खत्म करने को लेकर विधेयक लाया जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी की मार्जोरी का आरोप है कि एच-1बी वीजा का गलत इस्तेमाल हो रहा है। अमे. रिका फर्स्ट की नीति के तहत एच-1बी वीजा कैटेगरी को खत्म किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगले 10 साल तक हर साल 10 हजार डाक्टरों को एच-1बी वीजा जारी होंगे। अभी हर साल 85 हजार एच-1बी वीसा में से लगभग 70 प्रतिशत वीसा भारतीयों को जारी होते हैं। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका में कुछ खास प्रतिभाओं की कमी है। ट्रम्प ने कहा था कि देश में कई अहम नौकरियों के लिए पर्याप्त टैलेंटेड लोग नहीं हैं, इसलिए विदेशी स्किल्ड वर्कर्स की जरूरत पड़ती है। हाल ही में फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने जार्जिया की एक बैटरी फैक्ट्री का उदाहरण दिया था। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरिया की कंपनी ने 500-600 विशेषज्ञों को बैटरी बनाने और अमेरिकी कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने के लिए भेजा था। सितम्बर में इमिग्रेशन छापे में इन्हें अवैध बताकर देश से निकालने की कोशिश हुई। ट्रम्प बोले, श्बैटरी बनाना मुश्किल और खतरनाक काम है। अमेरिका में ऐसी प्रतिभाओं की कमी है, इसलिए एच-1बी जैसी वीजा जरूरी हैं।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कामकाज में पारदर्शिता होः भारत

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की जोरदार मांग की है।

■ सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण संस्था:पार्वथानेनी हरीश

न्यूयॉर्क में आयोजित यूएनएससी की खुली बहस में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है, इसलिए इसके कामकाज का ईमानदार, स्पष्ट और पारदर्शी होना बेहद जरूरी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी की कई सहायक संस्थाओं का कामकाज अभी भी अस्पष्ट है। खासकर आतंकियों व प्रतिबंधित संस्थाओं को सूचीबद्ध करने के प्रस्तावों को खारिज किए जाने की प्रक्रिया बहुत 'धुंधली' है। उन्होंने बताया कि जिस तरह डीलिस्टिंग (सूची से हटाने) का निर्णय स्पष्ट रूप से दर्ज होता है, उसी तरह सूचीकरण प्रस्तावों को खारिज किए जाने की जानकारी सार्वजनिक नहीं होती। उन्होंने कहा कि जो देश सुरक्षा परिषद में नहीं हैं, उन्हें तो इस प्रक्रिया की कोई जानकारी ही नहीं मिलती।

# यूक्रेन में रूसी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई

**कीव।** यूक्रेन में राजधानी कीव और अन्य शहरों में शुक्रवार तड़के रूस के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 35 घायल हुए हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि रूस ने रातभर यूक्रेन की राजधानी पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिससे कई महत्वपूर्ण ठिकानों को नुकसान पहुंचा। हमलों में कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिसमें लवीव, लुत्स्क और चेर्निहिव जैसे शहरों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि यूक्रेन पर कुल मिलाकर 430 ड्रोन और 19 मिसाइलों से हमला किया गया।

# भारत के पड़ोसी देश चीन से नोट छपवा रहे

## नेपाल ने 13 करोड़ नोट प्रिंटिंग का टेंडर दिया, सस्ती छपाई से अमेरिका-ब्रिटेन का बाजार छीन रहा

**वाशिंगटन।** भारत के अधिकांश पड़ोसी देशों की तरह ही नेपाल भी अब अपनी करेंसी प्रिंटिंग के लिए चीन का रुख कर रहा है। नेपाल राष्ट्रीय बैंक (एनआरबी) ने 7-8 नवम्बर को 1000 रुपये के 43 करोड़ नोटों की प्रिंटिंग के लिए एक टेंडर जारी किया था।

इस टेंडर को चीन की एक कंपनी ने जीत लिया है। इसके बाद नेपाली बैंक ने चाइना सीबीपीएमसी को टेंडर दे दिया। 1945 से 1955 तक नेपाल के सभी नोट भारत की नासिक स्थित सिक्योरिटी प्रेस में छपे और उसके बाद भी भारत ही मुख्य साझेदार बना रहा। हालांकि, 2015 में नेपाल राष्ट्रीय बैंक (एनआरबी) ने वैश्विक टेंडर के जरिए चाइना बैंक नोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कार्पोरेशन (सीबीपीएमसी) को कान्ट्रैक्ट दे दिया, जिसके बाद नेपाल के ज्यादातर नोट चीन में ही छपने लगे।



■ नेपाल के अलावा श्रीलंका मलेशिया, बांग्लादेश, थाईलैंड भी अपनी करेंसी चीन में छपवाते हैं

नेपाल के अलावा श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश, थाईलैंड भी अपनी करेंसी चीन में छपवाते हैं। पिछले कुछ सालों में चीन एशियाई देशों की करेंसी का बड़ा केंद्र बन चुका है। इससे अमेरिका-ब्रिटेन के मुद्रा छापने वाले बाजार पर नेगेटिव असर पड़ रहा है। भारत में दूसरे देशों को प्रिंटिंग लागत ज्यादा पड़ती है। इसके कारण ये देश सस्ते विकल्पों की तलाश करते हैं। बांग्लादेश की टका मुद्रा 2010 से चीन में छप रही है, जहां कम लागत और उन्नत सुरक्षा फीचर्स ने इसे बढ़ावा दिया है। श्रीलंका की रुपया 2015 के बाद से मुख्य रूप से चीन पर निर्भर है। इससे पहले बांग्लादेश और श्रीलंका की करेंसी ब्रिटेन में छपते थे। अफगानिस्तान ने भी 2000 के दशक से अपनी अफगानी मुद्रा के लिए चीन को चुना। अफगानी मुद्रा 2000 के दशक से पहले रूस और 2002 से जर्मनी में छपते थे। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पड़ोसियों में थाईलैंड और मलेशिया भी चीन में नोट छपवा रहे हैं।

# गाजा को दो हिस्सों में बांटेगा अमेरिका

## ग्रीन जोन पर इजरायल का कंट्रोल, ग्रीन जोन दोबारा बसाया जाएगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका गाजा पटी को दो हिस्सों में बांटने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एक लान्ग टर्म प्लान बनाया गया है। एक हिस्से पर इंटरनेशनल फोर्स (आईएसएफ) और इजरायली सेना का कंट्रोल रहेगा। इसे ग्रीन जोन कहा जाएगा।

फलस्तीनी आबादी वाले दूसरे हिस्से को फिलहाल खंडहर अवस्था में ही रहने दिया जाएगा। इसे रेड जोन नाम दिया गया है। लगभग सभी फलस्तीनी रेड जोन में विस्थापित हो गए हैं। यह दावा द गार्डियन की एक रिपोर्ट में किया गया है। इस रिपोर्ट को अमे. रिकी सेना के खुफिया दस्तावेजों और अधिकारियों के निजी बयानों के आधार पर तैयार किया गया है।

■ फलस्तीन को खंडहर रेड जोन मिलेगा

रिपोर्ट के मुताबिक इस प्लान को लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गाजा के पूर्वी हिस्से में ग्रीन जोन बनाया जाएगा। यहां इजरायली सैनिकों के साथ विदेशी सैनिक भी तैनात होंगे।

यहां पर री-डेवलपमेंट का काम होगा। अमेरिका यहां तैनात होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बलों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से औपचारिक मंजूरी दिलाने की को. शिश कर रहा है। प्लान के मुता. बिक यहां शुरुआत में कुछ सौ सैनिक तैनात होंगे। बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 20000 तक की जा सकती है। ग्रीन जोन से बाहर जाने की अनुमति किसी विदेशी सेना को नहीं होगी। इजरायल के नियंत्रण वाली येलो लाइन के पश्चिम का हिस्सा रेड जोन कहलाएगा।

यहां कोई री-डेवलमेंट नहीं किया जाएगा। 2 साल की जंग में सबसे ज्यादा नुकसान इसी इलाके को पहुंचा है। यहां लगभग 20 लाख की आबादी फंसी हुई है। यह पूरा प्लान हाल ही में हुए सीजफायर और डोनाल्ड ट्रम्प के उन्हीं वादों पर सवाल खड़ा करता है। ट्रम्प प्रशासन की तरफ से कहा गया था कि गाजा को एकजुट कर फलस्तीनी शासन को बहाल किया जाएगा। ट्रम्प ने 13 अक्टूबर को मिस्र के शहर शर्म अल शेख में गाजा शांति समझौते पर साइन किए थे। इस दौरान 20 से ज्यादा देशों के नेता वहां मौजूद थे, लेकिन इजरायल और हमास को नहीं बुलाया गया था। शांति प्रस्ताव पर साइन करने के बाद ट्रम्प ने समझौते का आखिरी पेज प्रेस को दिखाया था। इसपर लिखा था कि हर व्यक्ति को सम्मान, शांति और बराबर मौके मिलने चाहिए। हम चाहते हैं कि यह क्षेत्र ऐसा हो जहां हर कोई शांति और सुरक्षा में अपने सपने पूरे कर सके चाहे वह किसी भी धर्म या नस्ल का हो। ट्रम्प ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया था कि इस प्लान में गाजा में युद्ध रोकना, सभी बंधकों को छोड़ना और गाजा में प्रशासन चलाने के लिए एक अस्थाई बोर्ड बनाने का प्रस्ताव है।

# रियो डी जेनेरियो में गोलीबारी, छह की मौत, एक घायल

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के रियो डी जेनेरियो स्थिति एक पार्टी हॉल में कथित प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच शुक्रवार को हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोग मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी उत्तरी होनोरियो गुरगेल इलाके में हुई, जहां कथित तौर पर आपराधिक गिरोह कोमांडो वर्मेलो के सदस्य एक पार्टी कर रहे थे। शुरुआती जांच के अनुसार, प्रतिद्वंद्वी गिरोह टेरसीरो कोमांडो पुरो ने आयोजन स्थल पर धावा बोला, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।

# ट्रम्प प्रशासन को जज ने दिया झटका

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प प्रशासन फिलहाल कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसी) की संघीय फंडिंग न तो तुरंत रोक सकता है और न ही उस पर जुर्माना लगा सकता है। यह रोक सैन फ्रांसिस्को की संघीय जज रीटा लिन ने लगाई, जिन्होंने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूनियनों की याचिका पर अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की। यूनियनों का आरोप है कि ट्रम्प प्रशासन कैलिफोर्निया विश्व. विद्यालय पर फंडिंग कटौती का दबाव डालकर अलग-अलग विचारों, खासकर विरोधी आवाजों, को चुप कराना चाहता है। उनका कहना है कि यह संविधान और संघीय कानूनों का उल्लंघन है।

■ प्रशासन फिलहाल कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की संघीय फंडिंग न तो तुरंत रोक सकता है और न ही उस पर जुर्माना लगा सकता है

व्हाइट हाउस और न्याय विभाग ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस साल गर्मियों में यूसीएलए पर 1.2 बिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही, उसके अनुसंधान फंड को भी फ्रीज कर दिया गया। प्रशासन का आरोप था कि यूसीएलए ने कैंपस में यहूदी-विरोधी घटनाओं को रोकने में विफलता दिखाई। यूसीएलए पहला सार्वजनिक विश्वविद्यालय था जिस पर इस तरह की कार्रवाई हुई। निजी विश्वविद्यालयों, जैसे कोलंबिया, पर भी प्रशासन ने फंड रोकने जैसी कार्रवाई की है। कैलिफोर्निया विवि के अध्यक्ष जेम्स बी. मिलिकेन ने कहा है कि यूसीएलए पर लगाया गया इतना बड़ा जुर्माना पूरे कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय सिस्टम को आर्थिक रूप से झकझोर देगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय प्रशासन फिलहाल ट्रम्प प्रशासन के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन वह वर्तमान मुकदमे में शामिल नहीं है। प्रशासन ने यूसीएलए के सामने कुछ सख्त शर्तें रखी हैं, जिनमें लैंगिक पहचान पर प्रशासन के विचारों के अनुसार नीति बदलना, विदेशी छात्रों को एडमिशन देने से पहले यह सुनिश्चित करना कि वे अमेरिका-विरोधी, पश्चिम-विरा. धी या यहूदी-विरोधी गतिविधियों में शामिल न हों।

# फिल्म फौजी दो भागों में बनाई जाएगी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार प्रभास की फिल्म फौजी दो-भागों में बनेगी। फिल्म फौजी प्रभास की सबसे बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्मों में से एक है, जिसमें वह 'सीता रामम' के निर्देशक हनु राघवपुडी के साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही यह चर्चा में है, क्योंकि इसमें दर्शकों को प्रभास को आज़ाद हिंद फोर्स के एक सैनिक के रूप में देखने का अवसर मिलेगा। फिल्म ऐतिहासिक घटनाओं का काल्पनिक पुनर्कथन है। भारत की सबसे बड़ी प्रोडक्शन हाउस में से एक, मैत्री मूवी मेकर्स ने आध्किारिक तौर पर अपनी अगली मैग्नम ओपस फौजी की घोषणा की है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म सुपरस्टार प्रभास और सीता रामम के निर्देशक हनु राघवपुडी को एक साथ लेकर आ रही है। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का दमदार टाइटल पोस्टर जारी किया, जिसमें प्रभास को एक उग्र और प्रभावशाली लुक में दिखाया गया है, जो इंटरनेट पर तुरंत वायरल हो गया। दिलचस्प बात यह है कि फौजी की दुनिया बहुत विशाल है, और स्वयं निर्देशक हनु राघवपुडी ने पुष्टि की है कि फिल्म दो भागों में रिलीज़ होगी। निर्देशक हनु राघवपुडी ने कहा, हम इस मूवी में प्रभास की एक दुनिया को दिखा रहे हैं और दूसरा इंस्टॉलमेंट एक अलग आयाम की खोज करेगा। हमारे औपनिवेशिक अतीत में इतना व्यापक कंटेंट है,ऐसी कहानियां जो दुखद रूप से समाप्त हुईं, पर किसी और वास्तविकता में परी-कथा जैसी हो सकती थीं।

# पारुल गुलाटी हनी सिंह के साथ फिर से करेंगी काम



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पारुल गुलाटी ने कपिल शर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 के लिए यो यो हनी सिंह के साथ दस साल बाद फिर से काम करने पर बात की है। पारुल गुलाटी और संगीत स्टार यो यो हनी सिंह दस साल बाद एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। दोनों ने आखिरी बार 2016 की पंजाबी एक्शन फ्ल्मि ज़ोरावर में साथ काम किया था, जो हनी सिंह की पहली फ्ल्मि भी थी। इस बार ए जोड़ी किस किस को प्यार करूं 2 के लिए एक जोशीले प्रमोशनल गाने की शूटिंग कर रही है। इस आने वाली कॉमेडी फ्ल्मि में कपिल शर्मा और पारुल गुलाटी मुख्य भूमिका में नज़र आएंगे। हनी सिंह के साथ दोबारा काम करने को लेकर पारुल ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, इतने साल बाद जब मैं हनी से मिली, तो लगा जैसे समय वहीं रुक गया हो। हम दोनों तुरंत ज़ोरावर के दिनों में लौट गए - रिहर्सल, हंसी-मज़ाक, सेट की वो मस्ती। उसके साथ दस साल बाद दोबारा काम करना एक तरफ़ पुरानी यादों जैसा था और दूसरी तरफ़ बहुत नया-नया भी लगा। उनमें आज भी वही ऊर्जा, वही जोश है, और साथ ही एक कलाकार के तौर पर वो और भी निखर गए हैं। इस गाने की शूटिंग ने कई यादें ताज़ा कर दीं, और इससे बेहतर री-यूनियन मैं चाह नहीं सकती थी। सच में ऐसा लगा जैसे एक पूरा चक्र पूरा हो गया। किस किस को प्यार करूं 2 में कपिल शर्मा की पसंदीदा कॉमेडी स्टाइल और पारुल गुलाटी का सहज अंदाज़ देखने को मिलेगा। वहीं पारुल और हनी सिंह की यह जोड़ी फिर से साथ आते ही प्रशंसकों में उत्साह बढ़ गया है। यह सिर्फ़ एक संगीत सहयोग नहीं, बल्कि दोनों कलाकारों की दस साल की यात्रा का जश्न भी है, जो अब एक नई शुरुआत को जन्म दे रहा है।

# पहली बार मस्जिद जाने के लिए उत्साहित हुई सोनाक्षी

## पति जहीर ने कहा- कोई धर्म परिवर्तन के लिए नहीं जा रहा है



**मुंबई।** एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। दोनों इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर कई रील्स और व्लाग्स शेयर करते रहते हैं। हाल ही में दोनों का अबू धाबी का नया व्लाग सामने आया है। व्लाग की शुरुआत में सोनाक्षी बताती हैं कि वह एक्टिंग और बिजनेस के साथ अपनी डेली लाइफ भी शेयर करती हैं।

उन्होंने कहा, आज हम अबू धाबी में हैं और यह ट्रिप थोड़ी अलग रहने वाली है। अबू धाबी टूरिज्म ने हमें शहर घूमने के लिए इनवाइट किया है और उन्होंने हमारे लिए सब तैयार किया है। वीडियो में आगे सोनाक्षी बताती हैं कि वे अबू धाबी की मशहूर शेख जायद ग्रैंड मस्जिद देखने जा रहे हैं। यह पहली बार है जब मैं किसी मस्जिद के अंदर जा रही हूं। मैं इससे पहले कभी नहीं गई। मैं चर्च गई हूं, मंदिर गई हूं, लेकिन मैं कभी मस्जिद नहीं गई, इसलिए मैं इसे देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। शेख जायद ग्रैंड मस्जिद अरब अमीरात की सबसे बड़ी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मस्जिद है।

इस पर जहीर कहते हैं, क्लेरीफाई कर दूं, कोई सोनाक्षी कंवर्ट होने नहीं जा रहा है। हम सिर्फ मस्जिद देखने जा रहे हैं। वह बहुत खूबसूरत है और जैसे हम चर्च और मंदिर देखने जाते हैं, वैसे ही हम मस्जिद देखने जा रहे हैं। इसके बाद सोनाक्षी कहती हैं, स्पेशल मैरिज एक्ट, जिंदाबाद। बता दें कि सोनाक्षी और जहीर की शादी 23 जून 2024 को मुंबई में हुई थी। दोनों की पहली मुलाकात 2017 में सलमान खान के घर पर हुई थी। दोस्ती के बाद दोनों करीब आए। अलग धर्म से होने की वजह से उन्होंने शादी का रजिस्ट्रेशन स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के तहत कराया था। शादी सोनाक्षी के बांद्रा स्थित घर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई थी।



# सलमान ने धर्मेंद्र की सेहत की दुआ मांगी

**मुंबई।** दो दिनों तक हॉस्पिटल में रहने के बाद धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। अब उनका घर में ही इलाज जारी है। उन्हें डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। फैंस के साथ-साथ बॉलीवुड इंडस्ट्री के लोग धर्मेंद्र के जल्दी पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। एक्टर सलमान खान ने भी धर्मेंद्र के जल्दी ठीक होने की दुआ की। दबंग टूर के दौरान कतर में जब सलमान से पूछा गया कि उनकी फिटनेस इंस्पिरेशन कौन हैं, इस पर सलमान ने कहा कि मेरे आने से पहले सिर्फ एक ही आदमी थे, वो हैं धरम जी। उन्होंने आगे यह भी कहा कि वो मेरे लिए पिता जैसे हैं, बस बात खत्म। मैं उन्हें बहुत प्यार करता हूं और बस यही चाहता हूं कि वो जल्दी ठीक होकर वापस आ जाएं। सलमान के दबंग टूर में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस और तमन्ना भाटिया भी शामिल हैं। इसी बीच मुंबई पुलिस ने ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के एक स्टाफ को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप लगा कि उसने धर्मेंद्र के साथ मौजूद देओल परिवार का एक प्राइवेट वीडियो रिकॉर्ड कर लीक किया। परिवार उस समय भावुक था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया।

# कामिनी कौशल का हुआ अंतिम संस्कार

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कामिनी कौशल का 98 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को निधन हो गया। शनिवार को परिवार की मौजूदगी में उनके अंतिम संस्कार की रस्में शुरू हुईं। फिर उनका अंतिम संस्कार हुआ। बता दें कि कामिनी कौशल हिंदी सिनेमा की सबसे उम्रदराज एक्ट्रेस थीं। आखिरी बार वो आमिर खान और करीना कपूर स्टारर फिल्म लाल सिंह च्ढा में नजर आई थीं। इसके अलावा वो साल 2023 में शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म कबीर सिंह में शाहिद की दादी का किरदार निभा चुकी हैं। कामिनी कौशल 40 के दशक की सबसे कामयाब एक्ट्रेसेस में शामिल थीं। बाक्स आफिस इंडिया की टाप एक्ट्रेस लिस्ट में 1947 और 1948 में वो टाप एक्ट्रेस रही हैं। उन्हें साल 2022 में आउटलुक इंडिया की 75 बेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेसेस में शामिल किया गया था। 16 जनवरी1927 को कामिनी कौशल का जन्म लाहौर में हुआ था। उनके पिता प्रो। शिव राम कश्यप पंजाब विश्वविद्यालय, लाहौर में प्रोफेसर थे। उन्हें भारत में काई विज्ञान द्धब्रायोलाजीत्रः का जनक भी कहा जाता है। उन्होंने पौधों की छह नई प्रजातियों की खोज की थी। कामिनी दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी थीं। सात साल की उम्र में कामिनी के पिता का निधन हो गया था। कम उम्र में ही कामिनी कौशल ने आकाशवाणी के लिए प्रोग्राम करना शुरू कर दिया था, जिसके लिए उन्हें हर महीने 10 रूपए तनख्वाह मिलती थी। इसी के साथ कामिनी ने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में बी।ए। द्धआनर्सत्रः किया। इसी दौरान 1946 में चेतन आनंद ने उन्हें अपनी फिल्म नीचा नगर में काम करने का आफर दिया।



# शाहरुख खान के नाम पर दुबई में बनेगी बिल्डिंग

## बॉलीवुड एक्टर इवेंट में मां को याद कर हुए इमोशनल, कहा- मां जिंदा होती, तो बहुत खुश होती

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की लोकप्रियता दुनिया भर में है। अब दुबई में उनके नाम पर एक बिल्डिंग बनाई जा रही है। मुंबई में एक इवेंट में शाहरुख के नाम पर बन रही बिल्डिंग की घोषणा हुई है। यह 56 मंजिला बिल्डिंग करीब 4।5 लाख वर्ग फीट में बनने वाली प्रीमियम आफिस स्पेस प्रापर्टी होगी। वहीं, इवेंट के दौरान मां को याद कर शाहरुख इमोशनल हो गए।

एक्टर ने कहा, मेरी मां आज जिंदा होती तो बहुत खुश होती। यह मेरे लिए बड़ा सम्मान है। जब मेरे बच्चे आएंगे, तो मैं उन्हें बताऊंगा कि पापा का नाम लिखा है, यह पापा की बिल्डिंग है।ष इवेंट में एंटरटेनमेंट की भी कमी नहीं रही। शाहरुख ने अपने अंदाज में मेहमानों को एंटरटेन किया। उन्होंने अपनी फिल्म ओम शांति ओम और डान के आइकोनिक मोमेंट्स भी किए।

इवेंट में फराह खान भी मौजूद थीं। शाहरुख ने इवेंट में मजाक करते हुए कहा कि वह अब ईद का चांद बन गए हैं। कम दिखता हूं, लेकिन जब दिखता हूं तो अच्छा लगता है। उन्होंने आगे कहा कि मैं खुद को इतना जरूरी नहीं मानता कि फिल्मों के अलावा मेरे नाम पर कुछ हो। फिल्में मेरे प्रोफेशन और पूजा का हिस्सा हैं। बता दें कि शाहरुख के नाम पर बन रही बिल्डिंग में हेलीपैड और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं होंगी।

इस प्रोजेक्ट के तीन से चार साल में तैयार होने की उम्मीद है। इसके एंट्रेंस पर शाहरुख का एक स्टैच्यू भी लगाया जाएगा, जहां लोग फोटो ले सकेंगे। बता दें कि शाहरुख जल्द सिद्धार्थ आनंद की फिल्म किंग में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण, सुहाना खान, रानी मुखर्जी, अभय वर्मा और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108